

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853



दैनिक **समाज जागरण**

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 4 अंक: 199 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) बुधवार 29 अप्रैल 2026 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया


## भारत-आर्मेनिया के बीच रक्षा सहयोग बढ़ाने पर मंथन, वायु शक्ति पर विशेष फोकस

### एयर चीफ मार्शल एपी सिंह और आर्मेनियाई सैन्य प्रमुख की बैठक, संयुक्त परियोजनाओं पर भी चर्चा

**समाज जागरण**

एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने मंगलवार को नई दिल्ली में लेफ्टिनेंट जनरल एडवर्ड अस्त्रयान से मुलाकात कर भारत और आर्मेनिया के बीच रक्षा सहयोग को और मजबूत करने पर चर्चा की। इस दौरान दोनों पक्षों ने ऑपरेशनल तालमेल बढ़ाने, संयुक्त कार्यप्रणाली विकसित



करने और वायु शक्ति से जुड़े संबंधों को सुदृढ़ करने पर जोर दिया।
भारतीय वायु सेना के मीडिया समन्वय केंद्र के अनुसार, भारत के आधिकारिक दौरे पर आए आर्मेनियाई सैन्य प्रमुख के साथ हुई इस बैठक में रक्षा सहयोग को नई दिशा देने पर विचार-विमर्श किया गया। इससे पहले आर्मेनिया के जनरल स्टाफ प्रमुख ने जनरल अनिल चौहान से भी मुलाकात की। इस दौरान दोनों देशों के बीच रक्षा उपकरणों के विकास में संयुक्त परियोजनाओं (जॉइंट वेंचर) की संभावनाओं पर चर्चा हुई। उन्हें औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया।

इंटीग्रेटेड डिफेंस स्टाफ के अनुसार, बैठक में भारत-आर्मेनिया रक्षा संबंधों की प्रगति की समीक्षा की गई और भविष्य में सहयोग बढ़ाने के उपायों पर सहमति बनी।

# पेट्रोल-डीजल की कीमतों पर सियासी घमासान, राहुल गांधी के दावे पर सरकार का खंडन

### चुनाव बाद कीमतें बढ़ने के दावे को सरकार ने बताया अफवाह, पैनिक बाइंग से बचने की अपील

**समाज जागरण**

देश में पेट्रोल-डीजल की कीमतों को लेकर एक बार फिर राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव अंतिम चरण में पहुंचते ही ईंधन की कीमतों को लेकर चचाएं तेज हो गई हैं। इस बीच कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोशल मीडिया के माध्यम से दावा किया कि चुनाव समाप्त होते ही पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ सकते हैं, जिससे आम जनता पर महंगाई का अतिरिक्त बोझ पड़ेगा।

राहुल गांधी ने अपने बयान में तंज कसते हुए कहा कि चुनावी राहत खत्म होने वाली है और जनता को महंगाई के लिए तैयार रहना चाहिए। उनका इशारा विशेष रूप से पश्चिम बंगाल में 29 अप्रैल को होने वाले अंतिम चरण के मतदान की ओर था। उन्होंने आरोप लगाया कि जब अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें कम थीं, तब सरकार ने उसका लाभ उपभोक्ताओं तक नहीं पहुंचाया, बल्कि राजस्व बढ़ाया। अब जब वैश्विक बाजार में कीमतें बढ़ रही हैं, तो इसका सीधा असर जनता पर पड़ सकता है।

हालांकि, सरकार ने इन दावों को सिरे से खारिज कर दिया है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय की ओर से स्पष्ट किया गया है कि फिलहाल पेट्रोल और डीजल की कीमतों में वृद्धि का कोई प्रस्ताव नहीं है। मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने प्रेस वार्ता में कहा कि कीमतों को लेकर फैलाई जा रही खबरें केवल अफवाह हैं और लोगों को इन पर ध्यान नहीं देना चाहिए।

सरकार ने यह भी बताया कि कुछ राज्यों, विशेषकर आंध्र प्रदेश में




पेट्रोल-डीजल को लेकर पैनिक बाइंग देखने को मिली है। लोग इस आशंका में अधिक मात्रा में ईंधन खरीद रहे हैं कि अगले दिन कीमतें बढ़ सकती हैं। इससे पेट्रोल पंपों पर अनावश्यक भीड़ बढ़ रही है और सप्लाई चेन पर दबाव पड़ रहा है।

अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि देशभर में ईंधन की पर्याप्त उपलब्धता है और किसी भी प्रकार की कमी नहीं है। सभी रिटेल आउटलेट्स पर निगरानी रखी जा रही है ताकि आपूर्ति सुचारू बनी रहे। सरकार ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और जरूरत के अनुसार ही ईंधन खरीदें।

विशेषज्ञों का मानना है कि पेट्रोल-डीजल की कीमतें अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम, डॉलर के मुकाबले रुपये की स्थिति और कर संरचना जैसे कई कारकों पर निर्भर करती हैं। ऐसे में कीमतों में बदलाव एक जटिल प्रक्रिया है, जिसे केवल चुनावी संदर्भ में नहीं देखा जा सकता।

कुल मिलाकर, जहां एक ओर विपक्ष सरकार पर महंगाई को लेकर निशाना साध रहा है, वहीं सरकार ने स्पष्ट किया है कि फिलहाल कीमतें बढ़ाने की कोई योजना नहीं है। ऐसे में आम जनता के लिए जरूरी है कि वे आधिकारिक जानकारी पर ही भरोसा करें और किसी भी तरह की अफवाह से बचें।

# नारी वंदन महिला सम्मेलन में पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी, विपक्ष पर साधा निशाना

### महिला आरक्षण पर सपा-कांग्रेस समेत अन्य दलों पर लगाए आरोप, 6350 करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

वाराणसीः नरेंद्र मोदी मंगलवार को काशी पहुंचे, जहां उन्होंने नारी वंदन महिला सम्मेलन में भाग लिया और बड़ी संख्या में मौजूद महिलाओं को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने विपक्षी दलों पर तीखा हमला बोलते हुए उन्हें परिवारवादी राजनीति से प्रेरित बताया। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 40 वर्षों से महिला आरक्षण का मुद्दा लंबित था, लेकिन उनकी सरकार ने वर्ष 2023 में नारी शक्ति से संबंधित विधेयक पारित किया। उन्होंने आरोप लगाया कि समाजवादी पार्टी, कांग्रेस पार्टी, तृणमूल कांग्रेस और द्रविड़ मुनेत्र कड़गम जैसी पार्टियों ने महिलाओं को उनका अधिकार देने में बाधा डाली।



उन्होंने कहा कि ये दल तुष्टिकरण और परिवारवाद में डूबे हुए हैं और नारी शक्ति से भयभीत हैं। प्रधानमंत्री ने महिलाओं को भरोसा दिलाया कि उनके आरक्षण के अधिकार को लागू कराने के लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

सम्मेलन में लगभग 50 हजार महिलाओं की उपस्थिति रही। कार्यक्रम बनारस लोकोमोटिव वर्क्स ग्राउंड में आयोजित हुआ, जहां प्रधानमंत्री खुली जीप में पहुंचकर लोगों का अभिवादन करते हुए मंच तक पहुंचे। मंच पर राजनीति, स्वयं सहायता समूह और चिकित्सा क्षेत्र से जुड़ी 44 महिलाओं को स्थान दिया गया।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने करीब 6,350 करोड़ रुपये की 163 परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। इनमें सिग्नेचर ब्रिज और कबीरचौरा मंडलीय अस्पताल में सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल जैसी महत्वपूर्ण परियोजनाएं शामिल हैं। प्रधानमंत्री ने दो नई ट्रेनों को भी हरी झंडी दिखाई–एक वाराणसी से पुणे और दूसरी अयोध्या से मुंबई के बीच संचालित होगी।

यह प्रधानमंत्री का पिछले 11 वर्षों में 54वां काशी दौरा है, जबकि वर्ष 2026 का यह पहला दौरा रहा। इससे पूर्व वे नवंबर 2025 में वाराणसी आए थे।

कार्यक्रम में योगी आदित्यनाथ ने भी महिला आरक्षण के मुद्दे पर विपक्ष की आलोचना करते हुए कहा कि संसद और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने में बाधा डालने का प्रयास किया गया।

वहीं भाजपा नेता नितिन नवीन ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा लिए गए संकल्प हमेशा पूरे हुए हैं और सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

प्रधानमंत्री अपने दो दिवसीय दौरे के तहत बुधवार को हरदोई जाएंगे, जहां वे गंगा एक्सप्रेस-वे का उद्घाटन करेंगे, जो मेरठ को प्रयागराज से जोड़ने वाला 594 किलोमीटर लंबा मार्ग है।

# एससीओ बैठक में राजनाथ सिंह का सख्त संदेश–आतंकवाद के गढ़ अब नहीं बचेंगे

### बिश्केक में रक्षा मंत्रियों की बैठक में भारत ने उठाई आतंकवाद के खिलाफ एकजुट कार्रवाई की मांग

**समाज जागरण**

नई दिल्ली/बिश्केकः राजनाथ सिंह ने किर्गिस्तान की राजधानी बिश्केक में आयोजित शंघाई सहयोग संगठन के रक्षा मंत्रियों की बैठक में आतंकवाद के खिलाफ कड़ा रुख अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि "ऑपरेशन सिंदूर" ने यह स्पष्ट कर दिया है कि आतंकवाद के गढ़ अब न्यायोचित दंड से बच नहीं पाएंगे।



#### आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता पर जोर

रक्षा मंत्री ने सदस्य देशों से अपील की कि आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद से निपटने के लिए सामूहिक रूप से कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि आतंकियों को शरण देने वाले सुरक्षित ठिकानों को समाप्त करना और किसी भी प्रकार के राजनीतिक अपवाद को खत्म करना जरूरी है।

#### 'आतंकवाद की कोई राष्ट्रीयता नहीं'

राजनाथ सिंह ने स्पष्ट कहा कि आतंकवाद की कोई राष्ट्रीयता या विचारधारा नहीं होती। इसके खिलाफ वैश्विक स्तर पर एकजुट और दृढ़ रुख अपनाना समय की मांग है। उन्होंने यह भी कहा कि एससीओ को आतंकवादियों को उकसाने, आश्रय देने और सुरक्षित ठिकाने उपलब्ध कराने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने में हिचकिचाना नहीं चाहिए।

#### वैश्विक शांति में एससीओ की भूमिका अहम

रक्षा मंत्री ने कहा कि क्षेत्रीय और वैश्विक शांति एवं स्थिरता सुनिश्चित करना एससीओ की प्रमुख जिम्मेदारी है। उन्होंने संवाद और कूटनीति को प्राथमिकता देने तथा बल प्रयोग से बचने पर जोर दिया।

#### नई विश्व व्यवस्था की जरूरत

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में सह-अस्तित्व, सहजीवन और करुणा को संघर्ष और प्रतिस्पर्धा से ऊपर रखना होगा। एक ऐसी विश्व व्यवस्था की आवश्यकता है, जहां हर व्यक्ति के साथ सम्मानजनक व्यवहार हो और मतभेद विवाद में न बदलें।

#### भारत की प्रतिबद्धता दोहराई

रक्षा मंत्री ने एससीओ के उद्देश्यों के प्रति भारत की प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि पारस्परिक सम्मान, समानता और सहयोग के आधार पर यह संगठन वैश्विक शांति और स्थिरता का मजबूत स्तंभ बन सकता है।

# होर्मुज जलडमरूमध्य खुलने के संकेत, ट्रंप के दावे से बढ़ी उम्मीदें

### ईरान ने जताई रास्ता खोलने की इच्छा, समुद्री माइन्स के बीच 'सुरक्षित मार्ग' बनाने पर जोर

**समाज जागरण**

तेहरान/वॉशिंगटनः डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि ईरान ने खुद होर्मुज जलडमरूमध्य को जल्द खोलने की इच्छा जताई है। उनके अनुसार ईरान आंतरिक और आर्थिक दबावों के कारण बातचीत की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

ट्रंप ने सोशल मीडिया पर कहा कि ईरान "ढहने की कगार" पर है और उसकी आर्थिक स्थिति कमजोर हो रही है। उन्होंने संकेत दिया कि अब ईरान पहले की तुलना में बातचीत के लिए अधिक तैयार है और जलमार्ग खोलने को लेकर पहल कर रहा है।

#### समुद्री माइन्स पर आई राहत भरी खबर

इस बीच क्रिस राइट ने सकारात्मक संकेत देते हुए कहा कि जहाजों की आवाजाही शुरू करने के लिए पूरे समुद्र से सभी



बारूदी सुरंगों को हटाना जरूरी नहीं है। उन्होंने कहा कि एक सुरक्षित मार्ग (पाथवे) बनाकर भी शिपिंग शुरू की जा सकती है, जिससे प्रक्रिया तेज हो सकती है।

विशेषज्ञों का मानना था कि सभी माइन्स हटाने में कई महीने लग सकते हैं, लेकिन इस नई रणनीति से कुछ ही हफ्तों में आवाजाही बहाल होने की उम्मीद जताई जा रही है।

#### वैश्विक अर्थव्यवस्था पर असर

होर्मुज जलडमरूमध्य दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण तेल मार्गों में से एक है, जहां से लगभग 20 प्रतिशत वैश्विक तेल आपूर्ति गुजरती है। इसके बंद होने से एशिया, यूरोप और अमेरिका में पेट्रोल-डीजल और गैस की कीमतों में भारी उछाल देखा गया है।

आपूर्ति बाधित होने के कारण कई देशों में महंगाई बढ़ी है और ऊर्जा संकट गहराया है। ऐसे में इस मार्ग के खुलने की खबर वैश्विक बाजार के लिए राहत भरी मानी जा रही है।

#### अमेरिका की रणनीति और 'पीस पाइपलाइन' योजना

क्रिस राइट ने यह भी संकेत दिया कि अमेरिका जल्द ही तेल और गैस आपूर्ति बढ़ाने के लिए नए पाइपलाइन समझौते कर सकता है। इस पहल को 'पीस पाइपलाइन एजेंडा' के रूप में देखा जा रहा है, जिसका उद्देश्य यूरोप को ऊर्जा आपूर्ति बढ़ाकर रूस और ईरान जैसे देशों पर निर्भरता कम करना है।

विशेषज्ञों के अनुसार, यदि होर्मुज जलडमरूमध्य जल्द खुलता है तो वैश्विक बाजार में स्थिरता लौट सकती है और ईंधन कीमतों में भी राहत मिल सकती है। हालांकि, स्थिति अभी पूरी तरह स्पष्ट नहीं है और अंतिम निर्णय कूटनीतिक वाताओं पर निर्भर करेगा।

# इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट क्या है, जिस पर भड़के नेतन्याहू?

**समाज जागरण**

नई दिल्ली/ द हेगः इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू इन दिनों इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट (आईसीसी) को लेकर कड़े तेवर में हैं। उन्होंने इस अंतरराष्ट्रीय अदालत को "भ्रष्ट" और "नैतिक रूप से दिवालिया" बताते हुए इसे बंद करने की मांग की है। यह विवाद तब तेज हुआ जब नवंबर 2024 में आईसीसी ने गाजा संघर्ष के संदर्भ में उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया।

#### क्या है ICC?

इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट दुनिया की एक स्थायी अंतरराष्ट्रीय अदालत है, जिसकी स्थापना 2002 में 'रोम संविधि' के तहत हुई थी। इसका मुख्यालय द हेग में स्थित है। यह अदालत युद्ध अपराध, नरसंहार, मानवता के खिलाफ अपराध और आक्रामकता जैसे गंभीर मामलों में व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई करती है।



#### कितनी है इसकी ताकत?

आईसीसी के पास अपनी कोई पुलिस या सेना नहीं है। यह अपने आदेश लागू कराने के लिए सदस्य देशों पर निर्भर रहती है। यानी यदि अदालत किसी के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी करती है, तो उसे गिरफ्तार करने की जिम्मेदारी उस देश की होती है जहां वह व्यक्ति मौजूद हो– बशर्ते वह देश ICC का सदस्य हो।

#### कितनी मान्यता है?

दुनिया के 120 से अधिक देश ICC को मान्यता देते हैं। हालांकि अमेरिका, रूस, चीन और इजरायल जैसे बड़े देश इसके सदस्य नहीं हैं, जिससे इसकी प्रभावशीलता पर सवाल उठते रहते हैं।

#### नेतन्याहू क्यों नाराज?

गिरफ्तारी वारंट के बाद नेतन्याहू की अंतरराष्ट्रीय यात्राएं प्रभावित हो सकती हैं। उदाहरण के तौर पर, हंगरी में विपक्षी नेताओं ने कहा था कि अगर वह वहां आते हैं, तो उन्हें गिरफ्तार किया जा सकता है। यही कारण है कि इजरायल ICC की वैधता पर सवाल उठा रहा है।

# राहुल गांधी की नागरिकता का जिन्न फिर बाहर, सात मई को लखनऊ में सुनवाई

लखनऊ की सियासी गलियों में इन दिनों एक ऐसा विवाद गरमाता जा रहा है जो कांग्रेस के सबसे बड़े चेहरे, लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी की भारतीय नागरिकता को ही चुनौती दे रहा है। कर्नाटक के भाजपा कार्यकर्ता एस. विग्नेश शिशिर द्वारा दायर याचिका अब इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ पहुंच चुकी है, जहां न्यायमूर्ति मनीष माथुर ने सुनवाई संभाली है। अदालत ने याचिकाकर्ता को दस्तावेज दाखिल करने का समय देते हुए अगली सुनवाई सात मई तय कर दी है। इससे पहले जस्टिस सुभाष विद्यार्थी इस केस से खुद को अलग कर चुके थे। यह मामला न सिर्फ राहुल गांधी की राजनीतिक छवि पर सवाल खड़े कर रहा है, बल्कि भारतीय नागरिकता कानून की पड़ताल भी करा रहा है। भाजपा समर्थक शिशिर का दावा है कि राहुल गांधी ने ब्रिटिश नागरिकता ले रखी है, जो भारतीय संविधान के अनुच्छेद 84 के तहत लोकसभा सदस्य बनने की अयोग्यता का आधार बन सकती है। यदि अदालत ने इस दिशा में कोई सख्त कदम उठाया, तो राहुल की मुश्किलें न सिर्फ कानूनी तौर पर बढ़ेंगी, बल्कि राजनीतिक रूप से भी विपक्ष की एकजुटता पर असर डालेंगी। आइए, इस पूरे विवाद की गहराई में उतरें और समझें कि सात मई की सुनवाई राहुल के लिए कैसे उलटफेर ला सकती है।

यह विवाद की शुरूआत लखनऊ की एक निचली अदालत से हुई, जहां शिशिर ने राहुल गांधी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की। उनका आरोप था कि राहुल ने 2004-2005 में ब्रिटेन में कंपनी रजिस्ट्रेशन के दौरान खुद को ब्रिटिश नागरिक बताया था। दस्तावेजों के हवाले से शिशिर ने कहा कि राहुल ने बैकॉप एंटरप्राइजेज (प्रीमियर शिपिंग) कंपनी में डायरेक्टर के रूप में हस्ताक्षर किए, जिसमें नागरिकता ब्रिटिश दर्ज थी। भारतीय नागरिकता अधिनियम 1955 की धारा 9 के मुताबिक, यदि कोई भारतीय नागरिक विदेशी नागरिकता ग्रहण करता है, तो उसकी भारतीय नागरिकता स्वतः समाप्त हो जाती है। याचिकाकर्ता का तर्क था कि यह दोहरी नागरिकता का स्पष्ट मामला है, जो सुप्रीम कोर्ट के 2019 के फैसले से भी प्रतिबंधित है। निचली अदालत ने इस याचिका को खारिज कर दिया, लेकिन शिशिर हाईकोर्ट पहुंचे।

17 अप्रैल को जस्टिस सुभाष विद्यार्थी की एकलपीठ ने खुली अदालत में मौखिक आदेश दिया कि उत्तर प्रदेश सरकार राहुल के खिलाफ एफआईआर दर्ज करे और जांच कराए। यह राहुल के लिए बड़ा झटका था, क्योंकि इससे न सिर्फ उनकी नागरिकता पर सवाल उठते, बल्कि लोकसभा सदस्यता पर भी खतरा मंडराने लगता। लेकिन अगले ही दिन, 18 अप्रैल को लिखित आदेश में जज ने अपना फैसला बदल दिया। उन्होंने कहा कि राहुल को नोटिस जारी किए बिना फैसला उचित नहीं। इस यू-टर्न ने शिशिर को भड़का दिया। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट डाले, हालांकि जज का नाम नहीं लिया, लेकिन केस से जुड़े मुद्दों पर तीखी टिप्पणियां कीं। इससे नाराज जस्टिस विद्यार्थी ने 20 अप्रैल को खुद को केस से अलग कर लिया। अब जस्टिस मनीष माथुर ने कमान संभाली है, और सात मई को नई सुनवाई होगी। शिशिर को दस्तावेज जमा करने का समय मिला है, जिसमें वे ब्रिटिश रजिस्ट्रेशन के प्रमाण, राहुल के पिता फीरोज गांधी के ब्रिटिश मूल और परिवार के ऐतिहासिक कनेक्शन के दस्तावेज पेश कर सकते हैं।

इस पूरे ड्रामे का राजनीतिक आयाम बेहद रोचक है। भाजपा इसे कांग्रेस के परिवारवाद और विदेशी मूल के पुराने नैरेटिव को फिर से हवा देने का मौका मान रही है। 2019 लोकसभा चुनाव से पहले भी यही मुद्दा गरमाया था, जब पीएम मोदी ने राहुल कौन हैं का सवाल उठाया था। अब 2024 चुनाव के बाद, जब राहुल नेता विपक्ष बने हैं, यह मुद्दा भाजपा के लिए रणनीतिक हथियार बन सकता है। कर्नाटक से शिशिर का भाजपा से जुड़ाव कोई संयोग नहीं लगता; यह पार्टी की राष्ट्रीय रणनीति का हिस्सा हो सकता है। दूसरी ओर, कांग्रेस इसे राजनीतिक साजिश बता रही है। पार्टी प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनाते ने कहा कि यह भाजपा का ट्रोल आर्मी का कमाल है, और राहुल की नागरिकता पर कोई सवाल नहीं। लेकिन अदालत अगर शिशिर के दावों को गंभीरता से लेती है, तो जांच के आदेश पर राहुल को सफाई देनी पड़ सकती है। इससे उनकी छवि पर धब्बा लगेगा, खासकर युवा वोटरों और मध्यम वर्ग में जो पारदर्शिता की उम्मीद करते हैं।

अब सवाल यह है कि सात मई की सुनवाई में राहुल की मुश्किलें कैसे बढ़ सकती हैं? सबसे पहले, यदि जस्टिस मनीष माथुर दस्तावेजों की प्रारंभिक जांच के बाद एफआईआर का आदेश देते हैं, तो उत्तर प्रदेश पुलिस को केस दर्ज करना पड़ेगा। इसमें आईपीसी की धारा 420 (धोखाधड़ी), 468 (जालसाजी) और नागरिकता कानून के उल्लंघन के आरोप लग सकते हैं। जांच में ब्रिटिश दूतावास या कंपनियों रजिस्ट्रार से दस्तावेज मंगाए जा सकते हैं, जो समय लेगा लेकिन राहुल को कोर्ट में पेशी देनी पड़ सकती है। दूसरा, यदि कोर्ट राहुल को नोटिस जारी करता है, तो उन्हें हलफनामा देकर नागरिकता साबित करनी होगी। उनके ब्रिटिश पासपोर्ट या कंपनी दस्तावेज नकारना मुश्किल होगा, क्योंकि यूके के रिकॉर्ड सार्वजनिक हैं। तीसरा, शिशिर ने एक और याचिका दायर की है, जिसकी सुनवाई अगले सप्ताह हो सकती है। यदि दोनों याचिकाएं जुड़ जाती हैं, तो मामला और जटिल हो जाएगा। सुप्रीम कोर्ट तक जाने पर यह राष्ट्रीय बहस बन सकता है।

इसके कानूनी निहितार्थ गहरे हैं। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 102(1)(क) के तहत, यदि कोई सांसद विदेशी नागरिकता रखता पकड़ा जाता है, तो उसकी सदस्यता समाप्त हो सकती है। 2013 में सुप्रीम कोर्ट ने लुधियाना केस में कहा था कि दोहरी नागरिकता अमान्य है। राहुल का मामला इससे मिलता-जुलता है। यदि साबित हो गया, तो उपचुनाव होगा, और कांग्रेस की लोकसभा सीटें घटेंगी। राजनीतिक रूप से, यह 2029 चुनाव से पहले विपक्ष को कमजोर करेगा। राहुल की भारत जोड़ो यात्रा की मेहनत पर पानी फिर सकता है। लेकिन राहुल के पास मजबूत बचाव है. वे कह सकते हैं कि कंपनी रजिस्ट्रेशन में गलती हुई या यह पुराना मामला है। कांग्रेस ने पहले भी दावा किया कि राहुल जन्मजात भारतीय हैं।

विवाद का व्यापक विश्लेषण करें तो यह भारतीय राजनीति की पुरानी बीमारी को उजागर करता है। नेहरू-गांधी का ठप्पा 1980 से लगा है। इंदिरा गांधी के पति फीरोज के पारसी-ब्रिटिश मूल से लेकर सोनिया गांधी की इतालवी पृष्ठभूमि तक, भाजपा ने इसे हथियार बनाया। अब राहुल पर फोकस है। शिशिर जैसे कार्यकर्ता सोशल मीडिया के जरिए इसे वायरल कर रहे हैं, जो #राहुलब्रिटिशसिटीजन जैसे ट्रेंड बना सकता है। लेकिन न्यायपालिका पर दबाव न डालें, यही लोकतंत्र की ताकत है। जस्टिस मनीष माथुर का रुख अहम होगा। यदि वे सख्ती बरतते हैं, तो राहुल को निचली अदालत से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक लड़ना पड़ेगा। इससे संसद सत्र बाधित हो सकते हैं, और विपक्ष की आक्रामकता कमजोर पड़ सकती है।

एक अन्य कोण यह है कि यह मामला नागरिकता कानून पर बहस छेड़ सकता है। एनआरसी-सीएए विवाद के बाद, अब विपक्षी नेताओं पर ही सवाल उठना विडंबना है। शिशिर की याचिका यदि सफल हुई, तो अन्य नेताओं पर भी निशाना साधा जा सकता है। लेकिन फिलहाल, सात मई का इंतजार है। यदि कोर्ट ने जांच के आदेश दिए, तो राहुल की राजनीतिक यात्रा पर सबसे बड़ा संकट आएगाकृनागरिकता साबित न कर पाए तो लोकसभा से बाहर। कांग्रेस संगठन में हड़बड़ी मचेगी, और प्रियंका या अन्य चेहरे आगे आ सकते हैं। भाजपा इसे कर्म का फल बताएगी। कुल मिलाकर, यह विवाद न सिर्फ कानूनी जंग है, बल्कि सियासी चालबाजी का खेल भी। सुप्रीम कोर्ट के हस्तक्षेप तक यह चलता रहेगा, और राहुल की किस्मत पर असर डालेगा।

**संजय सक्सेना**

# गुजरात नगर निकाय और पंचायत चुनाव में फिर खिला कमल

गुजरात की राजनीतिक जमीन पर एक बार फिर भाजपा ने अपनी मजबूत पकड़ दिखा दी है। अगले साल विधानसभा चुनावों से ठीक पहले हुए नगर निकाय और पंचायत चुनावों में भाजपा ने जबरदस्त प्रदर्शन किया, जिससे विपक्षी दलों के चेहरों पर हताशा छा गई। इस बार कुल पंद्रह नगर निगमों, चौंऔंनवे नगर पालिकाओं, चौंतीस जिला पंचायतों और ढाई सौ साठ तालुका पंचायतों में मतदान हुआ। नवसारी, गांधीधाम, मोरबी और वापी समेत नौ नए नगर निगमों में भी पहली बार वोट पड़े, और इन सबमें भाजपा ने कमाल कर दिखाया। मतदान में करीब अठारह लाख मतदाताओं ने हिस्सा लिया, जो कुल मतदाताओं का पचपन प्रतिशत से ज्यादा है। बड़े शहरों में भाजपा को खासा समर्थन मिला, जिसने पार्टी को मनोवैज्ञानिक बढ़त दे दी। यह जीत न केवल स्थानीय मुद्दों पर केंद्रित रही, बल्कि विकास, बुनियादी सुविधाओं और शासन की दक्षता पर जनता के भरोसे को भी उजागर करती है। विपक्षी दल, खासकर कांग्रेस, को इन चुनावों में करारी शिकस्त मिली, जो उनकी कमजोर संगठन क्षमता और जनाधार खोने का संकेत देती है।

इस जीत ने गुजरात की जनता के मनोबल को ऊंचा कर दिया है। भाजपा कार्यकताओं में उत्साह की लहर दौड़ गई है, जबकि विपक्षी खेमे में सन्नाटा पसर गया। राज्य सरकार के विकास कार्यों, जैसे सड़कें, पानी की आपूर्ति, स्वच्छता अभियान और बिजली व्यवस्था पर जनता का विश्वास मजबूत हुआ है। बड़े शहरों में भाजपा ने न केवल सीटें हथियाईं, बल्कि पार्षदों की संख्या में भी भारी बढ़ोतरी की। छोटे नगरों और ग्रामीण इलाकों में भी यही कहानी दोहराई गई। यह चुनाव गुजरात मॉडल के पक्ष में एक बड़ा स्टांप लगाने जैसा साबित हुआ। जनता ने साफ संदेश दिया कि स्थानीय स्तर पर शासन की गुणवत्ता ही असली मुद्दा है। भाजपा ने जातिगत समीकरणों को तोड़ते हुए व्यापक समर्थन जुटाया, जो उसके संगठन की ताकत को दशार्ता है।

नगर निगम चुनावों में भाजपा ने अपनी ताकत का पूर्ण प्रदर्शन किया। पंद्रह नगर निगमों में से अधिकांश में भाजपा ने साफ बहुमत हासिल कर लिया। अहमदाबाद, सूरत, वडोदरा, राजकोट जैसे प्रमुख शहरों में भाजपा ने पार्षदों की भारी संख्या जीती। इन शहरों में विकास कार्यों का श्रेय लेकर भाजपा ने मतदाताओं का दिल जीत लिया। उदाहरण के लिए, अहमदाबाद नगर निगम में भाजपा ने कुल सीटों में से आधे से ज्यादा पर कब्जा जमाया। सूरत में भी यही हाल रहा, जहां व्यापारी वर्ग ने भाजपा को जमकर समर्थन दिया। नए नगर निगमों जैसे गांधीधाम और वापी में पहली बार चुनाव होने पर भाजपा ने सारी सीटें जीत लीं। यह नई जगहों पर भी पार्टी की पैठ बढ़ने का प्रमाण है।

कांग्रेस को इन चुनावों में बुरी तरह पछाड़ा गया। जहां भाजपा ने बड़े शहरों में मजबूत बढ़त बनाई, वहीं कांग्रेस को छोटे-मोटे लाभ ही मिले। सूरत और वडोदरा जैसे शहरों में कांग्रेस का खाता तक नहीं खुला। आम आदमी पार्टी ने भी कुछ जगहों पर कोशिश की, लेकिन नतीजे निराशाजनक रहे। जनता ने कांग्रेस को ठुकरा दिया क्योंकि पार्टी स्थानीय मुद्दों पर कमजोर रही। भाजपा ने स्वच्छता, सीवरेज व्यवस्था और सड़क निर्माण जैसे कार्यों पर जोर देकर मतदाताओं को आकर्षित किया। मतदान प्रतिशत पचपन से ऊपर रहने से साफ पता चलता है कि शहरी मतदाता सक्रिय थे और उन्होंने भाजपा के पक्ष में फैसला लिया। यह जीत भाजपा को अगले विधानसभा चुनावों में शहरी सीटों पर मजबूत स्थिति देगी। विपक्ष को अब आत्ममंथन करना होगा कि आखिर जनता ने उन्हें क्यों नकार दिया।

उधर, पंचायत चुनावों ने भाजपा की ग्रामीण पकड़ को और पुख्ता कर दिया। चौंतीस जिला पंचायतों और ढाई सौ साठ तालुका पंचायतों में भाजपा ने बहुमत हासिल किया। ग्रामीण इलाकों में पानी की व्यवस्था, बिजली पहुंच, स्कूलों का निर्माण और कृषि योजनाओं पर भाजपा के प्रयासों को जनता ने सराहा। जिला पंचायतों में भाजपा ने साठ प्रतिशत से ज्यादा सीटें जीतीं। तालुका स्तर पर भी यही ट्रेंड दिखा। छोटे गांवों से लेकर बड़े तहसील मुख्यालयों तक भाजपा का बोलबाला रहा। कांग्रेस को पंचायतों में भी करारी हार मिली। कई जगहों पर कांग्रेस उम्मीदवार जमानत जब्त कराने पर रह गए। आम आदमी पार्टी का प्रभाव ग्रामीण क्षेत्रों में न के बराबर रहा। जनता ने भाजपा को अपनाया क्योंकि पार्टी ने ग्रामीण विकास पर ठोस कदम उठाए। मनरेगा जैसी योजनाओं को बेहतर ढंग से लागू करने, सिंचाई सुविधाओं का विस्तार और स्वास्थ्य केंद्रों की स्थापना ने ग्रामीण मतदाताओं का दिल जीता। विपक्ष को ठुकराने का कारण उनकी वादाखिलाफी और संगठन की कमजोरी रही। भाजपा ने ओबीसी, आदिवासी और पटेल समुदायों में अपनी पैठ मजबूत की। यह जीत ग्रामीण विधानसभा क्षेत्रों के लिए भाजपा को मजबूत आधार देगी।

बहरहाल, इन चुनावों के नतीजों से साफ है कि जनता ने भाजपा को अपनाया और विपक्ष को ठुकरा दिया। भाजपा को कुल मिलाकर अस्सी प्रतिशत से ज्यादा सीटें मिलीं, जो उसके शासन पर भरोसे को दशार्ता है। बड़े शहरों में शहरी विकास और ग्रामीण इलाकों में बुनियादी सुविधाओं ने भाजपा को आगे रखा। कांग्रेस की हार उनकी आंतरिक कलह और कमजोर नेतृत्व का नतीजा है। आम आदमी पार्टी  नया खिलाड़ी होने के बावजूद असफल रही। जनता ने स्थानीय मुद्दों को प्राथमिकता दी, जैसे स्वच्छता, पानी, बिजली और सड़कें। भाजपा ने इन पर बेहतर प्रदर्शन किया। यह जीत अगले विधानसभा चुनावों के लिए भाजपा को मनोवैज्ञानिक बढ़त देगी। विपक्ष को अब मजबूत रणनीति बनानी होगी। गुजरात की जनता ने विकास मॉडल को चुना, जो भाजपा की लगातार जीत का राज है। कुल मिलाकर, यह चुनाव गुजरात की राजनीति में भाजपा के प्रभुत्व को स्थापित करते हैं।



अजय कुमार

# तकनीकी क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी असंतोषजनक ज्यादा से ज्यादा प्रशिक्षण की आवश्यकता

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस अर्थात एआई आज केवल एक तकनीकी उपकरण नहीं रह गया है, बल्कि यह सामाजिक संरचनाओं, आर्थिक अवसरों और शक्ति संतुलन को पुनर्परिभाषित करने वाला परिवर्तनकारी माध्यम बन चुका है। इस परिवर्तन के केंद्र में यदि किसी वर्ग के लिए सर्वाधिक संभावनाएँ छिपी हैं तो वह है महिला वर्ग, क्योंकि सदियों से अवसरों की असमानता, संसाधनों तक सीमित पहुँच और निर्णय-निर्माण में कम भागीदारी जैसी बाधाओं का सामना करने वाली महिलाओं के लिए एआई एक नई ऊर्जा, नई दिशा और नया इम्पैक्ट लेकर आया है।

विश्व स्तर पर उपलब्ध नवीन आँकड़े यह संकेत देते हैं कि तकनीकी क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी अभी भी संतोषजनक नहीं है, विभिन्न अंतरराष्ट्रीय अध्ययनों के अनुसार  एआई से जुड़े कार्यक्षेत्रों में महिलाओं की हिस्सेदारी लगभग 28 से 30 प्रतिशत के बीच है, जबकि नेतृत्वकारी भूमिकाओं में यह प्रतिशत और भी कम हो जाता है, भारत में प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार वर्तमान में लगभग 20 प्रतिशत एआई पेशेवर महिलाएँ हैं, परंतु यदि प्रशिक्षण, डिजिटल पहुँच और नीतिगत समर्थन को व्यापक बनाया जाए तो 2027 तक इस संख्या के चार गुना तक बढ़ने की संभावना व्यक्त की गई है। यह आँकड़ा केवल सांख्यिकीय वृद्धि का संकेत नहीं बल्कि सामाजिक शक्ति संतुलन में संभावित बड़े बदलाव का संकेत है। एआई इम्पैक्ट का सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह है कि यह कौशल आधारित अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देता है।

जहाँ पारंपरिक लैंगिक पूर्वाग्रह अपेक्षाकृत कम प्रभावी होते हैं। ऑनलाइन लर्निंग प्लेटफॉर्म, वर्चुअल ट्यूटर, एआई-आधारित भाषा अनुवाद उपकरण और कोडिंग सिमुलेटर उन महिलाओं के लिए वरदान सिद्ध हो रहे हैं जो भौगोलिक, सामाजिक या पारिवारिक कारणों से औपचारिक संस्थानों तक नहीं पहुँच पाती थीं।

इस संदर्भ मे यूनेस्को ने स्पष्ट रूप से कहा है कि यदि एआई को समावेशी दृष्टिकोण के साथ विकसित किया जाए तो यह महिलाओं की कार्यभागीदारी और नेतृत्व क्षमता को अभूतपूर्व रूप से बढ़ा सकता है, इसी प्रकार डिजिटल ऑर्गेनाइजेशन ने अपनी रिपोर्टों में उल्लेख किया है कि डिजिटल अर्थव्यवस्था में लैंगिक समानता सुनिश्चित करना वैश्विक विकास की अनिवार्य शर्त है।

एआई इम्पैक्ट का दूसरा महत्वपूर्ण आयाम कार्यस्थल पर महिलाओं की आवाज को सशक्त करना है। मीटिंग एनालिटिक्स कंपनी  की एक हालिया रिपोर्ट में पाया गया कि एआई-सहायता प्राप्त वर्चुअल मीटिंग टूल्स के उपयोग से महिलाएँ औसतन 9 प्रतिशत अधिक बोलती हैं, क्योंकि एआई आधारित नोट-टेकिंग और समय प्रबंधन उपकरण उन्हें बिना बाधा अपनी बात रखने का अवसर देते हैं। यह परिवर्तन प्रतीकात्मक नहीं बल्कि संरचनात्मक है, क्योंकि निति-निर्माण में आवाज की उपस्थिति ही शक्ति का पहला चरण होती है। ग्रामीण और अर्धशहरी भारत में एआई इम्पैक्ट का एक और आयाम उभर कर आया है जहाँ डिजिटल सखी, एआई चैटबॉट और स्मार्ट कृषि सलाह प्लेटफॉर्म महिलाओं को उद्यमिता की दिशा में प्रेरित कर रहे हैं। स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाएँ अब एआई आधारित बाजार विश्लेषण, मूल्य पूवार्नुमान और ग्राहक पहुँच टूल्स का उपयोग कर अपने उत्पादों को व्यापक बाजार तक पहुँचा पा रही हैं इससे आय में वृद्धि के साथ आत्मविश्वास भी बढ़ रहा है। यह आर्थिक सशक्तिकरण सामाजिक सशक्तिकरण में रूपांतरित हो रहा है; स्वास्थ्य क्षेत्र में एआई इम्पैक्ट और भी गहरा है। मातृ स्वास्थ्य निगरानी, पोषण परामर्श, मानसिक स्वास्थ्य चैटबॉट और प्रारंभिक रोग पहचान प्रणाली ग्रामीण महिलाओं के लिए जीवनरक्षक सिद्ध हो रही हैं, जहाँ पहले विशेषज्ञ डॉक्टरों की पहुँच कठिन थी वहाँ अब मोबाइल आधारित एआई समाधान प्राथमिक मार्गदर्शन उपलब्ध करा रहे हैं। इससे स्वास्थ्य असमानताओं में कमी आने की संभावना है; किंतु एआई का यह सकारात्मक पक्ष तभी स्थायी होगा जब इसके नकारात्मक आयामों को भी गंभीरता से समझा जाए, अनेक अध्ययनों में यह पाया गया है कि लगभग 40 प्रतिशत एआई मॉडल किसी न किसी रूप में लैंगिक पूर्वाग्रह से प्रभावित होते हैं, यदि प्रशिक्षण डेटा असंतुलित है तो निर्णय भी असंतुलित होंगे, यही कारण है कि संयुक्त राष्ट्र संघ से संबद्ध एजेंसियों ने चेतावनी दी है कि डिजिटल हिंसा, डीपफेक और ऑनलाइन उत्पीड़न की घटनाएँ महिलाओं को प्रभावित कर रही हैं। अनुमान है  विश्व की लगभग 38 प्रतिशत महिलाएँ किसी न किसी रूप में ऑनलाइन हिंसा का अनुभव कर चुकी हैं। अतः एआई इम्पैक्ट को सकारात्मक बनाए रखने के लिए सख्त डेटा नैतिकता, एल्गोरिथमिक पारदर्शिता और लैंगिक संवेदनशील नीति ढाँचा अत्यंत आवश्यक है।एआई महिलाओं के लिए केवल नौकरी का साधन नहीं बल्कि नेतृत्व का माध्यम भी बन सकता है । डेटा-आधारित निर्णय प्रणाली राजनीतिक और प्रशासनिक क्षेत्र में पारदर्शिता बढ़ा सकती है जिससे महिलाओं की भागीदारी मजबूत हो, जब निर्णय तथ्यों और विश्लेषण पर आधारित होंगे तो पूर्वाग्रहों की गुंजाइश घटेगी, इसके अतिरिक्त फ्रीलांसिंग, कंटेंट क्रिएशन, डिजिटल मार्केटिंग, एआई ट्रेनिंग और माइक्रो-टास्किंग जैसे नए क्षेत्रों ने उन महिलाओं को भी आर्थिक स्वतंत्रता दी है जो पारंपरिक नौकरी संरचना में शामिल नहीं हो पाती थीं।

यह लचीला कार्य-मॉडल मातृत्व और पारिवारिक दायित्वों के साथ संतुलन बनाने में सहायक है। एआई इम्पैक्ट का मनोवैज्ञानिक पहलू भी उल्लेखनीय है, जब महिलाएँ तकनीक की उपभोक्ता मात्र न रहकर उसकी निमार्ता और नवोन्मेषक बनती हैं तो आत्मविश्वास और पहचान दोनों का विस्तार होता है, विश्वविद्यालयों और स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र में महिला सहभागिता बढ़ाने के प्रयास यह संकेत देते हैं कि आने वाले दशक में एआई क्षेत्र में महिला नेतृत्व की नई पीढ़ी उभरेगी; निष्कर्षतः एआई एक दोधारी तलवार अवश्य है परंतु यदि इसे समावेशी नीति, लैंगिक संतुलन, डिजिटल साक्षरता और नैतिक नियमन के साथ आगे बढ़ाया जाए तो इसका इम्पैक्ट महिलाओं के लिए ऐतिहासिक परिवर्तन का माध्यम बन सकता है, यह परिवर्तन केवल आर्थिक नहीं बल्कि सामाजिक, बौद्धिक और राजनीतिक शक्ति संतुलन का परिवर्तन होगा, जहाँ महिला केवल भागीदार नहीं बल्कि निर्णयकर्ता, निमार्ता और नेतृत्वकर्ता के रूप में स्थापित होगी, और यही एआई की वास्तविक सफलता होगी कि वह तकनीक को मानवता और समानता की दिशा में प्रयुक्त करे, क्योंकि जब महिला सशक्त होती है तो समाज सशक्त होता है और जब समाज सशक्त होता है तो राष्ट्र प्रगतिशील बनता है।



संजीव ठाकुर

# राजा रवि वर्मा के चित्रों में जीवित गौरवशाली भारतीय परंपरा

भारतीय चित्रकला के गौरवशाली इतिहास में राजा रवि वर्मा एक ऐसे युगपुरुष के रूप में प्रतिष्ठित हैं जिन्होंने अपनी कूची और रंगों के माध्यम से भारतीय संस्कृति को एक नई पहचान और वैश्विक गरिमा प्रदान की। 29 अप्रैल 1848 को केरल के किलिमनूर नामक छोटे से गांव में जन्मे इस महान कलाकार ने उस समय कला की साधना प्रारंभ की जब वह केवल राजदरबारों की दीवारों और प्राचीन मंदिरों के गर्भगृहों तक ही सीमित थी। रवि वर्मा का जन्म एक ऐसे कुलीन परिवार में हुआ था जहाँ कला, साहित्य और संस्कृति का संगम पहले से ही विद्यमान था और इसी वातावरण ने उनकी अंतर्निहित प्रतिभा को पल्लवित होने का सुअवसर प्रदान किया। बचपन से ही उनके हाथों में रंगों और रेखाओं का जो जादू था उसे उनके परिवार ने शीघ्र ही पहचान लिया और उन्हें कला के क्षेत्र में निरंतर प्रोत्साहित किया। उनकी प्रारंभिक शिक्षा के साथ ही चित्रकला का अभ्यास निरंतर चलता रहा और शीघ्र ही उनकी ख्याति त्रावणकोर के महाराजा तक पहुँच गई। महाराजा के संरक्षण ने रवि वर्मा के जीवन को एक निर्णायक मोड़ दिया जहाँ उन्हें न केवल संसाधन उपलब्ध हुए बल्कि वैश्विक कला की बारीकियों को समझने का अवसर भी प्राप्त हुआ।

उस दौर में भारत में तैल चित्रकला की प्रविधि बहुत कम प्रचलित थी और भारतीय कलाकार मुख्य रूप से पारंपरिक शैलियों में ही कार्य कर रहे थे। रवि वर्मा ने यूरोपीय शैली की यथार्थवादी कला का गहराई से अध्ययन किया और उसे भारतीय विषयों के साथ समाहित करने का साहसिक प्रयास किया। उन्होंने अपनी कला में पाश्चात्य प्रविधि और भारतीय आत्मा का जो संगम किया उसने चित्रकला के इतिहास में एक नवीन अध्याय जोड़ दिया। उनकी कला की सबसे विलक्षण विशेषता यह थी कि उन्होंने भारतीय पौराणिक कथाओं के पात्रों को मानवीय संवेदनाओं के साथ जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। रामायण और महाभारत जैसे महाकाव्यों के जो पात्र अब तक केवल कल्पनाओं या पांडुलिपियों के विवरणों तक ही सीमित थे वे रवि वर्मा के चित्रों में हाड़-मांस के मनुष्य की तरह जीवंत होकर सामने आए। उनके द्वारा चित्रित राम, सीता, कृष्ण, द्रौपदी और शकुंतला के चित्रों में भावनाओं की जो गहराई और चेहरों पर जो भाव विद्यमान थे उन्होंने जनमानस के हृदय को स्पर्श किया। विशेष रूप से देवी लक्ष्मी और सरस्वती के जो स्वरूप उन्होंने अपनी तूलिका से गढ़े वे आज भी करोड़ों भारतीय घरों के पूजा स्थलों में श्रद्धा के साथ देखे जा सकते हैं।

रवि वर्मा की कला का एक महत्वपूर्ण पक्ष भारतीय स्त्री के सौंदर्य और उसकी गरिमा का चित्रण था। उनके चित्रों में स्त्रियां केवल सौंदर्य का प्रतीक मात्र नहीं थीं बल्कि वे भावनात्मक रूप से अत्यंत सशक्त और गरिमापूर्ण दिखाई देती थीं। उन्होंने भारतीय नारी को एक ऐसे आदर्श रूप में प्रस्तुत किया जिसमें सौम्यता, शक्ति और मयार्दा का अद्भुत संतुलन था। उनके द्वारा चित्रित साड़ी पहने हुए स्त्रियों के चित्रों ने न केवल भारतीय वेशभूषा को एक वैश्विक पहचान दी बल्कि वह भारतीय नारीत्व की एक शाश्वत छवि बन गई। उनके चित्रों में रंगों का चयन और वस्त्रों की सिलवटों का सूक्ष्म चित्रण इतना यथार्थवादी था कि दर्शक उन चित्रों के साथ एक आत्मीय जुड़ाव महसूस करने लगता था। उनकी कला में केवल बाहरी सौंदर्य ही नहीं बल्कि पात्रों की मानसिक अवस्था और उनके अंतर्द्वंद्व को भी स्पष्ट रूप से देखा जा सकता था। शकुंतला का अपने पैर से कांटा निकालने का बहाना करके पीछे मुड़कर देखना हो या दमयंती का हंस से संवाद, हर चित्र एक पूरी कहानी स्वयं में समेटे हुए था। भारतीय चित्रकला को महलों से निकालकर झोपड़ियों तक पहुँचाने का श्रेय भी निर्विवाद रूप से राजा रवि वर्मा को ही जाता है। वर्ष 1894 में उन्होंने मुंबई में एक शिलामुद्रणालय अर्थात लिथोग्राफी प्रेस की स्थापना करके एक क्रांतिकारी कदम उठाया। इस प्रेस के माध्यम से उनके चित्रों की हजारों प्रतियां छपने लगीं और बहुत ही कम मूल्य पर सामान्य लोगों के लिए उपलब्ध होने लगीं। इससे पहले कला केवल धनी वर्ग और शासकों के विलास का साधन समझी जाती थी परंतु रवि वर्मा ने अपनी इस दूरदर्शिता से कला का लोकतंत्रीकरण कर दिया। उनके द्वारा बनाए गए चित्र कैलेंडरों और पोस्टरों के रूप में प्रत्येक घर की शोभा बनने लगे। इसी माध्यम से भारतीय देवी-देवताओं की एक निश्चित छवि जनमानस के मस्तिष्क में स्थायी रूप से अंकित हो गई। यह उनकी कला का ही प्रभाव था कि उस समय के साधारण भारतीय भी अपनी संस्कृति और धार्मिक प्रतीकों के साथ गर्व से जुड़ सके।

रवि वर्मा की सफलता केवल भारत तक ही सीमित नहीं रही बल्कि उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय मंच पर भी भारतीय कला का परचम लहराया। वर्ष 1873 में ऑस्ट्रिया की राजधानी वियना में आयोजित एक अंतर्राष्ट्रीय कला प्रदर्शनी में उन्हें पुरस्कृत किया गया जिससे उनकी ख्याति विश्वव्यापी हो गई। इसके पश्चात उन्हें भारत की विभिन्न रियासतों जैसे बड़ौदा, मैसूर और उदयपुर के राजाओं का निमंत्रण और संरक्षण प्राप्त हुआ। उन्होंने देश के विभिन्न अंचलों की व्यापक यात्राएं कीं और वहां की विविधतापूर्ण संस्कृति, वेशभूषा और जनजीवन को अपनी कला में स्थान दिया। उनकी इन यात्राओं ने उनकी कला को और अधिक समृद्ध और समावेशी बनाया। हालांकि उनकी इस पाश्चात्य शैली की कुछ पारंपरिक कलाकारों ने आलोचना भी की और इसे भारतीयता के विरुद्ध बताया परंतु समय ने सिद्ध किया कि रवि वर्मा ने वास्तव में भारतीय कला को आधुनिकता के साथ जोड़कर उसे नया जीवन प्रदान किया था।

उनकी कला में छाया और प्रकाश का जो प्रयोग था वह अद्वितीय था। उन्होंने चित्रों में गहराई पैदा करने के लिए जिस सूक्ष्मता से कार्य किया वह आज भी कला के विद्यार्थियों के लिए शोध का विषय है। उनके चित्रों के रंगों में एक ऐसी चमक और स्थायित्व था जो दशकों बाद भी धूमिल नहीं हुआ। वे केवल एक चित्रकार ही नहीं थे बल्कि भारतीय संस्कृति के एक ऐसे दूत थे जिन्होंने विदेशी शासन के दौर में भी भारतीय मूल्यों को गौरव के साथ स्थापित किया। 2 अक्टूबर 1906 को इस महान विभूति का निधन हो गया लेकिन वे अपनी कला के रूप में आज भी अमर हैं। उनकी विरासत आज भी भारतीय चित्रकारों को प्रेरित करती है और उनके बनाए चित्र आज भी विश्व के प्रतिष्ठित संग्रहालयों में सुरक्षित रखे गए हैं। रवि वर्मा का जीवन हमें सिखाता है कि प्रतिभा और समर्पण के माध्यम से सीमाओं को तोड़ा जा सकता है और कला के जरिए समाज में एक व्यापक वैचारिक परिवर्तन लाया जा सकता है।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला  सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# श्रमिक दिवस पर महा मेगा हेल्थ कैंप, 300 से अधिक शिविरों में मिलेगा निःशुल्क इलाज

## 24 अप्रैल से 1 मई तक चल रहे स्वास्थ्य शिविरों में श्रमिक उठा रहे लाभ, जिलाधिकारी ने अधिक से अधिक भागीदारी की अपील की

**समाज जागरण**

गौतमबुद्धनगर, 28 अप्रैल 2026ः प्रदेश सरकार स्वस्थ श्रमिक, सशक्त उद्योग और समृद्ध राष्ट्र के संकल्प के साथ श्रमिकों के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा को प्राथमिकता दे रही है। इसी क्रम में श्रमिक बाहुल्य क्षेत्रों में 24 अप्रैल से 1 मई तक लगातार स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, जिनमें बड़ी संख्या में श्रमिक पहुंचकर निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठा रहे हैं।

जिलाधिकारी ने जनपद के सभी श्रमिकों से अपील करते हुए कहा है कि वे अपने परिवार सहित निकटतम स्वास्थ्य शिविर में पहुंचकर स्वास्थ्य परीक्षण अवश्य कराएं। उन्होंने बताया कि इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य श्रमिकों के स्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित करना और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान करना है।

उन्होंने जानकारी दी कि 1 मई को श्रमिक दिवस के अवसर पर महा मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन किया जाएगा। इसके अंतर्गत सभी सरकारी अस्पतालों के साथ 31 निजी मल्टी स्पेशियलिटी अस्पतालों में निःशुल्क उपचार की व्यवस्था रहेगी। साथ ही औद्योगिक इकाइयों में 300 से अधिक स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएंगे, जहां टेलीमेडिसिन, डिस्पेंसरी और एम्बुलेंस जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

शिविरों में श्रमिकों को स्वास्थ्य जांच के साथ-साथ उनके बच्चों की शिक्षा, पोषण, स्वास्थ्य बीमा, जीवन बीमा और आयुष्मान कार्ड से संबंधित जानकारी भी दी जाएगी। सभी अस्पतालों में श्रमिक डेस्क स्थापित किए गए हैं तथा सहायता के लिए वॉलंटियर तैनात रहेंगे।

जिलाधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा 1 मई को लखनऊ से वर्चुअल माध्यम से विभिन्न स्वास्थ्य एवं श्रमिक कल्याण परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया जाएगा। इसके तहत 44 स्थानों पर टेलीमेडिसिन सुविधा का विस्तार, 79 औद्योगिक इकाइयों में डिस्पेंसरी एवं एम्बुलेंस कक्षों की स्थापना तथा 25 मोबाइल मेडिकल वैन (मुख्यमंत्री आरोग्य रथ) को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा। इसके अलावा 3 लाख सेनेटरी पैड वितरण, 201 स्थानों पर श्रमिक आरोग्य कैंप, 31 ऑन-साइट सुपर स्पेशियलिटी अस्पतालों में निःशुल्क इलाज, 25 हेल्थ एटीएम, 4 एएलएस एम्बुलेंस, 10 ब्लड एनालाइजर का लोकार्पण तथा 5 पोर्टा क्लिनिक और 15 हेल्थ वेलनेस सेंटर का शिलान्यास किया जाएगा। आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 5 नए अस्पतालों को सूचीबद्ध किया जाएगा और 201 अस्पतालों में श्रमिक हेल्प डेस्क स्थापित किए जाएंगे।

शिक्षा के क्षेत्र में प्राइमरी स्कूल हल्दौनी और कंपोजिट स्कूल छजारसी का लोकार्पण तथा सेक्टर-33, यीडा में सीएम कंपोजिट स्कूल का शिलान्यास किया जाएगा। साथ ही 5 डिजिटल वैन/कौशल विकास बसों का शुभारंभ होगा और 40 विद्यालयों में द्वितीय पाली में कौशल विकास कक्षाएं संचालित की जाएंगी। स्कूल चलो अभियान के तहत 25 विशेष शिविर भी लगाए जाएंगे।

श्रम विभाग द्वारा 24 बीओसीडब्ल्यू पंजीयन केंद्रों का उद्घाटन, 43 शिशु कक्ष (क्रेच) की स्थापना तथा 79 एम्बुलेंस रूम/डिस्पेंसरी संचालित किए जाएंगे। साथ ही 15 एमओयू के माध्यम से उद्योग, प्रशासन और स्वयं सहायता समूहों के बीच सहयोग को मजबूत किया जाएगा।

बैंकिंग क्षेत्र में 26 शिविरों के माध्यम से प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और अटल पेंशन योजना के तहत खाते खोले जाएंगे। साथ ही वित्तीय जागरूकता, यूपीआई उपयोग और स्वास्थ्य बीमा की जानकारी दी जाएगी। पूर्ति विभाग द्वारा 5 किलोग्राम के 15,000 एलपीजी गैस सिलेंडरों का वितरण भी किया जाएगा। जिलाधिकारी ने पुनः सभी श्रमिकों से इस विशेष अभियान का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की है।

# जिलाधिकारी ने जेबीजे टेक्नोलॉजी लिमिटेड का किया निरीक्षण, श्रमिकों के मेडिकल कैंप का लिया जायजा

## ग्रेटर नोएडा की कंपनी में श्रमिकों से संवाद, निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं पर जताया संतोष

**समाज जागरण**



गौतमबुद्धनगर, 28 अप्रैल 2026ः प्रदेश सरकार श्रमिकों के हितों और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। इसी क्रम में जिलाधिकारी ने मंगलवार को ग्रेटर नोएडा स्थित जेबीजे टेक्नोलॉजी लिमिटेड, उद्योग केंद्र-2, इकोटेक-3 का भ्रमण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

भ्रमण के दौरान जिलाधिकारी ने कंपनी में तैयार किए जा रहे ऑटोमोबाइल पार्ट्स, विशेष रूप से सीट बेल्ट निर्माण प्रक्रिया का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा में सीट बेल्ट की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है और यह हजारों लोगों की जान बचाने में सहायक है। इस दौरान उन्होंने उत्पादन की गुणवत्ता, सुरक्षा मानकों एवं तकनीकी प्रक्रियाओं की विस्तार से जानकारी प्राप्त की।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने असेंबली लाइन में कार्यरत श्रमिकों, खासकर महिला श्रमिकों से संवाद किया और उन्हें कंपनी परिसर में आयोजित मेडिकल कैंप की सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। कंपनी परिसर में जिला प्रशासन, इंडस्ट्रियल बिजनेस एसोसिएशन एवं यथार्थ सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में लगाए गए निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का भी जिलाधिकारी ने निरीक्षण किया। शिविर में ब्लड प्रेशर, शुगर, ईसीजी, नेत्र एवं दंत जांच जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही थीं। जिलाधिकारी ने मेडिकल टीम को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

श्रमिकों से संवाद के दौरान उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति उनके अनुभव जाने। श्रमिकों ने कार्यस्थल पर ही निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया।

निरीक्षण में यह भी सामने आया कि सूक्ष्म स्तर के निर्माण कार्य के कारण श्रमिकों की आंखों पर विशेष प्रभाव पड़ता है। इस पर जिलाधिकारी ने नियमित स्वास्थ्य परीक्षण एवं सुरक्षा उपायों को और सुदृढ़ करने पर बल दिया।

जिलाधिकारी ने कहा कि उद्योगों की प्रगति के लिए गुणवत्ता और श्रमिकों की सुरक्षा दोनों समान रूप से आवश्यक हैं। प्रशासन उद्योगों के साथ समन्वय स्थापित कर बेहतर कार्य वातावरण और श्रमिकों के स्वास्थ्य संरक्षण के लिए निरंतर प्रयास कर रहा है।

इस अवसर पर उपायुक्त उद्योग पंकज निर्वाण, अपर श्रमायुक्त राकेश द्विवेदी, इंडस्ट्रियल बिजनेस एसोसिएशन के अध्यक्ष अमित उपाध्याय, सहायक उपाध्यक्ष, कंपनी के प्रतिनिधि देवेंद्र शर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# पीएम सूर्यघर योजना से ऊर्जा आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ता प्रदेश

## छतों पर सोलर पैनल लगाकर 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली, 60% तक सब्सिडी और आसान ऋण सुविधा

**समाज जागरण**

गौतमबुद्धनगर, 28 अप्रैल 2026ः प्रदेश में ऊर्जा आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पीएम सूर्यघरः मुफ्त बिजली योजना एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में उभर रही है। मुख्य विकास अधिकारी डॉ. शिवाकांत द्विवेदी ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत प्रदेश के एक करोड़ घरों की छतों पर सोलर पैनल स्थापित कर प्रति परिवार प्रति माह 300 यूनिट तक निःशुल्क बिजली उपलब्ध कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

उन्होंने बताया कि योजना के तहत सोलर पैनल लगाने पर 60 प्रतिशत तक सब्सिडी के साथ कम ब्याज दर पर आसान ऋण सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है। सब्सिडी का विवरण इस प्रकार है–

**1 किलोवाट तकः ₹45,000**
**2 किलोवाट तकः ₹90,000**
**3 से 10 किलोवाट तकः ₹1,08,000**

इच्छुक लाभार्थी योजना की आधिकारिक वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन प्रक्रिया में पहले पोर्टल पर पंजीकरण, फिर आवेदन पत्र भरना तथा संबंधित डिस्कॉम से अनुमोदन प्राप्त करना शामिल है। अनुमोदन के बाद सोलर पैनल स्थापित कर नेट मीटरिंग एवं बैंक विवरण अपलोड करना होता है।

डॉ. द्विवेदी ने बताया कि 3 किलोवाट तक की क्षमता के लिए लगभग 7 प्रतिशत वार्षिक ब्याज दर पर बिना गारंटी के ऋण की सुविधा भी उपलब्ध है, जिससे अधिक से अधिक लोग योजना का लाभ उठा सकें।

योजना का लाभ लेने के लिए आवेदक का भारतीय नागरिक होना, उसके पास स्वयं का छतयुक्त मकान और वैध विद्युत कनेक्शन होना आवश्यक है। साथ ही, आवेदक ने पहले किसी अन्य सोलर सब्सिडी योजना का लाभ न लिया हो। आवश्यक दस्तावेजों में आधार कार्ड, निवास प्रमाण पत्र, नवीनतम बिजली बिल, मोबाइल नंबर तथा बैंक पासबुक या रद्द चेक शामिल हैं।

उन्होंने बताया कि यह योजना न केवल बिजली बिल में कमी लाएगी, बल्कि अतिरिक्त बिजली उत्पादन कर उसे ग्रिड को बेचने का अवसर भी देगी, जिससे आमजन की आय में वृद्धि संभव होगी।

योजना से संबंधित अधिक जानकारी के लिए इच्छुक व्यक्ति कार्यदिवस में परियोजना अधिकारी, यूपीनेडा कार्यालय, कक्ष संख्या-111, विकास भवन, सूरजपुर, ग्रेटर नोएडा में संपर्क कर सकते हैं।

# जेवर वार्ड-12 उपचुनाव के लिए कार्मिकों का प्रशिक्षण संपन्न

## मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में मतदान प्रक्रिया को निष्पक्ष व सुचारू बनाने के दिए निर्देश

**समाज जागरण**



गौतमबुद्धनगर, 28 अप्रैल 2026ः नगर पंचायत जेवर के वार्ड-12 उप निर्वाचन (05 मई 2026) को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सुचारू रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से मंगलवार को विकास भवन सभागार में पीठासीन अधिकारियों एवं मतदान कार्मिकों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी डॉ. शिवाकांत द्विवेदी ने की।

प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर द्वारा पोलिंग पार्टियों के गठन, मतदान प्रक्रिया, मतगणना की व्यवस्थाओं तथा चुनाव से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं की विस्तृत जानकारी दी गई। अधिकारियों को निर्वाचन के दौरान पालन की जाने वाली सभी प्रक्रियाओं एवं सावधानियों से अवगत कराया गया।

इस अवसर पर कुल 02 पोलिंग पार्टियों एवं 01 रिजर्व पार्टी को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे निर्वाचन कार्य को पूरी जिम्मेदारी, निष्पक्षता एवं पारदर्शिता के साथ संपन्न कराएं। साथ ही बताया गया कि द्वितीय प्रशिक्षण सत्र 04 मई 2026 को आयोजित किया जाएगा।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला विकास अधिकारी शिव प्रताप सिंह, रिटर्निंग अधिकारी लवेश कुमार सिसोदिया सहित निर्वाचन कार्य से जुड़े अन्य अधिकारी एवं कार्मिक उपस्थित रहे।

# सेक्टर-142 थाना पुलिस ने दो वांछित अभियुक्त किए गिरफ्तार

## मारपीट व गाली-गलौज के मामले में कार्रवाई, अन्य आरोपियों की तलाश जारी

**समाज जागरण संदीप गर्ग**

नोएडाः थाना सेक्टर 142 पुलिस ने मारपीट और गाली-गलौज के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए दो वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार वादी की शिकायत पर अभियुक्तों के खिलाफ गाली-गलौज एवं मारपीट करने के संबंध में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 115(2), 351, 352(2) व 110 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने 28 अप्रैल 2026 को कार्रवाई करते हुए अभियुक्त वीरेन्द्र सिंह (पुत्र कृष्णपाल) एवं विनीत (पुत्र वीरेन्द्र) को बुद्ध तिराहा के पास एक्सप्रेसवे किनारे से गिरफ्तार किया। दोनों आरोपी ग्राम शहदरा, गली नंबर-23, जनपद गौतमबुद्धनगर के निवासी बताए जा रहे हैं, जिनकी उम्र क्रमशः 23 वर्ष एवं 19 वर्ष है।

पुलिस के अनुसार अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं। गिरफ्तार आरोपियों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई करते हुए आगे की जांच की जा रही है।

# नंद घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की

**- कथा के चौथे दिन भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया**

**- परमात्मा ही परम सत्य है - नीलांशु दास जी महाराज**

**समाज जागरण**



नोएडा सेक्टर 82 पाकेट 7 सेंट्रल पार्क में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन भगवान श्री कृष्ण जी का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कथा पंडाल को फूलों एवं गुब्बारों से सजाया गया था।

कथा व्यास नीलाशु दास जी महाराज ने कहा कि परमात्मा ही परम सत्य है। जब हमारी वृत्ति परमात्मा में लगेगी तो संसार गायब हो जाएगा। प्रश्न यह है कि परमात्मा संसार में घुले-मिले हैं तो संसार का नाश होने पर भी परमात्मा का नाश क्यों नहीं होता।

इसका उत्तर यही है कि भगवान संसार से जुड़े भी हैं और अलग भी हैं। आकाश में बादल रहता है। और बादल के अंदर भी आकाश तत्व है। बादल के गायब होने पर भी आकाश गायब नहीं होता। इसी तरह संसार गायब होने पर भी परमात्मा गायब नहीं होते। संसार की कोई भी वस्तु भगवान से अलग नहीं है

कथा व्यास नीलांशु दास जी महाराज ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने गोपियों के घरों से माखन चोरी की। इस घटना के पीछे भी आध्यात्मिक रहस्य है। दूध का सार तत्व माखन है। उन्होंने गोपियों के घर से केवल माखन चुराया अर्थात सार तत्व को ग्रहण किया और असार को छोड़ दिया।

प्रभु हमें समझाना चाहते हैं कि सृष्टि का सार तत्व परमात्मा है। इसलिए असार यानी संसार के नश्वर भोग पदार्थों की प्राप्ति में अपने समय, साधन और सामर्थ को अपव्यय करने की जगह हमें अपने अंदर स्थित परमात्मा को प्राप्त करने का लक्ष्य रखना चाहिए। इसी से जीवन का कल्याण संभव है।

कथा व्यास नीलांशु दास जी महाराज ने बताया कि वास्तविकता में श्रीकृष्ण केवल ग्वाल-बालों के सखा भर नहीं थे, बल्कि उन्हें दीक्षित करने वाले जगद्गुरु भी थे। श्रीकृष्ण ने उनकी आत्मा का जागरण किया और फिर आत्मिक स्तर पर स्थित रहकर सुंदर जीवन जीने का अनूठा पाठ पढ़ाया।

इस मौके पर आर डब्ल्यू ए अध्यक्ष राघवेन्द्र दूबे,संजीव ढाली, देव मणि शुक्ल, रमेश शर्मा, गोरे लाल, रवि राघव, संजय पांडेय, सर्वेश तिवारी, विष्णु शर्मा, नीरज शर्मा, टोनी कपूर, रमेश वर्मा, निर्मल बिस्वास, गोपाल पाल, असीम मजूमदार, संतोष बिस्वास, मखन बसु, बाबू सरकार, कनाई लाल, असित बाघ, गोविंद बिस्वास, संजय हालदार, तुषार, प्रेम जी, टोनी ढाली , सुखदेव, शुभमय, विश्वजीत सरकार, अनिमेष मंडल, सहित भारी संख्या में सेक्टर वासी मौजूद रहे।

# नोएडा में एलटी फूड्स ने किडजानिया में दावत फैक्ट्री का किया शुभारंभ, बच्चों को मिलेगा रोचक शिक्षण अनुभव

## खेत से थाली तक बासमती चावल का सफर समझेंगे बच्चे, रोल-प्ले के जरिए सीखेंगे उत्पादन प्रक्रिया

**समाज जागरण संदीप गर्ग**




नोएडाः खाद्य क्षेत्र की अग्रणी कंपनी एलटी फूड्स लिमिटेड ने अपने प्रमुख ब्रांड दावत के लिए एक अनूठा शिक्षण केंद्र दावत फैक्ट्री का शुभारंभ किया है। यह पहल किडजानिया इंडिया के साथ साझेदारी में शुरू की गई है।

यह विशेष अनुभव 4 से 14 वर्ष तक के बच्चों के लिए तैयार किया गया है, जहां वे उत्पादन अभियंता की भूमिका निभाते हुए बासमती चावल के खेत से लेकर पैकेजिंग तक की पूरी प्रक्रिया को स्वयं अनुभव करते हैं। लगभग 25 मिनट के इस सत्र में बच्चे टीम बनाकर मशीनों को समझते हैं, गुणवत्ता से जुड़े निर्णय लेते हैं और उत्पादन की बारीकियों को सीखते हैं।

कार्यक्रम के अंत में बच्चों को 200 ग्राम दावत बासमती चावल का पैकेट और एक डिजिटल प्रमाण पत्र प्रदान किया जाता है, जो उनके सीखने के अनुभव को दर्शाता है।

इस पहल की खासियत यह है कि यह बच्चों को रोजमर्रा के भोजन से जुड़े विज्ञान, तकनीक और गुणवत्ता के मानकों से परिचित कराती है, जो आमतौर पर लोगों की नजरों से दूर रहते हैं।

इस अवसर पर अश्विनी अरोड़ा ने कहा कि कंपनी उपभोक्ताओं और उनके भोजन के बीच गहरा संबंध बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। यह पहल बच्चों को कम उम्र में ही गुणवत्ता, नवाचार और जिम्मेदारी का महत्व समझाने में सहायक होगी।

वहीं संजीव कुमार ने कहा कि दावत फैक्ट्री बच्चों और परिवारों को धान से प्रीमियम बासमती बनने की प्रक्रिया को समझने का अवसर देती है और उनके साथ भावनात्मक जुड़ाव स्थापित करती है।

यह पहल शिक्षा और मनोरंजन का बेहतर संगम प्रस्तुत करते हुए बच्चों को व्यावहारिक ज्ञान देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# नोएडा में 13 स्थानों पर स्थापित होंगे ईवी बैटरी स्वैपिंग स्टेशन

## नोएडा प्राधिकरण और एचपीसीएल के बीच हुआ समझौता, प्रदूषण नियंत्रण व इलेक्ट्रिक वाहनों को मिलेगा बढ़ावा

**समाज जागरण संदीप गर्ग**

नोएडाः नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण एवं हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड के मध्य 27 अप्रैल 2026 को एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते के तहत नोएडा के मध्य क्षेत्र में 13 स्थानों पर इलेक्ट्रिक वाहन बैटरी बदलने के केंद्र स्थापित किए जाएंगे।



यह पहल मुख्य कार्यपालक अधिकारी कृष्णा करूणेश के निर्देशन में की गई है। इसका उद्देश्य शहर में प्रदूषण को कम करना और इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग को बढ़ावा देना है।

परियोजना के अंतर्गत सभी 13 बैटरी स्वैपिंग केंद्र हिन्दुस्तान पेट्रोलियम द्वारा अपने व्यय पर स्थापित किए जाएंगे, जिससे प्राधिकरण पर कोई आर्थिक भार नहीं पड़ेगा। इन केंद्रों पर दुपहिया एवं तिपहिया वाहन चालक अपनी खाली बैटरी को तुरंत चार्ज बैटरी से बदल सकेंगे, जिससे समय की बचत होगी और सुविधा बढ़ेगी।

समझौते के अनुसार, परियोजना से होने वाली आय में प्राधिकरण को प्रति किलोवाट घंटे के आधार पर एक रुपये की दर से राजस्व प्राप्त होगा।

अधिकारियों के अनुसार, यह योजना शहर के सतत विकास और स्मार्ट सिटी के लक्ष्य को आगे बढ़ाने में सहायक होगी। साथ ही, इलेक्ट्रिक वाहनों के बढ़ते उपयोग से वायु प्रदूषण में कमी आने की उम्मीद है।

# जनगणना प्रशिक्षण शिविर का एसीईओ ने लिया जायजा, अनुपस्थित कर्मचारियों पर होगी कार्रवाई

## पहले दिन 24 कर्मचारी रहे नदारद, कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश

**समाज जागरण संदीप गर्ग**




ग्रेटर नोएडाः भारत की जनगणना 2027 के प्रथम चरण के तहत मकानों की गणना एवं सूचीकरण कार्य के लिए तैनात प्रगणकों और पर्यवेक्षकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण मंगलवार से शुरू हो गया है। यह प्रशिक्षण ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण द्वारा जीएल बजाज इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट, नॉलेज पार्क-4 परिसर में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें लगभग 3000 कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया जाना है।

मंगलवार को प्राधिकरण के एसीईओ सुमित यादव ने ओएसडी मुकेश कुमार सिंह, ओएसडी अजय शर्मा तथा वरिष्ठ प्रबंधक चेतराम सिंह के साथ प्रशिक्षण शिविर का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रशिक्षण की अनिवार्यता पर जोर देते हुए सभी कर्मचारियों को जनगणना कार्य को गंभीरता और रुचि के साथ संपन्न करने के निर्देश दिए।

पहले दिन 225 नामित कर्मचारियों में से 201 ने प्रशिक्षण में भाग लिया, जबकि 24 कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए। इस पर एसीईओ ने सख्त रुख अपनाते हुए अनुपस्थित कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रशिक्षण में भाग न लेने वालों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी।

अधिकारियों ने कहा कि जनगणना जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य के सफल संचालन के लिए प्रशिक्षण में सहभागिता अनिवार्य है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# तिलपता क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री पर कार्रवाई, एक अभियुक्त गिरफ्तार

## संयुक्त टीम ने 30 पव्वा हरियाणा मार्का देशी शराब के साथ आरोपी को दबोचा

**समाज जागरण संदीप गर्ग**



ग्रेटर नोएडाः उत्तर प्रदेश शासन एवं आबकारी आयुक्त के निर्देशों के क्रम में, जिलाधिकारी एवं पुलिस आयुक्त गौतमबुद्धनगर के निर्देशन तथा जिला आबकारी अधिकारी के नेतृत्व में अवैध शराब की बिक्री और परिवहन पर रोक लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई की गई।

इस क्रम में आबकारी विभाग की टीम एवं थाना सूरजपुर की संयुक्त कार्रवाई में तिलपता गोल चक्कर के पास रेलवे लाइन के समीप एक व्यक्ति को अवैध शराब बेचते हुए गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान अजय पुत्र किरण के रूप में हुई है। उसके कब्जे से 30 पव्वा मस्ताना ब्रांड हरियाणा मार्का देशी शराब (180 एमएल) बरामद की गई, जिसकी कुल मात्रा 5.40 बल्क लीटर बताई गई है।

आबकारी विभाग के अनुसार, अभियुक्त के विरुद्ध संयुक्त प्रान्त आबकारी अधिनियम 1910 की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है तथा आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जनपद में अवैध शराब के खिलाफ यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

# टीएमयू में टिकाऊ विकास मॉडल को विशेषज्ञ संकल्पित

## तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर साइंसेज की ओर से विकसित भारत 2047 के तहत सतत विकास लक्ष्यों- एसडीजीएस पर दो दिनी नेशनल कॉन्फ्रेंस में सतत कृषि, जैव विविधता संरक्षण, जल संसाधन, जलवायु लचीलापन और विकसित भारत 2047 के लक्ष्यों पर सार्थक विमर्श

**डॉ. एसएस बिस्वास बोले, प्रति व्यक्ति पेड़ बढ़ाने को कनाडा के अनुसरण की दरकार**
**चुनौतियों से निपटने को विश्लेषणात्मक सोच, नवाचार अनिवार्यः डॉ. केएस कनवाल**
**जल विश्लेषण, बायोरिमेडिएशन, प्रबंधन जल संकट का स्थायी समाधानः डॉ. गोपाल**
**कॉन्फ्रेंस में उत्कृष्ट रिसर्च पेपर का खिताब पीजी स्टुडेंट सचिन यादव की झोली में**
**पोस्टर प्रस्तुति में कुमाऊं यूनिवर्सिटी, नैनीताल की फैकल्टी डॉ. हिमानी गार्गी विजेता**
**ओरल प्रजेंटेशन में टीएमयू यूजी के आर्या, लोचन, मनी कुमारी, आनन्द राज अव्वल**

तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर साइंसेज की ओर से विकसित भारत 2047 के तहत सतत विकास लक्ष्यों- एसडीजीएस पर नेशनल कॉन्फ्रेंस में शिक्षाविदों, पर्यावरणविदों, वैज्ञानिकों ने सतत कृषि, जैव विविधता संरक्षण, जल संसाधन, जलवायु लचीलापन और विकसित भारत 2047 के लक्ष्यों पर सार्थक विचार-विमर्श किया। विशेषज्ञों ने कहा, 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए कृषि, पर्यावरण और समाज के बीच संतुलित एवम् टिकाऊ विकास मॉडल अपनाना अनिवार्य है। यूपी के संग-संग उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली, मध्यप्रदेश सरीखे सूबों के शिक्षाविदों, रिसर्चर्स आदि ने ब्लेंडेड मोड में कॉन्फ्रेंस में सहभागिता की। तीर्थंकर महावीर कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर साइंसेज के एक दर्जन यूजी और पीजी के स्टुडेंट्स ने कॉन्फ्रेंस की थीम पर रिसर्च पेपर्स और पोस्टर्स प्रजेंट किए। ज्यूरी की ओर से बेस्ट रिसर्च पेपर्स और पोस्टर्स को पुरस्कृत किया गया। एग्रीकल्चर कॉलेज के डीन प्रो. प्रवीण कुमार जैन और कॉन्फ्रेंस सचिव प्रो. गणेश दत्त भट्ट ने बताया, उत्कृष्ट रिसर्च पेपर का खिताब पीजी के स्टुडेंट सचिन यादव की झोली में रहा। पोस्टर प्रस्तुति में कुमाऊं यूनिवर्सिटी की फैकल्टी डॉ. हिमानी गार्गी विजेता रहीं, जबकि ओरल प्रजेंटेशन में यूजी के आर्या, लोचन व्यास, मनी कुमारी, आनन्द राज अव्वल रहे। कॉन्फ्रेंस के समापन समारोह का दीप प्रज्ज्वलन के संग शंखनाद हुआ। अंत में सभी मेहमानों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। संचालन डॉ. इशिता मिश्रा और डॉ. सुषमा सिंह ने किया।

ईको संस्कृति कलेक्टिव फाउंडेशन के मानद अध्यक्ष डॉ. एसएस बिस्वास सिकुड़ते जंगलों पर चिंता जताते हुए बोले, जैव विविधता के संरक्षण और विकास के लिए हमें पौधों की संख्या को बढ़ाना ही होगा। उन्होंने कनाडा का उदाहरण देते हुए कहा, हमें कनाडा के अनुसरण की दरकार है। आंकड़ें बताते हैं, कनाडा में प्रति व्यक्ति पेड़ों की संख्या कम से कम नौ हजार के करीब है, जबकि भारत में यह आंकड़ा बेहद चिंताजनक है। इसके लिए लोकल कम्युनिटी को एकजुट करने की वकालत की। ईको संस्कृति ने ग्रीन जॉब्स और स्किलिंग के जरिए ग्रामीण युवाओं को प्रशिक्षित किया है। लगभग 25 लोगों को टूरिस्ट गाइड के रूप में तैयार किया गया है। यह जमीनी स्तर पर समाज को सशक्त बनाने का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। उन्होंने गोवा को कोट करते हुए कहा, वहां के चुनिंदा गांवों में शत-प्रतिशत तक नवीनीकरण ऊर्जा का उपयोग किया जा रहा है। साथ ही कहा, देश में इंदौर ने स्वच्छता और पर्यावरण प्रबंधन का एक उत्कृष्ट मॉडल विकसित किया है। इंदौर ने मजबूत कचरा पृथक्करण, विकेंद्रीकृत अपशिष्ट प्रबंधन और कचरे से ऊर्जा जैसे अभिनव उपायों को अपनाकर देश में स्वच्छता का मानक स्थापित किया है। यह मॉडल न केवल शहरी स्वच्छता को सुधारता है, बल्कि सतत शहरी विकास की दिशा में एक प्रेरणादायक उदाहरण भी प्रस्तुत करता है। जीबी पंत राष्ट्रीय हिमालयी पर्यावरण संस्थान, उत्तराखंड के वैज्ञानिक-ई डॉ. केएस कनवाल ने जलवायु लचीलापन, जलवायु नीति और जलवायु जागरूकता के महत्व को विस्तार से समझाते हुए कहा, बदलते जलवायु परिदृश्य में कृषि प्रणाली को अधिक अनुकूल और लचीला बनाना समय की आवश्यकता है। उन्होंने एसडीजी को व्यावहारिक कृषि, समुदाय आधारित नवाचार, और अंतःविषयी सहयोग के साथ जोड़ने पर विशेष बल दिया गया।

# प्रभारी मंत्री ने गौशाला व सीएचसी बहजोई का किया निरीक्षण

**समाज जागरण**

बहजोई। जनपद संभल के बहजोई क्षेत्र में मंगलवार को प्रदेश सरकार के प्रभारी मंत्री एवं राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) होमगार्ड्स एवं नागरिक सुरक्षा, उत्तर प्रदेश धर्मवीर प्रजापति ने ग्राम वहांपुर पट्टी स्थित निराश्रित गौ आश्रय स्थल और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) बहजोई का निरीक्षण किया।



गौ आश्रय स्थल पहुंचकर मंत्री ने गोपूजन किया और गोवंशों को गुड़ व केले खिलाए। इसके बाद उन्होंने गौशाला की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि बढ़ती गर्मी और लू को देखते हुए टीनशेड पर घास-फूस की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए, ताकि पशुओं को राहत मिल सके। साथ ही चारागाह भूमि को कब्जा मुक्त कर वहां हरे चारे की बुवाई कराने के निर्देश भी दिए।

इसके उपरांत प्रभारी मंत्री ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बहजोई का निरीक्षण किया। उन्होंने इमरजेंसी वार्ड, आरवीएसके कक्ष, औषधि वितरण कक्ष और औषधि भंडार कक्ष का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने अस्पताल में भर्ती मरीजों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं।

मंत्री ने दवा वितरण व्यवस्था और एंटी-वेनम की उपलब्धता के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. तरुण पाठक ने बताया कि सांप काटने के मामलों का सीएचसी में समुचित उपचार किया जाता है, जिस पर मंत्री ने निर्देश दिया कि इसकी जानकारी मीडिया के माध्यम से व्यापक रूप से प्रसारित की जाए।

प्रभारी मंत्री ने अस्पताल में सूचना व्यवस्था को बेहतर बनाने पर भी जोर देते हुए निर्देश दिया कि डॉक्टरों के नाम, उनकी विशेषज्ञता, कक्ष संख्या और पर्ची बनवाने की प्रक्रिया को फ्लेक्स बोर्ड के माध्यम से प्रमुख स्थानों पर प्रदर्शित किया जाए, ताकि मरीजों और तीमारदारों को परेशानी न हो।

निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. तरुण पाठक, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. पंकज बिश्नोई सहित अन्य संबंधित अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# नारी सम्मान के समर्थन में उमड़ा जनसैलाब, जन आक्रोश महिला पद यात्रा और सम्मेलन सफल

**दैनिक समाज जागरण**

संभल। विकासखंड असमोली के मण्डल ऐचौड़ा कम्बौह क्षेत्र के गांव बाबूखेड़ा में मंगलवार शाम जन आक्रोश महिला पद यात्रा एवं महिला सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख संतोष देवी मौजूद रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता मण्डल अध्यक्ष रॉबिन चौधरी ने की, जबकि संचालन कार्यक्रम संयोजक निरंकार सिंह ने किया।




कार्यक्रम में क्षेत्रभर से सैकड़ों की संख्या में महिलाओं–माताओं, बहनों और युवतियों–ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और नारी सम्मान के समर्थन में एकजुटता दिखाई। पद यात्रा के दौरान गूंजते नारों ने माहौल को जोशीला बना दिया।

नारी का अपमान, नहीं सहेगा हिन्दुस्तान और नारी शक्ति का सम्मान, देश का अभिमान जैसे नारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान रहा।

महिला सम्मेलन में वक्ताओं ने महिलाओं के अधिकार, सुरक्षा और सम्मान पर जोर देते हुए समाज को जागरूक रहने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति के स्वाभिमान से किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और इसके लिए समाज को एकजुट होकर आगे आना होगा।

वक्ताओं ने इसे जनभावनाओं का सशक्त प्रदर्शन बताते हुए कहा कि अब समाज नारी सम्मान के मुद्दे पर पूरी तरह सजग और संगठित है। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित महिलाओं और कार्यकताओं का आभार व्यक्त किया गया तथा भविष्य में भी ऐसे आयोजन जारी रखने का संकल्प लिया गया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में क्षेत्र के कार्यकताओं और पदाधिकारियों का विशेष योगदान रहा।

# असमोली-मढ़न मार्ग पर बाइक-स्कूटी की आमने-सामने भिड़ंत, दो घायल

**दैनिक समाज जागरण**

असमोली। मंगलवार की शाम करीब 8 बजे असमोली-मढ़न मार्ग पर सीडल पेट्रोल पम्प के सामने बाइक और स्कूटी की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में दोनों वाहन चालक गंभीर रूप से घायल हो गए।



जानकारी के अनुसार, एक्टिवा स्कूटी पर सवार रोहित निवासी ग्राम जयंतीपुर, जनपद मुरादाबाद असमोली की ओर से मुरादाबाद जा रहा था तथा स्प्लेंडर बाइक पर सवार अक्षय पुत्र अविनाश निवासी ग्राम ऐचौड़ा कम्बौह, जनपद संभल मुरादाबाद से ऐचौड़ा कम्बौह अपने घर जा रहा था तभी सीडल पेट्रोल पंप पर आमने-सामने टकरा गए। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों चालक सड़क पर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए।

घटना की सूचना पर स्थानीय लोगों ने डायल 112 पुलिस को जानकारी दी। सूचना मिलते ही मढ़न चौकी पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस और राहगीरों की मदद से घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) असमोली भेजा गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को मुरादाबाद के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मढ़न चौकी प्रभारी सौरभ कुमार ने बताया कि सीडल पेट्रोल पम्प के सामने आमने-सामने की टक्कर में दोनों वाहन चालक घायल हुए हैं, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है।

# समय पर नलकूप न लगाना विभाग के अधिकारियों को पड़ा भारी अब होगी उनके वेतन से वसूली

**समाज जागरण**

सम्भल/बहजोई। बहजोई ग्राम श्री नगर कनैटा निवासी मोहन लाल ने बर्ष 2018 में अपने खेतों की सिंचाई करने के लिए निर्धारित शुल्क विद्युत विभाग में जमा कर आवेदन किया था परन्तु विभाग के अधिकारियों द्वारा उसे एक निजी नलकूप की किताब भी बना कर दे दी गई परन्तु उसकी न तो लाइन खींची गई और न ही उसे निजी नलकूप चलाने के लिए विद्युत आपूर्ति की गई उसके द्वारा शिकायत करने पर अधिकारियों द्वारा सिर्फ आश्वासन ही दिया जाता रहा तब उसने उपभोक्ता मामलों के विशेषज्ञ अधिवक्ता लवमोहन वार्ष्णेय के द्वारा अपनी शिकायत जिला उपभोक्ता आयोग सम्भल में परिवाद प्रस्तुत कर दर्ज कराई आयोग द्वारा विद्युत विभाग को तलब किया गया तो विभाग द्वारा आयोग को बताया गया कि परिवादी चाहे तो अपने द्वारा जमा की गई धनराशि बापिस विभाग से प्राप्त कर ले या वो कुल धनराशि 68000 रु जमा कर अपना निजी नलकूप लगवा ले इस पर वादी के अधिवक्ता लवमोहन वार्ष्णेय ने कड़ा विरोध दर्ज किया और आयोग को अवगत कराया कि विभाग के द्वारा नियमानुसार निजी नलकूप के कनेक्शन जारी नहीं किए हैं परिवादी के बाद आवेदन करने वाले लोगों के कनेक्शन जारी कर दिए हैं वादी को छः साल से लगातार परेशान किया जा रहा है उसकी फसल सुख जाती हैं उसे आर्थिक हानि और मानसिक कष्ट का सामना करना पड़ रहा हैं सभी अधिकारियों से शिकायत दर्ज कराई जा चुकी हैं परंतु कोई सुनवाई नहीं हुई तब माननीय आयोग में आना पड़ा है आयोग ने दोनों पक्षों को सुना और अपना निर्णय देते हुए विपक्षी पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड को आदेशित किया जाता है कि परिवादी मोहन लाल के मामले में संबंधित अधिशासी अभियंता, उपखण्ड अधिकारी व अवर अभियंता के वेतन से मुबलिग 68000रु की कटौती करके उक्त धनराशि को परिवादी के निजी नलकूप संयोजन स्थापित करके विद्युत आपूर्ति सुचारु रूप से चालू करें।

इसके अलावा संबंधित अधिशासी अभियंता, उपखण्ड अधिकारी व अवर अभियंता के वेतन से मुबलिग 200000 ( दो लाख) रु की कटौती करके परिवादी को पिछले 5 वर्षों में हुई फसलों की क्षति की पूर्ति के रूप में तथा 5000 बाद व्यय के मद में भी प्रदान करेंगे।

नियत अवधि में आदेश का अनुपालन न करने की दशा में क्षतिपूर्ति की धनराशि पर 9% वार्षिक की दर से ब्याज भी देय होगा।

# गर्मी को हराएं,पानी खूब पिएं और खुद को बचाएं -डॉ. टी. एस. पाल

**समाज जागरण**

चंदौसी। अप्रैल माह में बढ़ती भीषण गर्मी और लू से बचने के लिए दोपहर 12 बजे से 3 बजे के बीच धूप में निकलने से बचें और ठंडे पेय पदार्थों का सेवन करें। घर को ठंडा रखने के लिए पर्दे बंद रखें और छायादार जगहों पर रहें।




प्यास न लगने पर भी पानी पीते रहें। ओआरएस (ORS), नींबू पानी, छाछ, और नारियल पानी का सेवन ज्यादा करें क्योंकि ये शरीर में इलेक्ट्रोलाइट्स की कमी को पूरा करते हैं। हल्का भोजन करें। खीरा, तरबूज, खरबूजा जैसे पानी की मात्रा वाले फल खाएं। धूप में बाहर निकलते समय हल्के रंग के, सूती और ढीले कपड़े पहनें। सिर को टोपी, स्कार्फ या छाते से ढकें। अगर दोपहर में घर से निकलना जरूरी हो तो सनस्क्रीन लगाएं और चश्मा पहनें।दिन के समय घर की खिड़कियां और पर्दे बंद रखें ताकि गर्म हवा अंदर न आए। शाम और रात में खिड़कियां खोलें। ठंडे पानी से नहाएं या गीले कपड़े से शरीर को पोंछें। भारी शारीरिक काम सुबह या शाम के ठंडे समय में करें।

सामाजिक कार्यकर्ता डॉ टीएस पाल ने गर्मी से बचाव के लिए घरेलू उपाय अपनाने का आग्रह किया। चने का सत्तू पेट को ठंडा रखता है और लू से बचाता है, कच्चे आम का पन्ना शरीर को तुरंत ठंडक प्रदान करता है नारियल पानी और छाछ का उपयोग करें ये इलेक्ट्रोलाइट्स की कमी को पूरा करते हैं। पुदीना और नींबू का पानी शरीर को रिफ्रेश करता है। सौंफ का पानी का उपयोग करें यह पाचन सुधारता है और पेट की गर्मी को कम करता है। खीरा और ककड़ी का ज्यादा लें। इनमें पानी की उच्च मात्रा होती है, जो शरीर को हाइड्रेटेड रखते हैं। तरबूज और खरबूजा का ज्यादा लें। ये फल शरीर को ठंडा रखते हैं। भोजन में दही या छाछ का सेवन बढ़ाएं, मसालेदार खाने से परहेज करें। कम तेल और कम मसाले वाला हल्का खाना खाएं। घर मे दही,नीबूं,ओआरएस,पोधीना जरूर रखें। गर्मी से बचने के लिए छायादार और नमी प्रदान करने वाले पेड़-पौधे ज्यादा लगाना जरूरी है। जिनमें नीम, बेल, करंज और इमली जैसे छायादार वृक्ष तापमान कम करने में बहुत सहायक होते हैं। ये पेड़ वाष्पोत्सर्जन के माध्यम से न केवल छाया देते हैं, बल्कि हवा को शुद्ध और ठंडा भी रखते हैं।

# सीएम के प्रस्तावित दौरे से पूर्व सभास्थल का निरीक्षण, सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश

## जिलाधिकारी जसजीत कौर व पुलिस अधीक्षक ने अफजलगढ़ क्षेत्र में तैयारियों का लिया जायजा

**समाज जागरण**

बिजनौरः मा. मुख्यमंत्री के प्रस्तावित 2 मई 2026 के जनपद भ्रमण कार्यक्रम को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में जसजीत कौर ने अभिषेक झा के साथ सुरक्षा एवं अन्य व्यवस्थाओं के दृष्टिगत प्रस्तावित सभास्थल का निरीक्षण किया।



यह निरीक्षण अफजलगढ़ के निकट ग्राम आलमपुर गांवड़ी स्थित बढ़ापुर विधायक के फार्म हाउस पर किया गया, जहां मुख्यमंत्री की सभा प्रस्तावित है। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट स्मृति मिश्रा, अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी सहित लोक निर्माण विभाग, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने हेलीकॉप्टर लैंडिंग स्थल, सभास्थल, प्रेस गैलरी, सेफ हाउस, पार्किंग सहित विभिन्न व्यवस्थाओं का चिन्हांकन किया और अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी व्यवस्थाएं निर्धारित मानकों के अनुसार समय से पूर्ण कर ली जाएं।

उन्होंने विशेष रूप से सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ रखने और कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए सभी विभागों के बीच समन्वय बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए।

# लग रहे गैस प्लांट से पाइपलाइन बिछाये जाने के संबंध में संबंधित पेट्रोलियम मंत्रालय को अवगत कराया गया

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर नजीबाबाद लग रहे गैस प्लांट से घरेलू गैस पाइप लाइन बिछाये जाने के संबंध में पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के डिप्टी सेक्रेटरी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं आरटीआई कार्यकर्ता ने पूर्व में केंद्रीय पेट्रोलियम एवं गैस मंत्री को भेजे एक पत्र में अवगत कराया था कि आदर्श नगर क्षेत्र में स्थित हिंदुस्तान पेट्रोलियम डिपो की खाली जमीन पर गैस प्लांट लगाया जा रहा है जिसमें भविष्य में गैस सिलेंडरों की रिफलिंग का काम होगा आरटीआई कार्यकर्ता ने सुझाव दिया कि अगर उक्त गैस प्लांट से पाइपलाइन बिछाकर अगर नगर पालिका नजीबाबाद क्षेत्र और आसपास के क्षेत्र के लोगों को पाइपलाइन के माध्यम से भविष्य में घरेलू और व्यावसायिक गैस कनेक्शन उपलब्ध करा दिए जाए तो क्षेत्र की जनता को काफी राहत मिलेगी!



उधर आरटीआई कार्यकर्ता द्वारा की गई शिकायत के परिपेक्ष में पेट्रोलियम मंत्रालय ने इस संबंध में पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस के डिप्टी सेक्रेटरी रवि पांडे को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए हैं

# गौ रक्षको द्वारा 27 अप्रैल को गौ रक्षक सम्मान दिवस के रूप में मनाया गया

**दैनिक समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर नजीबाबाद सोमवार को गौ रक्षको द्वारा 27 अप्रैल को गौ रक्षक सम्मान दिवस के रूप में मनाया गया। जिसमें गौ रक्षकों बड़ी तादाद में एकत्र होकर गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करने पर का आह्वान किया। गौरक्षकों का कहना है कि आज गौ माता की स्थिति बहुत ही दयनीय है जो की देखने को भी मिलती है लोग दूध के लालच में गौ माता को पाल तो लेते हैं लेकिन अगर गौ माता दूध देने लायक नहीं रहती तो उसे सड़कों पर भड़काने के लिए छोड़ देते हैं जिसके कारण उसकी स्थिति बद से बत्तर होती जा रही है जिसके लिए सरकार को गौ माता की रक्षा के लिए कड़े कदम उठाने की आवश्यकता है गौर रक्षों का कहना है कि गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा देना चाहिए जो लोग गौ हत्या जैसा जगन्य अपराध कर रहे हैं। उन पर लगाम लगाई जा सके।




गौ माता सम्मान दिवस पर दीपक सैनी ,मोहित शर्मा , नदीम सिद्दीकी, तुषार कश्यप, विवेक शर्मा ,गौरव कश्यप, आशु कश्यप ,लक्की कश्यप, प्रियांशु ,शिवम, विपिन, यश, मनीष कश्यप ,कमल ,अनमोल कश्यप ,अभिषेक ,कार्तिक, सुमित कुमार, गीतांशु गडरिया, अभिषेक सैनी, नीरज सैनी, विशाल ,निखिल सैनी ,मन्नू कुमार ,अभिषेक कुमार ,सुनील सैनी ,आशीष ,अनमोल कश्यप, शिव कश्यप, मोंटी कश्यप, अमन सारण ,रोहित कश्यप ,धनु, करण कश्यप, चिंटू आदि गौ रक्षक उपस्थित रहे

# अस्थाई गो-आश्रय स्थल फीना का निरीक्षण, गोवंश स्वस्थ पाए गए

**दैनिक समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर जिलाधिकारी जसजीत कौर के निदेर्शों के अनुपालन में अस्थाई गो आश्रय स्थल फीना का पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. स्वाति सचान तथा खंड विकास अधिकारी नूरपुर दिनेश कुमार शर्मा द्वारा निरीक्षण किया गया।




निरीक्षण के समय 480 गोवंश संरक्षित पाए गए। गो- आश्रय स्थल का निरीक्षण करने पर गोवंश स्वस्थ पाए गए। गो- आश्रय स्थल में 02 गोवंश बीमार/ कमजोर पाए जाने पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. स्वाति सचान द्वारा अवगत कराया गया कि उनको नियमित रूप से प्राथमिक चिकित्सा उपलब्ध कराई जा रही है। इस अवसर पर उनके द्वारा संरक्षित गोवंशों को भूसा/ हरा-चारा/दाना चोकर एवं स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता / निर्वाध आपूर्ति सुनिश्चित किए जाने के साथ साफ सफाई रखने के निर्देश गौशाला संचालक एवं सचिव दिए गए।

# डेढ़ हफ्ते में वन विभाग पकड़ा तीसरा गुलदार

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर नगीना । ग्रामीणों की मांग पर वन विभाग द्वारा लगाये गये पिंजरे में एक और गुलदार कैद हो गया यह वन विभाग की डेढ़ हफ्ते में तीसरी सफलता है। इससे ग्रामीणों ने राहत की सास ली। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने गुलदार को कब्जे में कर कृषि विज्ञान केंद्र ले आए जहां से दूर स्थान पर भेजने के लिए कार्रवाई में जुट गए हैं सीओ सर्किल क्षेत्र के ग्राम हमजापुर कटहेर के जंगलों में नर-- मादा का जोड़ा कई माह से लगातार घूम रहा था जो दर्जन भर के करीब गांव के कुत्तों को निवाला बन चुके थे जिससे ग्रामीण दहशत के मारे खेती संबंधी कार्यों को टोलिया बनाकर जंगलों को आ जा रहे थे तथा शाम होते ही गांव मे कर्फ्यू जैसा माहौल दिखाई देने लगता था। ग्रामीणों की बेहद मांग पर वन विभाग के अधिकारियों ने पवन कुमार के खेत में गुलदार पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया था। सोमवार की तड़के खेतो पर काम करने जा रहे ग्रामीणों ने गांव में जाकर बताया कि पिंजरे में गुलदार कैद हो गया है यह सुनते ही गुलदार को देखने के लिए सैकड़ो ग्रामीण मौके पर जमा हो गए ग्रामीणों ने वन विभाग को सूचना दी



सूचना मिलते ही वन विभाग कि टीम मौके पर पहुंची और ग्रामीणों को तितर-बितर कर पिंजरे में कैदछं गुलदार को अपनी कस्टडी में ले लिया। और नगीना कोतवाली मार्ग स्थित कृषि विज्ञान केंद्र ले आये। जहां से दूर भेजने के लिए कार्यवाही में जुड़ गए हैं। इस संबंध में वन दरोगा धर्मेंद्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया के यह पकड़ा गया गुलदार मादा है।इसे कहां भेजना है यह आदेश लखनऊ से मिलेंगे उधर गांव के ही एक विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेंद्र कुमार ने बताया कि क्षेत्र में पिछले काफी दिनों से नर मादा का यह जोड़ा पिछले काफी समय से ग्रामीणों को दिखाई दे रहा था और गांव के दर्जनों कुत्तों को अपने वाला बन चुका था। यह न र मादा गुलदार का जोड़ा कभी-कभी तो गांव में भी घुस आया करता था।

# सीमावर्ती गांवों में चौपाल लगाकर जिलाधिकारी ने विकास कार्यों की समीक्षा की

## महिला सशक्तिकरण, आधारभूत सुविधाओं और सामाजिक योजनाओं में तेजी लाने के निर्देश

**दैनिक समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

बिजनौरः जसजीत कौर ने जनपद के सीमावर्ती ग्राम पंचायतों में चौपाल आयोजित कर विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए।




जिलाधिकारी ने विकास खंड नजीबाबाद की ग्राम पंचायत मोटाढाक तथा विकास खंड कोतवाली की ग्राम पंचायत तेलीपाड़ा और जहानाबाद में आयोजित चौपालों के माध्यम से आधारभूत संरचना, महिला सशक्तिकरण एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की।

महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से उल्लेखनीय कार्य सामने आए। ग्राम पंचायत तेलीपाड़ा में 11 समूहों को 10.02 लाख, मोटाढाक (कौड़िया) में 25 समूहों को 28.88 लाख तथा जहानाबाद में 35 समूहों को 36.8 लाख का ऋण उपलब्ध कराया गया है। इन समूहों के माध्यम से महिलाओं को डेयरी, पशुपालन, हस्तशिल्प और अन्य स्वरोजगार गतिविधियों से जोड़ा जा रहा है, जिससे उनकी आय में वृद्धि हो रही है। सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के तहत महिलाओं को पेंशन, स्वास्थ्य और खाद्य सुरक्षा योजनाओं का लाभ प्राथमिकता से दिया जा रहा है।

इसी क्रम में ग्राम पंचायतों में आधारभूत सुविधाओं का भी विस्तार किया गया है। तेलीपाड़ा में 33 सोलर लाइट, 70 एलईडी लाइट एवं हाईमास्ट लाइट लगाई गई हैं। मोटाढाक में 70 एलईडी और 20 सोलर लाइट स्थापित की गई हैं, जबकि जहानाबाद में 40 सोलर लाइट के माध्यम से रोशनी की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में भी प्रगति देखने को मिली है। विभिन्न ग्राम पंचायतों में आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, पेंशन और आवास योजना के लाभार्थियों की संख्या में वृद्धि हुई है। विद्यालयों में बिजली आपूर्ति, डिजिटल लैब और कंप्यूटर सुविधाएं उपलब्ध कराकर विद्यार्थियों को तकनीकी रूप से सक्षम बनाया जा रहा है। जल जीवन मिशन के अंतर्गत पेयजल आपूर्ति एवं स्वच्छता कार्य प्रगति पर हैं। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि निमार्णाधीन कार्यों को शीघ्र पूर्ण कर ग्रामीणों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं।

जिलाधिकारी ने कहा कि प्रशासन सीमावर्ती ग्राम पंचायतों के समग्र विकास, महिला सशक्तिकरण और सामाजिक सुरक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है तथा विकास की गति को निरंतर बनाए रखा जाएगा।

# स्योहारा में आवारा कुत्तों का आतंक: गुरुद्वारा के पास बच्चों पर हमला, CCTV में कैद घटना से मचा हड़कंप

**दैनिक समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर स्योहारा। नगर के गुरुद्वारा क्षेत्र में आवारा कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। हालत यह है कि अब तक कई लोग, खासकर मासूम बच्चे, कुत्तों के हमले का शिकार हो चुके हैं। इलाके में डर का माहौल इस कदर है कि स्कूल आने-जाने वाले बच्चे दहशत के साये में गुजरने को मजबूर हैं।



ताजा मामला एक-दो दिन पहले का है, जिसका वीडियो सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हुआ है। फुटेज में साफ देखा जा सकता है कि स्कूल से जा रहे बच्चों पर अचानक कुत्ते ने हमला कर दिया। गनीमत रही कि पास में मौजूद एक दुकानदार ने बहादुरी दिखाते हुए तुरंत बच्चों को बचा लिया, वरना बड़ा हादसा हो सकता था।

स्थानीय लोगों का कहना है कि गुरुद्वारे के आसपास आवारा कुत्तों का झुंड अक्सर बना रहता है और आए दिन राहगीरों पर हमला करता है। लगातार हो रही घटनाओं से क्षेत्रवासियों में भारी आक्रोश है और मामला थाने तक पहुंच चुका है।

**प्रशासन से उठी सख्त मांगः**

लोगों ने नगर पालिका प्रशासन से तत्काल अभियान चलाकर आवारा कुत्तों को पकड़ने और क्षेत्र को सुरक्षित बनाने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

बच्चों की सुरक्षा पर सवालः

लगातार हो रहे हमलों ने बच्चों की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं, जिस पर जल्द ठोस कदम उठाना बेहद जरूरी है।

# मंडावली थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर मंडावली। क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने और आमजन में सुरक्षा की भावना को और सुदृढ़ करने के उद्देश्य से थाना मंडावली पुलिस ने जोरदार फ्लैग मार्च निकाला। थाना प्रभारी राकेश कुमार के नेतृत्व में निकले इस फ्लैग मार्च में पुलिस बल पूरी मुस्तैदी के साथ नजर आया।



फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस टीम ने प्रमुख मार्गों, व्यस्त बाजारों और संवेदनशील इलाकों में पैदल गश्त करते हुए लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। पुलिस की मौजूदगी से पूरे शहर में सतर्कता का माहौल बना रहा और आमजन ने भी राहत महसूस की। इस दौरान थाना प्रभारी राकेश कुमार ने लोगों से सीधे संवाद करते हुए कहा कि वे बेखौफ होकर अपना कार्य करें और किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। उन्होंने नागरिकों से कानून का पालन करने और आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील भी की।

पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था भंग करने की किसी भी कोशिश को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और ऐसे तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। फ्लैग मार्च के चलते क्षेत्र में सुरक्षा का माहौल और अधिक मजबूत हुआ, वहीं पुलिस-जन सहयोग की भावना भी देखने को मिली, जिससे लोगों का भरोसा पुलिस पर और बढ़ा है।

# विश्व हिन्दू परिषद के पदाधिकारियों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

**समाज जागरण**



शामली।(फुरकान जंग) मंगलवार को विश्व हिंदू महासंघ के पदाधिकारियों ने डीएम आलोक यादव से मुलाकात कर एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें उन्होंने जिले के प्रमुख चौक को वंदे मातरम चौक घोषित करने की मांग की।
ज्ञापन में पदाधिकारियों ने कहा कि वंदे मातरम का उद्घोष देशवासियों में अद्भुत ऊर्जा, देशभक्ति और समर्पण का भाव उत्पन्न करता है। उन्होंने बताया कि प्रदेश के सभी जिलों में प्रमुख चौकों को वंदे मातरम चौक के रूप में घोषित करने के लिए एक ज्ञापन 23 मार्च, शहीद दिवस के अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष भिखारी प्रजापति के निर्देश पर
जिला धिकारियों को भेजा गया था। विश्व हिंदू महासंघ की जिला इकाई शहर के व्यस्ततम चौक को वंदे मातरम् चौक के रूप में विकसित करेगी। इसके अंतर्गत शहीदों के चित्र, तिरंगा ध्वज, यातायात संकेतक, भारत माता के चित्र और वंदे मातरम गीत की पट्टिका लगाई जाएगी। इस परियोजना का उद्घाटन डीएम द्वारा किए जाने का प्रस्ताव भी रखा गया है। विश्व हिंदू महासंघ के पदाधिकारियों में प्रमुख रूप से पंकज वालिया, प्रदीप, रविंद्र सिंह कालखण्डे, अरुण कुमार, सतीश कुमार आदि मौजूद रहे।

# तीन दिवसीय इंटर हाउस क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन

**समाज जागरण**



शामली। शहर के बीएसएम स्कूल में मंगलवार को तीन दिवसीय इंटर हाउस क्रिकेट प्रतियोगिता का अंतिम दिन बड़े उत्साह और जोश के साथ संपन्न हुआ। प्रतियोगिता का तीसरा और अंतिम दिन कक्षा 9 से कक्षा 12 तक के विद्यार्थियों के बीच आयोजित रोमांचक मुकाबलों से भरा रहा, जिनमें सभी खिलाड़ियों ने अपनी बेहतरीन प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रधानाचार्य राहुल चौधरी, मैनेजर छाया सिंह, चेयरमैन सूर्यवीर सिंह और उप प्रधानाचार्य आशु पंडित ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर एवं उन्हें प्रोत्साहित करते हुए की। आज के मुकाबलों में वॉरियर हाउस और एक्सप्लोरर हाउस के बीच पहला मैच हुआ। वॉरियर हाउस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 ओवर में 44 रन बनाए, जबकि एक्सप्लोरर हाउस ने 46 रन बनाकर रोमांचक जीत हासिल की। दूसरे मैच में इनोवेटर हाउस और अवेंजर हाउस आमने-सामने रहे। इनोवेटर हाउस ने 56 रन बनाए, लेकिन अवेंजर हाउस ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 58 रन बनाकर मैच जीत लिया। फाइनल मुकाबला एक्सप्लोरर हाउस और अवेंजर हाउस के बीच हुआ। अवेंजर हाउस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 ओवर में 56 रन बनाये, जबकि एक्सप्लोरर हाउस ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 58 रन बनाकर प्रतियोगिता में पहला स्थान हासिल किया। अवेंजर हाउस को दूसरा स्थान मिला। वहीं, तृतीय स्थान के लिए इनोवेटर हाउस और वॉरियर हाउस के बीच मुकाबला हुआ, जिसमें इनोवेटर हाउस ने रोमांचक जीत हासिल की। कार्यक्रम के समापन पर विजेता और उपविजेता टीमों को प्रधानाचार्य, मैनेजर, चेयरमैन और उप प्रधानाचार्य द्वारा ट्रॉफी और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# नौकरी का झांसा देकर रुपए ठगने वाला आरोपी गिरफ्तार

**समाज जागरण**



शामली।(फुरकान जंग) शहर कोतवाली पुलिस ने नौकरी का झांसा देकर ठगी करने के मामले में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। अभियुक्त ने विभिन्न तिथियों में करीब डेढ लाख रुपए की ठगी की थी। शहर कोतवाली क्षेत्र के गांव लांक निवासी शिवम पुत्र अनिल कुमार से विभिन्न तिथियों में कुल 1.50 लाख रुपये की ठगी की थी। इस घटना के सम्बन्ध मे शिवम की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी थी। मंगलवार को एसपी एनपी सिंह के निदेर्शानुसार चलाए जा रहे अभियान में शहर कोतवाली पुलिस ने चेकिंग के दौरान नौकरी का झांसा देकर ठगी करने के मामले में वांछित अभियुक्त मोहित उर्फ आरव पुत्र महेश कुमार निवासी इरशादपुर मजरा, कस्बा जलालाबाद थाना थानाभवन को गिरफ्तार किया। पुलिस ने पकडे गए अभियुक्त से पूछताछ करते हुए जेल भेज दिया।

# शॉर्ट सर्किट से दुकान में लगी आग लाखों का सामान जलकर खाक

**समाज जागरण**
**झिंझाना। (फुरकान जंग)**



क्षेत्र के गांव नौनागली में बीती रात में घर में शार्ट सर्किट से आग लग गई। जिसने घर के बराबर में ही परचून की दुकान को भी अपने चपेट में ले लिया।आग की सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया। लेकिन जब तक घर का एवं दुकान का लाखों का सामान जलकर राख हो गया।गनीमत रही कि घटना में कोई जन हानि नहीं हुई। क्षेत्र के गांव नौनागली निवासी ललित जैन पुत्र श्रीपाल जैन के घर में लगभग 11:00 बजे शॉर्ट सर्किट होने से घर में आग लग गई । आग ने घर से सटी परचून की दुकान को भी अपनी चपेट में ले लिया जिसमें दुकान में रखें फ्रिज, एलईडी,एसी, पंखे, कूलर सहित दुकान व मकान का सारा सामान जलकर राख हो गया। घटना के समय पूरा परिवार गहरी नींद में था घर से आग की लपटे उड़ती देखकर गांव वालों ने घर का दरवाजा तोड़कर वहां सो रहे ललित उसकी पत्नी, श्रीपाल जैन एवं उनकी पत्नी कांता, पोती परी व 2 साल के पोते को ग्रामीणों ने वह बामुश्किल बाहर निकाल और उनकी जान बचाई। इसमें आग बुझा रहे गांव का युवक जुनैद पुत्र कल्लू के ऊपर जलती हुई एलईडी गिरने से पैर में गर्म कांच घुस गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया ग्रामीण में रात्रि में ही घायल को गढ़ी पुख्ता के प्राइवेट चिकित्सक के यहां उपचार दिलाया। आग बुझाते समय श्रीपाल जैन के हाथ में पैर भी झुलस गए। आग इतनी विकराल थी कि घर की छत में लगी कड़िया भी धू धू कर जल उठी जिसके चलते घर की छत नीचे आ गिरी। सूचना पर डायल 112 व फायर ब्रिगेड ने चार घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया आग लगने से पूरा परिवार दहशत में है तथा भुखमरी के कगार पर पहुंच गया है। पीड़ित परिवार ने बताया लगभग 15 लाख रुपए का भारी नुक्सान हुआ है परिवार ने प्रशासन से घटना में सहायता की मांग की है।

# घर के बाहर फायरिंग कर जान से मारने की धमकी, छह पर मुकदमा दर्ज

**समाज जागरण कांधला।**
थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत निवासी एक व्यक्ति ने गांव के ही छह लोगों पर घर के बाहर फायरिंग करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित का कहना है मुकदमा दर्ज होने के बाद भी आरोपी गांव में खुलेआम घूम रहे हैं पीड़ित ने एसपी शामली से शिकायत कर आरोपियों को गिरफ्तारी की मांग की है। थाना क्षेत्र के गांव गाड़ी दौलत निवासी मुनीर पुत्र आदिल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गांव निवासी वसीम समेत अन्य आरोपी आपराधिक प्रवृत्ति के हैं और उनके खिलाफ पहले भी कई गंभीर मामले दर्ज बताए गए हैं। आरोप है कि पुरानी रंजिश के चलते आरोपी लगातार उसके परिवार को धमकियां दे रहे थे।पीड़ित के अनुसार 24 मार्च को उसके घर के सामने फायरिंग की गई थी। इसके बाद 12 अप्रैल को वसीम, दानिश, अकरम, आजम, दिलशाद और अन्य साथी दोबारा गली में पहुंचे और कथित रूप से फायरिंग करते हुए जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। घटना की वीडियो और फोटो भी होने का दावा किया है।पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपितों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। आरोपी बुलेट बाइक से उनके घर के बाहर का छोड़कर उन्हें आवश्यक रूप से परेशान करते हैं।पीड़ित का कहना है कि आरोपी गांव में खुले आम घूम रहे है पीडित व उसके परिवार को आरोपियों से जान का खतरा है पीड़ित एसपी से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है की जानकारी मिली है जल्दी आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

# साईंयां के चेयरमैन अंकित गोयल के नेतृत्व में उधमियों ने की डीएम से मुलाकात

**समाज जागरण**



शामली।(फुरकान जंग) लघु उद्योग भारती के मंडल अध्यक्ष एवं साईमा के चेयरमैन अंकित गोयल के नेतृत्व में जनपद के उद्यमियों ने डीएम आलोक यादव से मुलाकात की। उद्यमियों ने औद्योगिक परिदृश्य के बारे में विस्तार से जानकारी दी।
अंकित गोयल और अन्य उद्यमियों ने बताया कि एक जनपद, एक उत्पाद योजना के तहत वर्तमान में जनपद में लगभग 32 फैक्ट्रियां संचालित हैं और कुल मिलाकर लगभग 300 औद्योगिक इकाइयां काम कर रही हैं। डीएम आलोक यादव ने कहा कि उनका उद्देश्य शामली जनपद का चौमुखी विकास करना है, जिसके लिए उन्हें जनपदवासियों का सहयोग अपेक्षित है। उन्होंने उद्यमियों के प्रति अपनी सकारात्मक सोच व्यक्त की और आश्वासन दिया कि जनपद के औद्योगिक विकास हेतु वे हमेशा उद्यमियों के साथ खड़े रहेंगे। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि जिला उद्योग बंधु की बैठकों में उद्यमियों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। बैठक में अंकित गोयल, आलोक जैन, अभिनव बंसल, कमल गोयल, आशीष अग्रवाल, अमित जैन, मुकेश जिंदल, मयंक जैन, राजीव जैन, निखिल ऐरन, विकास गर्ग और रोहित गर्ग मौजूद रहे।

# चचेरे भाइयों में खेत की मेड़ तोड़ने को लेकर संघर्ष

**समाज जागरण**
शामली।(फुरकान जंग) जमीनी विवाद को लेकर चचेर भाईयों में खेत की मेड तोडने को लेकर संघर्ष हो गया। दोनों पक्षों में हुई मारपीट के बाद दो सगे भाई घायल हो गए। घायलों को शामली के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका ईलाज चल रहा है। झिंझाना क्षेत्र के गांव सकौती निवासी संदीप व प्रदीप पुत्रगण महक सिंह का आरोप है कि मंगलवार सुबह वह अपने खेत पर पानी चलाने के लिए गए थे। आरोप है कि इसी दौरान चचेरे भाई विशाल, विवेक और चाचा तेजपाल वहां पहुंचे और खेत की मेड तोडकर अपने खेत में मिलाने लगे। जिसका उन्होने विरोध किया तो उक्त लोगों ने दोनों भाईयों पर हमला बोल दिया। हमले में दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची परिजनों ने घायलों को शामली के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार चल रहा है। पीडितों ने पुलिस से शिकायत कर मामले में जांच कर कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

# दिल्ली के जंतर मंतर पर होगा विशाल रैली का आयोजन

**समाज जागरण**



शामली।(फुरकान जंग) फेडरेशन फॉर नई स्टेट के कार्यवाहक अध्यक्ष रामपाल माडी ने कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश को अलग राज्य घोषित न करने से क्षेत्र के लोगों को अपेक्षित किया जाता है। एम्स हॉस्पिटल और हाईबोर्ड बैंच की स्थापना तक उक्त क्षेत्र में नही हो सकी है। जिस कारण यहां के लोगों को सैकडों किलोमीटर दूर दराज जाना पडता है।
मंगलवार को कस्बा बनत स्थित प्रमोद पटवारी के आवास पर फेडरेशन फॉर नई स्टेट के कार्यवाहक अध्यक्ष रामपाल माडी ने एक प्रेसवार्ता आयोजित की। जिसमें उन्होने कहा कि फेडरेशन द्वारा गत 14 और 15 फरवरी को उनके द्वारा दिल्ली के जंतर मंतर पर एक विशाल रैली का आयोजन किया था, जिसमें निर्णय लिया गया था कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश को प्रदेश का अलग प्रदेश बनाने के लिए आन्दोलन किया जायेगा। पश्चिम को अलग प्रदेश बनाने की मांग उनकी लंबी समय से चल रही है। पश्चिम के कई जिलो को दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में घोषित कर दिया गया, लेकिन यहां के लोगों को एनसीआर वाली कोई सुविधा नही मिलती है।इसके लिए अब वह उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों में जाकर प्रसाद प्रचार कर रहे है और जल्द की आन्दोलन की रूप रेखा तैयार करेगी। उन्होने 23 जिलों का दौरा किया औश्र 15 संगठनों का अभी तक सहयोग मिल चुका है। उन्होने कहा कि वह सुहैलदेव पार्टी के भी उपाध्यक्ष है और उनकी पार्टी भी पश्चिमी उत्तर प्रदेश को अलग प्रदेश बनाने की मांग को समर्थन करती है। उन्होने कहा कि उत्तर प्रदेश में ग्राम पंचायत चुनाव भी समय पर हो। यदि चुनाव समय पर नही होता तो ग्राम प्रधानों का समय बढाया जाये। प्रशासक जनता की समस्या को नही समझे और मनमानी करते है। उन्होने केन्द्र सरकार द्वारा पेश किए महिला आरक्षण बिल

का समर्थन किया और कहा कि पहले केन्द्र की भाजपा सरकार आने वाले चुनाव में अपनी पार्टी से टिकट देते समय 33 फीसदी महिलाओं को प्रत्याशी बनाये। इस अवसर पर जयशंकर मिश्रा, बिजेंद्र सिंह, प्रमोद पटवारी, अरविंद कुमार, अशोक कुमार आदि मौजूद रहे।

# गुलशन नगर में मुख्य मार्ग पर जलभराव बना मुसीबत

## — बस्ती में जलभराव से मच्छर और डेंगू फैलने का खतरा

— नगरपालिका पर उदासीनता का आरोप

**समाज जागरण**



कैराना।(फुरकान जंग) नगर के मोहल्ला दरबार स्थित गुलशन नगर बस्ती में मुख्य मार्ग पर जलभराव की समस्या एक बार फिर गंभीर रूप लेती नजर आ रही है। जल निकासी की समुचित व्यवस्था न होने के कारण मार्ग पर गंदा पानी भर गया है, जिससे मच्छर पनप रहे हैं और लोगों में डेंगू फैलने का खतरा बना हुआ है। बस्तीवासियों ने नगरपालिका पर उदासीनता का आरोप लगाया है। गुलशन नगर बस्ती में करीब 300 से 400 परिवार रहते हैं। इन दिनों बिन बरसात ही मुख्य मार्ग पर जलभराव हो गया है, क्योंकि जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं है। सड़क पर जलभराव के बीच आवागमन में स्कूली बच्चों के साथ–साथ महिलाओं को भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बस्ती निवासी मौलाना बिलाल अहमद ने बताया कि करीब दो माह पूर्व भी इसी स्थान पर जलभराव की गंभीर स्थिति बनी थी, जिसकी शिकायत उन्होंने मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर की थी, लेकिन समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सका। अब दोबारा हालात बिगड़ने से लोगों में रोष व्याप्त है। गर्मी के मौसम में जलभराव के चलते मच्छरों का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है। इसके चलते डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया आदि फैलने का खतरा बना हुआ है, जिससे बस्तीवासियों में दहशत का माहौल है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि नगरपालिका प्रशासन इस गंभीर समस्या की अनदेखी कर रहा है।

कई बार शिकायत करने के बावजूद केवल आश्वासन देकर टाल दिया जाता है। उन्होंने जलभराव से निजात दिलाने की मांग की है।

# चोरी के मामले में फरार चोर गिरफ्तार, भेजा जेल

**समाज जागरण**
**झिंझाना।(फुरकान जंग)**



पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष के खेत से चार माह पूर्व तारबंदी की इंगल चोरी करने के मामले में फरार चल रहे चोर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जिसके कब्जे से चोरी की गयी इंगल बरामद की है, पुलिस ने चोर के खिलाफ चालानी कार्रवाई की है।भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सतेन्द्र तोमर ने लगभग चार माह पूर्व 14 जनवरी को पुलिस को खेत से तारबंदी की लोहे की इंगल चोरी होने की सूचना दी थी। जिसमें पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी थी। जिसमें मंगलवार को उपनिरीक्षक पवन कुमार ने मामले में फरार चल रहे उमैर पुत्र शाहनवाज निवासी मौहल्ला चौक झिंझाना हाल पता मौहल्ला खैल खुर्द कैराना को गिरफ्तार किया है।जिसके कब्जे से पुलिस ने तारबंदी के लिए इस्तेमाल होने वाली चार लोहे की इंगल बरामद की है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी चोर उमैर के खिलाफ चालानी कार्रवाई की हैं। कोतवाली प्रभारी वीरेंद्र कसाना ने बताया चोरी के मामले में फरार चल रहे एक चोर उमैर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की गयी इंगल बरामद कर चालानी कार्रवाई की गयी है।

# व्यापारियों के प्रतिनिधि मंडल ने एसडीएम से की मुलाकात

**समाज जागरण**
शामली।(फुरकान जंग) पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के एक प्रतिनिधिमंडल ने नवनियुक्त एसडीएम निधि भारद्वाज से मुलाकात की।



प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग ने कहा कि व्यापार मंडल के पदाधिकारी हमेशा क्षेत्र के विकास कार्यों में एसडीएम का सहयोग करेंगे। मौके पर सुभाषचंद्र धीमान, सूर्यवीर सिंह, रवि संगल, अमित गर्ग, महेश धीमान, ऋषभ जैन, राजेश जैन, शिवांक गर्ग, रोहित संगल मौजूद रहे।

# सलेमपुर रोड के किसानों ने डीएम को सौंपा शिकायती पत्र

**समाज जागरण शामली।(फुरकान जंग)**
कांधला क्षेत्र के सलेमपुर रोड पर किसानों को बड़ी हुई परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। किसानों ने डीएम आलोक यादव को एक शिकायती पत्र सौंपा है, जिसमें उन्होंने सलेमपुर रोड पर बने गहरे नालों को पक्का कराने और नालों पर पुलिया बनाने की मांग की है। किसानों का कहना है कि उनके खेत सलेमपुर रोड पर स्थित है, और रास्ते में बने गहरे नाले की वजह से उन्हें खेतीबाड़ी और पशुओं को खेत में ले जाने में कठिनाई हो रही है। नालों को पहले छोटे आकार में बनाया गया था, लेकिन अब इन नालों को बड़े आकार में गहरा कर दिया गया है, जिससे न केवल किसान बल्कि अन्य लोग भी इस रास्ते से सुरक्षित नहीं निकल पा रहे हैं। कहा कि सलेमपुर रोड पर स्थित बंजर भूमि पर पहले तालाब हुआ करता था, जिसे अब मकानों द्वारा ढक लिया गया है, जिससे जल निकासी की समस्या और बढ़ गई है। उन्होने मामले का संज्ञान लेकर नालों को पक्का कराएं और नालों पर पुलिया का निर्माण कराने की मांग की। इस अवसर पर आमिर, अनवर, रहीस शाह, अफसर, महबूब, नौशाद आदि मौजूद रहे।

# बाइक सवार युवकों को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, दो घायल

**समाज जागरण**
शामली।(फुरकान जंग) सहारनपुर से झिंझाना जा रहे बाइक सवार दो दोस्तों को अज्ञात वाहन ने टक्कर मारकर घायल कर दिया। घायलों को राहगीरों की मदद से शामली के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां से एक की दशा गंभीर होने के कारण हायर सैंटर के लिए रेफर कर दिया गया। मंगलवार को जनपद सहारनपुर के थाना ननौता क्षेत्र के गांव ढाकादाई निवासी शमशाम पुत्र मतलूब अपने एक दोस्त वाजिद के साथ बाइक पर सवार होकर किसी कार्य से झिंझाना जा रहे थे। बताया जाता है कि जब वह झिंझाना बाईपास के निकट पहुंचे तो इसी दौरान अज्ञात वाहन ने बाईक में जोरदार टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। हादसे में दोनों दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को शामली के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां शमशाद को गंभीर चोट आने के कारण हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया।

# मारपीट में दो भाइयों पर दर्ज कराया मुकदमा

**समाज जागरण**
कैराना। मारपीट करने के मामले में पीड़ित ने अपने ही दो भाइयों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। मोहल्ला आलखुर्द निवासी मसरूफ ने मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसके भाई खेती–बाड़ी और मवेशियों की देखभाल में हाथ नहीं बंटाते हैं। 25 अप्रैल की प्रातः करीब छह बजे उसे अपने भाइयों अकबर व शुऐब को मवेशियों को चारा डालने तथा दूध निकालने के लिए, तो उसके साथ मारपीट की गई, जिस कारण वह घायल हो गया। उसे धमकी भी दी गई। मामले में पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है।

# घर में घुसकर की मारपीट

**समाज जागरण**
कैराना। घर में घुसकर मारपीट के मामले में मुकदमा दर्ज कराया गया। गांव जगनपुर निवासी देवी ने मुकदमा दर्ज कराया कि गत 26 अप्रैल की दोपहर करीब डेढ़ बजे गांव का ही जेकी घर के अंदर घुस आया। आरोपी ने उसके व उसके बच्चों के साथ अभद्रता की। विरोध करने पर मारपीट की गई। शोर–शराबा होने पर ग्रामीणों ने उसकी जान बचाई। बाद में आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है।

# बाइक–टेंपो की भिड़ंत में दो घायल, रेफर

**समाज जागरण**
कैराना। बाइक और टेंपो की भिड़ंत में दो लोग घायल हो गए। उन्हें गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सोमवार देर रात मेरठ निवासी उवेश बाइक द्वारा कांधला रोड पर जा रहा था। इस दौरान ऊंचागांव के पास विपरीत दिशा से आ रहे टेंपो की बाइक की भिड़ंत हो गई, जिस कारण उवेश के अलावा टेंपो में सफर कर रहे गांव पंजीठ निवासी मुबारिक घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर एंबुलेंस मौके पर पहुंची तथा घायलों को राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से चिकित्सकों ने दोनों को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

# एलम में शुरू हुई मासिक आर्मी कैंटीन, पूर्व सैनिकों को बड़ी राहत

**समाज जागरण**
**कांधला।(फुरकान जंग)**
मेरठ आर्मी की ओर से क्षेत्र के पूर्व सैनिकों के लिए राहत भरी पहल करते हुए कस्बा एलम नगर पंचायत में विशेष मासिक आर्मी कैंटीन की सुविधा शुरू कर दी गई है। अब पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों को राशन व घरेलू सामान लेने के लिए मेरठ अथवा हरियाणा स्थित कैंटीनों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे।
मंगलवार को सेना का वाहन खाद्य सामग्री और घरेलू उपयोग का सामान लेकर एलम नगर पंचायत सभागार पहुंचा। यहां पूर्व सैनिकों ने उत्साह के साथ सेना के वाहन का स्वागत किया। सभागार में सामान व्यवस्थित रखने के बाद सेना के नियमों के अनुसार पूर्व सैनिकों को सामग्री का वितरण शुरू किया गया।इस दौरान सूबेदार राजकुमार सिंह, कैप्टन हरपाल सिंह, चंद्रपाल सिंह, राजिंद्र फौजी और महिपाल सिंह ने बताया कि एलम और आसपास के गांवों में बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक परिवार रहते हैं। उन्हें हर माह राशन लेने के



लिए मेरठ या हरियाणा जाना पड़ता था, जिससे समय और धन दोनों की बबार्दी होती थी। खासकर बुजुर्ग और अस्वस्थ पूर्व सैनिकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था।पूर्व सैनिकों ने इस समस्या को लेकर मेरठ आर्मी के कर्नल अजय कुमार समेत वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया था और एलम में अस्थायी कैंटीन शुरू करने की मांग की थी। सेना प्रशासन ने मामले का संज्ञान लेते हुए त्वरित कार्रवाई की और कैंटीन सुविधा शुरू करा दी।पूर्व सैनिकों ने सेना प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए इसे सराहनीय कदम बताया। उनका कहना है कि अब उन्हें लंबी दूरी तय नहीं करनी पड़ेगी और अतिरिक्त खर्च से भी राहत मिलेगी। जानकारी के अनुसार यह मासिक कैंटीन प्रत्येक माह एलम सभागार में आयोजित की जाएगी, जिससे क्षेत्र के सैकड़ों पूर्व सैनिक परिवार लाभान्वित होंगे।पूर्व सैनिक राजपाल सिंह ने बताया कि कैंटीन शुरू होने की सूचना आसपास के गांवों में भी दे दी गई थी। पहले ही दिन बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक घरेलू सामान लेने पहुंचे। कैंटीन व्यवस्था सेना के उच्च अधिकारियों की निगरानी में संचालित की गई।

# किसानों के प्रतिनिधिमंडल ने सांसद डॉक्टर राजकुमार सांगवान से की मुलाकात

**समाज जागरण बागपत।**



टटीरी व टिकरी का एक प्रति निधिमंडल बागपत के सांसद डॉ राजकुमार सागवान से उनके आवास पर मुलाकात की। उन्होंने क्षेत्र की समस्याओं के बारे में अवगत कराया। डॉक्टर सांगवान ने क्षेत्र के विकास के लिए कई परियोजनाओं की जानकारी दी, जिन पर उनका प्रयास चल रहा है। डॉक्टर सांगवान क्षेत्र की तरक्की के लिए निरंतर प्रयास कर रहे हैं।डॉक्टर सांगवान जोरदार तरीके से अधिकारियों के सामने अपना पक्ष रखते हैं एवं मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार एवं केंद्रीय मंत्रियों के पास जाकर क्षेत्र की समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर प्रयासरत रहते हैं। मनोज कुमार आर्य एडवोकेट ने उन्हें प्रतिकर के विषय में किसानो की समस्या से डॉक्टर सांगवान का अवगत कराया। कुसेंद्र राठी ने सर्विस रोड की बात उठाई। इस अवसर पर मुख्यतः प्रहलाद सिंह सभासद ,विनय कुमार, ऋषि पाल, राहुल शर्मा, विकास राठी ठेकेदार, संजीव राठी आदि लोग उपस्थित रहे।

# रटौल बाजार लगातार दूसरे मंगलवार पूर्ण बंद, व्यापारियों ने दिखाई एकता

## जरूरी सेवाएं रहीं खुलीं, विरोध करने वालों को दिया जवाब

**समाज जागरण चांदीनगर।**



रटौल में व्यापारियों ने एकता दिखाते हुए लगातार दूसरे मंगलवार भी बाजार पूर्ण रूप से बंद रखा। सब्जी, किराना, होटल और मेडिकल जैसी जरूरी दुकानें आम लोगों के लिए खुली रहीं। दो सप्ताह पहले रटौल नगर पंचायत में व्यापारियों ने बैठक कर सप्ताह में एक दिन मंगलवार को बाजार बंद रखने का प्रस्ताव पास किया था। नगर बनने के बाद साप्ताहिक अवकाश को लेकर विचार-विमर्श हुआ था, जिसमें व्यापारियों की सहमति से मंगलवार का दिन तय किया गया। नगर अध्यक्ष हबीब खान ने नगर पंचायत अध्यक्ष हाजी मुंतजिर और प्रशासनिक अधिकारियों को पत्र देकर इसकी जानकारी दी थी। पहले मंगलवार को भी बाजार पूर्ण रूप से बंद रहा था।दूसरे सप्ताह भी व्यापारियों ने एकजुट होकर बाजार बंद रखा। बताया गया कि कुछ लोगों ने दुकानें खुलवाने के लिए नेतागिरी करने की कोशिश की, लेकिन व्यापारियों ने उन्हें जवाब देते हुए बाजार बंद कर एकता का परिचय दिया। नगर अध्यक्ष हबीब खान ने बताया कि बाजार पूर्ण रूप से बंद है। जो व्यापारी नियम के विरुद्ध दुकान खोलेगा, उसके खिलाफ श्रम विभाग के अधिकारियों को अवगत कराया गया है। ऐसे लोगों पर प्रशासन कार्रवाई करेगा। बाजार बंद में पुलिस ने भी सहयोग किया।

# लायंस क्लब अग्रवाल मंडी ने दिव्यांगों को बांटी बैसाखियां

## जरूरतमंदों के लिए 5 जोड़ी और उपलब्ध, क्लब से कर सकते हैं संपर्क

**समाज जागरण अग्रवाल मंडी टटीरी।**




लायंस क्लब अग्रवाल मंडी की ओर से वैदिक कन्या डिग्री कॉलेज, अग्रवाल मंडी टटीरी में तीन दिव्यांग भाइयों को चलने हेतु बैसाखियां प्रदान की गई। कार्यक्रम में दीपक कुमार निवासी गांधी, अरुण कुमार निवासी सुजरा और मोहित कुमार निवासी मीतली को एक-एक जोड़ी बैसाखी दी गई। इस अवसर पर मंडलीय अध्यक्ष पीएमजेएफ लायन विनय सिसोदिया के सलाहकार एमजेएफ लायन अभिमन्यु गुप्ता ने बताया कि क्लब के पास अभी 5 जोड़ी बैसाखियां और उपलब्ध हैं। कोई भी जरूरतमंद व्यक्ति आकर ले सकता है। कार्यक्रम में लायन डॉ. कमला अग्रवाल, लायन डॉ. रामलाल, संजय कुमार सैनी, नितिन वशिष्ठ, रामकिशोर आदि उपस्थित रहे।

# श्रद्धांजलि सभा में राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने दिवंगत शिक्षिका को दी श्रद्धांजलि

**ब्यूरो चीफ विजय कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण**



घोरावल/ सोनभद्र। बीआरसी सभा गार में राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ एवं शिक्षकों ने सड़क हादसे में दिवंगत प्रधानाध्यापिका नीलम गिरी को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर भावभीनी विदाई दी गई और दो मिनट का मौन रखकर उन्हें याद किया गया। कार्यक्रम के दौरान मौजूद शिक्षकों में शोक की लहर दिखाई दी और माहौल पूरी तरह भावुक हो गया। खंड शिक्षा अधिकारी अरविंद कुमार पटेल ने श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि नीलम गिरी बेहद सजग, प्रकृति से जुड़ी और अपने कर्तव्यों के प्रति समर्पित शिक्षिका थीं, उनका असमय निधन विभाग के लिए अपूरणीय क्षति है। वहीं राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिला अध्यक्ष अशोक त्रिपाठी और महामंत्री इंदु प्रकाश सिंह ने कहा कि नीलम गिरी सौम्य, मिलनसार और हंसमुख स्वभाव की थीं तथा अपने दायित्वों के प्रति सदैव सजग रहती थीं। वाराणसी में हुए सड़क हादसे में नीलम गिरी और उनके पति की मौके पर मौत हो गई थी, जबकि उनकी शिक्षिका बेटी और दामाद का बीएचयू ट्रॉमा सेंटर में इलाज जारी है। शोकसभा में जिला मीडिया प्रभारी सौरभ कार्तिकेय, दिवाकर तिवारी, दिनेश दुबे, प्रदीप सिंह, कौसर जहां, सुनिश मौर्य, आयुष मिश्रा, हिमांशु मिश्र, एआरपी मयंक दुबे, अनिल, धनंजय, सुनील, शिवशंकर समेत कई शिक्षक मौजूद रहे।

# जीआईसी बागपत में नारी शक्ति वंदन पर संवाद, महिला आरक्षण बिल की दी जानकारी

## भाजपा जिला उपाध्यक्ष बोले- नीति निर्माण में भागीदारी महिलाओं का अधिकार

**समाज जागरण बागपत।**



राजकीय कन्या इंटर कॉलेज बागपत में बुधवार को नारी शक्ति वंदन अभियान के अंतर्गत महिला आरक्षण बिल पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष कुलदीप भारद्वाज उपस्थित रहे। उन्होंने छात्राओं से संवाद कर ऐतिहासिक महिला आरक्षण बिल के महत्व को विस्तार से समझाया। अपने संबोधन में भारद्वाज ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विचारों को उद्धृत करते हुए कहा कि नीति निर्माण में महिलाओं की भागीदारी देना कोई उपकार नहीं, बल्कि उनका स्वाभाविक अधिकार है। उन्होंने कहा कि यह बिल केवल कानून नहीं, बल्कि देश की आधी आबादी को सशक्त बनाने का मजबूत संकल्प है। उन्होंने ओजस्वी अंदाज में कहा कि जिन लोगों ने इस ऐतिहासिक अवसर में बाधा डालने का प्रयास किया, उन्हें आने वाले चुनावों में महिलाओं के कड़े आक्रोश का सामना करना पड़ेगा। आज की नारी जागरूक और सक्षम है, जो अपने सम्मान और हिस्सेदारी के लिए हर मंच पर आवाज बुलंद करेगी। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने महिला सशक्तिकरण, शिक्षा एवं नेतृत्व को लेकर अपने विचार रखे। संवाद से छात्राओं में आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता को बढ़ावा मिला। अंत में सभी ने महिला सशक्तिकरण को आगे बढ़ाने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का संकल्प लिया। यह कार्यक्रम नारी सम्मान और अधिकारों के प्रति जागरूकता का सशक्त उदाहरण बना।

# गौना और लहचौड़ा में मेधावी छात्रों का सम्मान, शील्ड-प्रशस्ति पत्र देकर बढ़ाया हौसला

## हाईस्कूल टॉपर्स को किया गया सम्मानित, प्रधानाचार्यों ने दी शुभकामनाएं

**समाज जागरण चांदीनगर।**




गौना के राजकीय विद्यालय और लहचौड़ा स्थित पीटी आरएनएस पब्लिक स्कूल में हाईस्कूल के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। दोनों जगह टॉपर्स को शील्ड व प्रशस्ति पत्र देकर उनका हौसला बढ़ाया गया। पीटी आरएनएस पब्लिक स्कूल लहचौड़ा में यूपी बोर्ड हाईस्कूल में उत्तीर्ण मेधावियों को सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रबंधक एवं प्रधानाचार्य जॉनी शर्मा ने बच्चों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया और आगे की पढ़ाई के लिए मार्गदर्शन देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय में इशिका शर्मा पुत्री मनोज शर्मा ने 89% अंक के साथ प्रथम, निधि कुमारी पुत्री मनोज कुमार ने 81% के साथ द्वितीय, मनु शर्मा पुत्री संदीप शर्मा ने 80% के साथ तृतीय और दीपा शर्मा पुत्री राजेश शर्मा ने 79.5% अंक के साथ चौथा स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जॉनी शर्मा रहे। संचालन मोहित त्यागी ने किया। इस दौरान मनोज कुमार, इरफान, सोनू हुड्डा, पूनम शर्मा, सनी, प्रदीप यादव आदि मौजूद रहे। गौना के राजकीय स्कूल में हाईस्कूल में टॉपर रहे वरुण कुमार, हर्ष शर्मा व तुषार सिंह को सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य ज्वाला प्रसाद ने कहा कि बच्चों ने मेहनत से सफलता हासिल कर मुकाम पाया है। इस मौके पर शिक्षिका भावना गुप्ता, नूतन, लक्ष्मी आदि मौजूद रहीं।

# भाजपा ब्राह्मण विरोधी पार्टी ,माता प्रशाद पाड़े

## -सिगोली तगा गांव में भगवान परशुराम की मूर्ति का अनावरण करते पहुचें सपा प्रतिपक्ष नेता माता प्रसाद पाड़े

**संसद में महिला आरक्षण बिल का नही किया विरोध -भाजपा गरीबों की नही पूजींपतियो की पार्टी, माता प्रसाद पाड़े**

**समाज जागरण चांदीनगर**



सिगोली तगा गांव में 108 रामायण पाठ 108 अखंड पाठ का आयोजन किया गया जिसमें भगवान परशुराम की मूर्ति का अनावरण करने पहुचें सपा प्रतिपक्ष नेता माता प्रसाद पाड़े नें प्रेस वार्ता में कहा की भाजपा ब्राहमण विरोधी पार्टी है,यह गरीबों की गयी पूजींपतियो की पार्टी है इस सरकार में ब्राहमणो पर सबसे ज्यादा अत्याचार हुए है। सिगोली तगा गांव में मंगलवार को शाकंभरी मंदिर में 108 रामायण पाठ व 108 अखंड पाठ जिसको 401 विद्वान पंडित सम्पूर्ण करायेगे इस कार्यक्रम में भगवान परशुराम की मूर्ति का अनावरण करने समाजवादी पार्टी सांसद और प्रतिपक्ष नेता माता प्रसाद पाड़े पहुचें जहा उन्होंने मूर्ति का अनावरण किया वही लोगो को सम्बोधित करते हुए कहा की सपा सरकार में ब्राह्मणो की हत्या की गयी है उन्होंने कहा की सपा प्रमुख के आदेश अनुसार वह सिगोली तगा कार्यक्रम में पहुचें जहा लोगो नें उन्हें बहुत प्यार दिया प्रेसवार्ता में उन्होंने कहा की संसद में सपा नें महिला आरक्षण का विरोध नही किया भाजपा महिला आरक्षण बिल की आड़ में चालाकी से संबोधन करना चाहती थी,सपा सरकार महिला आरक्षण के विरोध में नही है,उन्होंने यूसीजी बिल पर बोलते हुए कहा की भाजपा ना पिछड़ों की ना दलितों की पार्टी यह सिर्फ पूंजीपतियो की पार्टी है और उनके इशारो पर काम करती है,उन्होंने कहा की भगवान परशुराम की जयंती पर अवकाश रखने का काम भी समाजवादी पार्टी ने किया था,उन्होंने कहा की समाजवादी पार्टी शांति की बात करती है उन्होंने कहा की सिगोली तगा गांव में भगवान परशुराम का मंदिर बना और उसका अनावरण करने का उन्हें मौका मिला इसके लिए वह बागपत की जनता का धन्यवाद करते है इस मौकें पर आयोजक कर्ता सजीव त्यागी, कथा वाचक नरोतम भारद्वाज शास्त्री, रविन्द्र देव जिला अध्यक्ष,

रवि बैसला,आजादवीर,सतवीर शर्मा, योगेन्द्र शर्मा, रामोतार शर्मा, आदि मौजूद रहे।

# अंग प्रदर्शन न करें नारी, बहादुर वीरांगना बने नारी : रवि शास्त्री

**समाज जागरण बागपत।**



आर्य प्रतिनिधि सभा बागपत के द्वारा जून माह में चौधरी केहर सिंह पब्लिक स्कूल बड़ौत में आयोजित होने वाले आवासीय संस्कार शिविर के लिए नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेमोरियल इंटर कॉलेज तमेला गढी में सभा मंत्री रवि शास्त्री ने बेटियों को संबोधित करते हुए कहा हमारी बेटियां लक्ष्मी बाई की तरह बहादुर वीरांगना बने। अंग प्रदर्शन करना हमारी संस्कृति नहीं है। ऐसे विकारों से हम दूर रहें। हम प्रतिदिन महिलाओं का,माताओं ,बहनों का सम्मान करते हैं और माताओं बहनों से दोनों हाथ जोड़कर, यह विनम्र निवेदन करते हैं कि वे स्वयं अपने स्वाभिमान की रक्षा करें। ऐसे अभद्र अंग प्रदर्शन न करें, जैसा कि आजकल फेसबुक पर और नाटकों, टीवी सीरियलों, फिल्मों आदि में वे प्रदर्शन कर रही हैं। हम सभी महिलाओं से आग्रह पूर्वक निवेदन करते हैं, कि वे अंग प्रदर्शन का विरोध भी अवश्य करें। तभी माताओं बहनों के सम्मान की रक्षा हो सकेगी। अपनी रक्षा के लिए जूडो कराटे आदि मार्शल आर्ट्स विद्याओं को सीखें। आर्य समाज के द्वारा शिविरों के माध्यम से हम बेटियों को योग, प्राणायाम, आत्मरक्षा के अभ्यास, नैतिक शिक्षा आदि सिखाने का प्रयास कर रहे हैं। जिससे बेटियों का भविष्य उज्जवल हो। बढ़ती अश्लीलता को रोका जा सके। यही हम सब का कर्तव्य है। देव सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल भडल, गोल्डन ऐज पब्लिक स्कूल निरपुडा, स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल गैडबरा, धनौरा में जनसंपर्क किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य रुकम पाल यादव, प्रबंधक राजीव राणा, सविता आर्या, प्रधानाचार्य सत्यव्रत राणा, प्रधानाचार्य मनोज कुमार, धर्मपाल त्यागी, कपिल आर्य आदि उपस्थित रहे।

# समाचार लिखे जाने तक मामले में कोई तहरीर नहीं दी गई थी।

## खेत का रास्ता बंद करने और छेड़छाड़ का आरोप, थाने में दी तहरीर

**समाज जागरण कांधला।**

थाना क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने पड़ोसियों पर खेत का रास्ता बंद करने, पानी रोकने तथा विरोध करने पर छेड़छाड़ और झूठे आरोप लगाने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने मामले में थाने पहुंचकर कार्रवाई की मांग की है। कस्बा निवासी हाफिज समयदीन ने बताया कि उनके खेत थाना क्षेत्र के गांव मलकपुर के निकट है उसके खेत के पास पड़ोसियों के खेत स्थित हैं। आरोप है कि पड़ोसी जबरन खेत का पानी रोक रहे हैं और आने-जाने का रास्ता भी बंद कर दिया है। विरोध करने पर आरोपियों ने अभद्रता करते हुए गाली-गलौज की।पीड़ित का आरोप है कि मामले की शिकायत करने पर विपक्षी पक्ष ने उल्टा उसके खिलाफ छेड़छाड़ का झूठा आरोप लगाते हुए शिकायती पत्र दे दिया।पीडित ने उसके विरुद्ध दिए गए झूठे शिकायती पत्र पर पुलिस से निष्पक्ष जांच कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने तथा परिवार को सुरक्षा दिलाने की मांग की है।पुलिस का कहना है कि मामले की तहरीर प्राप्त हो गई है। जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# ससुराल में आया स्कूटी सवार हाईवे पर घायल, गंभीर हालत में रेफर

**समाज जागरण कांधला।(फुरकान जंग)**

दिल्ली सहारनपुर हाईवे स्थित किवाना मोड़ के पास शामली निवासी व्यक्ति अज्ञात वाहन की चपेट मे आने से घायल हो गया। पुलिस ने घायल को कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे उपचार के लिए भर्ती कराया गया, जहाँ से उसकी हालत नाजुक होने के चलते उसे हायर सेटर रेफर कर दिया।

शामली निवासी 45 वर्षीय हिदायतुल्लाह अपनी स्कूटी पर सवार होकर कस्बे के मोहल्ला शेखजादगान स्थित अपनी ससुराल आया था। यहाँ से काम समाप्त कर वह वापिस अपने घर लौट रहा था। जैसे ही वह किवाना मोड़ के पास पहुंचा, तो अज्ञात वाहन ने उसकी स्कूटी में टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही स्कूटी अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई। जिसमें स्कूटी सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# पीलीभीत फिर बनेगा बासमती एक्सपोर्ट हब, किसानों को मिलेगा बड़ा फायदा

## सांसद जितिन प्रसाद ने कहा कि बीज गुणन केंद्र किसानों को प्रमाणित और स्वस्थ बीज प्रदान करेगा, जिससे बासमती की किस्मों की शुद्धता बनी रहेगी और उत्पादन बढ़ेगा



कभी देश-दुनिया में अपने बासमती चावल के लिए मशहूर उत्तर प्रदेश के पीलीभीत जिले को फिर से निर्यात का केंद्र बनाया जाएगा। पीलीभीत में बासमती एक्सपोर्ट डेवलपमेंट फाउंडेशन (बीईडीएफ) का केंद्र खोला जा रहा है। मंगलवार को बीईडीएफ के लिए पीलीभीत के टांडा बिजेसी में सात एकड़ जमीन का औपचारिक हस्तांतरण किया गया। इस मौके पर केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री और स्थानीय सांसद जितिन प्रसाद ने कहा कि जिस तरह पहले कभी पीलीभीत में बासमती चावल का उत्पादन होता था, वैसे ही अब पुनः प्रयास किए जाएंगे। इस केंद्र के खुलने से किसानों को उच्च गुणवत्ता के बासमती उत्पादन के लिए प्रशिक्षण मिलेगा, जिससे वे वैश्विक बाजारों में प्रतिस्पर्धा कर सकेंगे।

बीज केंद्र से बढ़ेगा बासमती उत्पादन सांसद जितिन प्रसाद ने कहा कि बीज गुणन केंद्र किसानों को प्रमाणित और स्वस्थ बीज प्रदान करेगा, जिससे बासमती की किस्मों की शुद्धता बनी रहेगी और उत्पादन बढ़ेगा। युवाओं को बीज उत्पादन, जैविक कृषि और कृषि प्रौद्योगिकी में कौशल मिलेगा, जिससे रोजगार के अवसर पैदा होंगे और आत्मनिर्भरता

बढ़ेगी। रासायनिक अवशेष-मुक्त बासमती उत्पादन पर प्रशिक्षण से किसानों को वैज्ञानिक तरीके अपनाने का मौका मिलेगा, जिससे उनकी कृषि में सुधार होगा।

**आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा केंद्र**

इस केंद्र में आधुनिक सुविधाएं जैसे ऑडिटोरियम, स्संग्रहालय, प्रयोगशाला और जैविक कृषि के लिए इनपुट स्टोर उपलब्ध होंगे, जो प्रशिक्षण की गुणवत्ता को बढ़ाएंगे। एनसीओएनएफ के सहयोग से जैविक कृषि को बढ़ावा मिलेगा, जिससे किसान रासायनिक उपयोग से बचकर प्राकृतिक तरीकों से खेती कर सकेंगे। एफपीओ और कृषि उद्यमियों के लिए निर्यात प्रक्रियाओं पर प्रशिक्षण मिलेगा, जिससे भारत कृषि निर्यात में वैश्विक नेतृत्व स्थापित कर सकेगा।

**बासमती किसानों को मिलेगा बड़ा लाभ**

उन्होंने कहा कि इस केंद्र को एआ-ईसीआरपी द्वारा मान्यता मिलने से बासमती की नई किस्मों का परीक्षण और मूल्यांकन किया जाएगा, जिससे किसानों को बेहतर पैदावार और उच्च गुणवत्ता के अनाज का लाभ मिलेगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह केंद्र न केवल हमारे किसानों को नई तकनीकी जानकारी और वैश्विक बाजार में प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करेगा, बल्कि उनके जीवन स्तर को भी सुधारने में मदद करेगा।

इस केंद्र से मिलने वाले लाभों से किसानों की आय में वृद्धि होगी, उनहें बेहतर बीज, वैज्ञानिक प्रशिक्षण, और वैश्विक निर्यात के अवसर मिलेंगे। एपीडा और बीईडीएफ दोनों के संयुक्त प्रयास से बन रहा यह केंद्र किसानों को बेहतर गुणवत्ता, प्रशिक्षण और वैश्विक बाजार तक पहुंच प्रदान कर कृषि निर्यात विकास के लिए निरंतर कार्यरत रहेगा।

# शहीद भगत सिंह को भारत रत्न की मांग, शुरू हुआ हस्ताक्षर अभियान

**ब्यूरो चीफ विजय कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण**

सोनभद्र। शहीद ए आजम भगत सिंह को भारत रत्न देने की मांग को लेकर चाचा नेहरू पार्क में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया, जिससे माहौल पूरी तरह देशभक्ति से सराबोर हो गया। यह अभियान शहीद ए आजम भगत सिंह चेतना संस्था सोनभद्र के तत्वाधान में आयोजित हुआ, जिसमें सरदार अजीत



सिंह भंडारी, सरदार प्रितपाल सिंह, इंदु प्रकाश सिंह, विवेक सिंह पटेल, राजाराम दुबे, बृजेश श्रीवास्तव, देवानंद पाठक और राकेश चौधरी समेत कई लोगों ने हिस्सा लेते हुए हस्ताक्षर कर अपनी आवाज बुलंद की। संस्था के अध्यक्ष क्रांति सिंह ने कहा कि भगत सिंह देश के करोड़ों युवाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत हैं और उन्हें भारत रत्न मिलना चाहिए। वहीं संयोजक अभिषेक मिश्रा ने बताया कि यह अभियान सिर्फ सोनभद्र तक सीमित नहीं रहेगा बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश और देशभर में इसे चलाया जाएगा, ताकि आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले महान क्रांतिकारी को उनका उचित सम्मान दिलाया जा सके।

# राजकीय महाविद्यालय कालांवाली में अमनदीप कौर की पंजाबी विषय में नियुक्ति

**समाज जागरण कालांवाली (सुरेश जोरासिया)**

राजकीय महाविद्यालय कालांवाली, सिरसा में उच्चतर शिक्षा विभाग के आदेशानुसार पंजाबी विषय की नवनियुक्त सहायक प्रोफेसर अमनदीप कौर को नियुक्ति प्रदान की गई। कार्यकारी प्राचार्य प्रोफेसर रामलाल बलजोत ने उन्हें औपचारिक रूप से पदभार ग्रहण करवाया। इस अवसर पर महाविद्यालय



के प्रोफेसर जितेंद्र, प्रोफेसर आशना राजपूत, प्रोफेसर सुषमा देवी सहित समस्त स्टाफ ने अमनदीप कौर को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

कार्यकारी प्राचार्य प्रोफेसर रामलाल बलजोत ने बताया कि अब महाविद्यालय में पंजाबी विषय के दो नियमित सहायक प्रोफेसर हो गए हैं, जिससे विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक मार्गदर्शन मिलेगा। उन्होंने कहा कि इससे महाविद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों एवं विभिन्न समितियों के कार्यों को भी गति मिलेगी। इस अवसर पर अमनदीप कौर के पति एवं पीएचडी स्कॉलर लवप्रीत सिंह फेरोके तथा पीएचडी स्कॉलर सतनाम सिंह भंगु भी उपस्थित रहे।

# लू से श्रमिकों की सुरक्षा के लिए श्रम मंत्रालय ने जारी की राष्ट्रव्यापी एडवाइजरी

श्रम और रोजगार मंत्रालय ने देशभर में बढ़ते तापमान और लू के प्रकोप को देखते हुए कर्मियों और श्रमिकों की सुरक्षा के लिए राष्ट्रव्यापी परामर्श जारी किया है। मंत्रालय ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से श्रमिकों की सुरक्षा हेतु तत्काल निवारक और राहत संबंधी कदम उठाने का आग्रह किया है। मंत्रालय द्वारा सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों और प्रशासकों को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि घरों से बाहर और श्रम-प्रधान क्षेत्रों में कार्यरत श्रमिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए समन्वित और बहु-आयामी रणनीति अपनाना आवश्यक है। एडवाइजरी में राज्यों को नियोक्ताओं, ठेकेदारों, उद्योगों और निर्माण कंपनियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करने की सलाह दी गई है। इसके तहत विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत श्रमिकों के कार्य समय में बदलाव करने, अत्यधिक गर्मी के समय काम कम करने तथा आवश्यकतानुसार विश्राम अवधि बढ़ाने की बात कही गई है।

मंत्रालय ने कार्यस्थलों पर पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराने, विश्राम स्थलों को ठंडा रखने और निर्माण स्थलों सहित सभी श्रम क्षेत्रों में आइस पैक एवं गर्मी से बचाव की सामग्री उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। साथ ही स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर श्रमिकों के स्वास्थ्य की नियमित जांच सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया है।

कारखानों और खदानों के प्रबंधन को सलाह दी गई है कि वे श्रमिकों को अधिक लचीलापन प्रदान करें। इसमें अत्यधिक गर्मी के दौरान कार्य की गति धीमी करना, लगातार काम की स्थिति में दो सदस्यीय दल बनाना, आराम के लिए सुरक्षित स्थान उपलब्ध कराना तथा कार्यस्थलों पर पर्याप्त वेंटिलेशन और शीतलन व्यवस्था सुनिश्चित करना शामिल है।

# रेल मंडल प्रबंधक संजीव कुमार ने 13 कर्मचारियों को संरक्षा पुरस्कार से किया सम्मानित

**पंजाब जैतो रघुनंदन पराशर/समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब**

जैतो,28 अप्रैल : उत्तर रेलवे के फिरोजपुर रेल मंडल द्वारा मंगलवार को जारी प्रैस विज्ञप्ति में कहा कि फिरोजपुर मंडल में मार्च 2026 एवं अप्रैल 2026 माह की अवधि के दौरान सुरक्षित रेल संचालन में योगदान देने वाले 13 रेलकर्मियों को उत्कृष्ट कार्य के लिए सराहा गया और अपनी सूझबूझ व तत्परता से रेल संरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए उनको संरक्षा पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार मंडल के विभिन्न विभाग के कर्मचारियों की सजगता, सतर्कता और सुरक्षा के प्रति समर्पण को दशार्ता है।



अमित कुमार तकनीशियन-क, शुभम झा पॉइंट्समैन, सौरभ सिंह कनिष्ठ अभियंता, मिंटू कुमार स्टेशन मास्टर, शेर सिंह ट्रेन मेनेजर, नीतीश कुमार पॉइंट्समैन, सोनपाल मीना स्टेशन मास्टर, हिमांशु सिंह ट्रेन मेनेजर, सुशांत सिंह स्टेशन मास्टर, संजीव कुमार वर्मा पॉइंट्समैन और रमेश चंद मीना पॉइंट्समैन को ट्रेनों के सुरक्षित संचालन, पटरियों के रखरखाव तथा यात्रियों की सुरक्षा में उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

मंडल रेल प्रबंधक श्री संजीव कुमार ने कहा कि यह सम्मान इन कर्मचारियों के अच्छे कार्य एवं प्रोत्साहन देने के लिए है। इससे प्रेरित होकर मंडल के अन्य कर्मचारी भी प्रेरित होंगे तथा सजगता से ड्यूटी का अनुपालन करेंगे। इसी तरह, भविष्य में भी फिरोजपुर मंडल में सुरक्षा मानकों को बनाए रखने की दिशा में प्रयास जारी रहेंगे। इस अवसर पर वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी रोहित वर्मा, वरिष्ठ मंडल अभियंता/समन्वय सुमित खुल्लर, वरिष्ठ मंडल विधुत अभियंता/टीआरडी जीतराम, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक गुरुशरण पाठक तथा अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

# रेल मंडल ने अप्रैल में जम्मू-कश्मीर को 6 रेक चावल भेजकर 1.39 करोड कमाई आय

**समाज जागरण रघुनंदन पराशर पंजाब चीफ ब्यूरो**

जैतो,28 अप्रैल : उत्तर रेलवे के फिरोजपुर रेल मंडल द्वारा जारी प्रैस विज्ञप्ति में कहा कि पंजाब देश का अग्रणी अनाज उत्पादक राज्य है, जिसे भारत का अन्न भंडार भी कहा जाता है। यहां गेहूं एवं धान का बड़े पैमाने पर उत्पादन किया जाता है। पंजाब में उत्पादित अनाज न केवल राज्य की आवश्यकताओं को पूरा करता है, बल्कि पूरे देश के विभिन्न राज्यों की खाद्यान्न जरूरतों की पूर्ति में भी महत्वपूर्ण योगदान देता है। खाद्यान्न आपूर्ति में भारतीय रेल की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। भारतीय रेल के माध्यम से ही पंजाब के विभिन्न मंडियों एवं गोदामों से अनाज को देश के दूर-दराज के हिस्सों तक सुरक्षित, तेज एवं व्यवस्थित तरीके से पहुंचाया जाता है। विशेष रूप से फिरोजपुर मंडल से मालगाड़ियों के माध्यम से बड़ी मात्रा में अनाज का परिवहन किया जाता है, जिससे समय और लागत दोनों की बचत होती है। फिरोजपुर मंडल के फगवाड़ा, मोगा, जगराओं तथा बंगा रेलवे स्टेशनों से भारतीय खाद्य निगम द्वारा जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग के लिए अप्रैल माह, 2026 के दौरान 6 रेक चावल की आपूर्ति की गई जिससे मंडल को लगभग 1.39 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ।



कश्मीर घाटी भौगोलिक दृष्टि से पहाड़ी और सीमित कृषि योग्य भूमि वाला क्षेत्र है, जहां स्थानीय उत्पादन से पूरे वर्ष की खाद्यान्न आवश्यकता कठिन है। फिरोजपुर मंडल से रेलवे के माध्यम से चावल की आपूर्ति कश्मीर के लोगों को नियमित और पर्याप्त मात्रा में खाद्यान्न उपलब्ध हो रहा है। रेलवे के जरिए बड़े पैमाने पर चावल का परिवहन अपेक्षाकृत सस्ता, सुरक्षित और समयबद्ध होता है। इससे परिवहन लागत कम रहती है, आम लोगों को उचित दरों पर अनाज मिलता है।मंडल रेल प्रबंधक श्री संजीव कुमार ने बताया कि फिरोजपुर मंडल, देश के विभिन्न हिस्सों में खाद्यान्न आपूर्ति के लिए प्रतिबद्ध है।

# सोशल मीडिया मानहानि टिप्पणी मामला

## कंगना रनौत मानहानि गवाह पेश न होने से सुनवाई टली, अगली अगली सुनवाई 12 मई को

**पंजाब रघुनंदन पराशर जैतो /समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब**

बठिंडा,28 अप्रैल। प्रसिद्ध फिल्म अभिनेत्री व भाजपा सांसद कंगना रनौत की बठिंडा अदालत में आज निर्धारित पेशी के दौरान सुनवाई आगे नहीं बढ़ सकी। न तो कंगना रनौत खुद अदालत में उपस्थित हुईं और न ही मामले के अहम गवाह पेश हो पाए, जिसके चलते अदालत ने अगली सुनवाई के लिए 12 मई की तारीख तय कर दी।

मामले की सुनवाई के दौरान कंगना रनौत की ओर से पेश वकील ने अदालत को बताया कि इस केस में दो मुख्य गवाह गुरप्रीत सिंह व सुरजीत सिंह की गवाही होनी है। वकील के अनुसार सुरजीत सिंह



फूल पेट दर्द के कारण अस्पताल में भर्ती हैं, जिसके चलते वे अदालत में पेश नहीं हो सके, जबकि गुरप्रीत सिंह की गवाही भी आज दर्ज नहीं हो पाई।

बचाव पक्ष ने अदालत में यह भी आग्रह किया कि गवाहों की गवाही क्रमवार दर्ज की जाए। पहले सुरजीत सिंह फूल की गवाही करवाई जाए, उसके बाद गुरप्रीत सिंह और फिर महिंदर कौर की गवाही ली जाए। अदालत ने इस आग्रह को ध्यान में रखते हुए मामले की अगली सुनवाई 12 मई निर्धारित कर दी।शिकायतकर्ता पक्ष से जुड़े बुजुर्ग महिला महिंदर कौर के पति ने कहा कि वे लंबे समय से इंसाफ के लिए संघर्ष कर रहे हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि अदालत से उन्हें न्याय मिलेगा, लेकिन यदि यहां से राहत नहीं मिली तो हुकुदरत इंसाफ जरूर करेगी।हमामले की अगली सुनवाई अब 12 मई को होगी, जिसमें गवाहों की पेशी और गवाही दर्ज होने की संभावना जताई जा रही है।

# जनगणना-2027 हल्का जैतो के गिणतीकारों व सुपरवाइजरों का प्रशिक्षण आयोजित

**रघुनंदन पराशर समाज जागरण चीफ ब्यूरो पंजाब**

जैतो, 28 अप्रैल :फरीदकोट की डिप्टी कमिश्नर मैडम पूनमदीप कौर के नेतृत्व में जनगणना-2027 के पहले चरण के लिए गणनाकारों और पर्यवेक्षकों के दूसरे बैच का प्रशिक्षण हजारी लाल शिव लाल नैशनल स्कूल ऑफ एमिनेंस, जैतो में सफलतापूर्वक आयोजित किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण का तीन दिवसीय एक बैच संपन्न हो चुका है। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य जनगणना प्रक्रिया को सुचारू रूप से, पारदर्शी तरीके से और समय पर पूरा करना है। इस अवसर पर, माननीय रउद्ध जैतो बिक्रमजीत बंसल ने बताया कि जनगणना-2027 के पहले चरण के तहत, मकानों की सूची बनाने (हाउस लिस्टिंग) की प्रक्रिया 15 मई से 13 जून 2026 तक पूरी की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह देश की पहली डिजिटल जनगणना होगी, जिसके लिए कर्मचारियों को आधुनिक तकनीकी प्रक्रियाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी जा रही है। प्रशिक्षण के दौरान, मास्टर ट्रेनरों द्वारा गणनाकारों को स्व-गणना प्रक्रिया, डेटा संग्रह के तरीकों, ऑनलाइन पोर्टल के उपयोग और नागरिकों को जागरूक करने के संबंध में विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। डिप्टी कमिश्नर ने कहा कि नागरिकों के लिए स्व-गणना की सुविधा 30 अप्रैल से 14 मई 2026 तक उपलब्ध रहेगी, जिसके तहत लोग सरकारी पोर्टल पर अपने परिवार की जानकारी स्वयं दर्ज कर सकेंगे। उन्होंने प्रशिक्षित गणनाकारों को निर्देश दिया कि वे अपने अधीन कार्यरत कर्मचारियों को पूरी तरह से









प्रशिक्षित करें और उन्हें बिना किसी त्रुटि के जनगणना प्रक्रिया को पूरा करने के लिए तैयार करें। डिप्टी कमिश्नर ने कहा कि जनगणना नीति निर्माण और विकास योजनाओं का एक महत्वपूर्ण आधार है, इसलिए प्रत्येक अधिकारी और कर्मचारी को अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी निष्ठा के साथ करना चाहिए, ताकि जिले में जनगणना का कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हो सके। इस अवसर पर, श्री रणजीत सिंह खैरा (तहसीलदार जैतो), पंकज कुमार (जिला समन्वयक जनगणना फरीदकोट), रंग हरजिंदर (जिला मास्टर ट्रेनर), श्री विने कुमार (राज्य ट्रेनर जनगणना पंजाब), रणजीत सिंह खच्चा, सुरिंदर कुमार, चरणजीत शर्मा, सुप्रजन जॉन, जसप्रीत सिंह, अमोलक सिंह, भूपिंदर दुग्गल, प्रमोद धीर, गौरी शंकर, पंकज कुमार, नवदीप सिंह, जोगिंदर पाल आदि भी उपस्थित थे।

# आदित्यपुर के जागृति मैदान को राजनितिक अखड़ा ना बनाया जाए : ललन शुक्ला

## कोई भी निजी अकादमी ना चले, केवल सरकार द्वारा पंजीकृत अकादमी ही स्थापित हो ताकी बच्चों का भविष्य उज्वल हो

**अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण, ब्यूरो चीफ, कोल्हान झारखंड**

सरायकेला खरसावां (झारखंड) 28 अप्रैल 2026: आदित्यपुर-2 स्थित जागृति मैदान को ले कर जिस प्रकार से आदित्यपुर की जनता के बीच उहापोह की स्तिथि बनी हुई है, इस बात का फायदा उठा कर कुछ लोग तरह तरह की राजनीतिक रोटियाँ सेकने मे लगे हुए हैं ऐसे में अमितेश अमर ने बताया की वो आदित्यपुर की जनता को इस प्रकार की भ्रामक स्तिथि से उबारने का कार्य करेंगे उन्होंने स्पष्ट किया की वे जिले के उपायुक्त से मिल कर आदित्यपुर की जनता के विचार जानने हेतु एक सर्वे टीम के गठन की मांग करेंगे। सर्वे के आधार पर यदि जनता मैदान चाहती हो तो उस आधार पर उसका सौंदर्यीकरण किया जाए या उसे स्टेडियम का रूप दिया जाए एवम् यदि जनता चाहती है की वहाँ नगर निगम का कार्यालय बने तो बनाया जाए परंतु इस मैदान को लेकर किसी प्रकार की राजनीति भविष्य मे ना हो। उन्होंने स्पष्ट किया कि विभाग के द्वारा निगम कार्यालय का प्रस्ताव पूर्व मे ही वापस लिया जा चुका है तथा स्थान परिवर्तन कर हथियाडीह





इंडस्ट्रियल पार्क मे स्थान चिंहित भी किया जा चुका है ऐसे मे कुछ पार्षदों के द्वारा इस प्रकार की जनता को दिग्भामित करने वाली राजनीति कल्पना से परे है। उन्होंने बताया की वर्तमान मे शाम ढलते ही जागृति मैदान नशेड़ियों से भर जाता हैं तथा वे वहाँ से गुजरने वाली हमारी माँ,बहनो पर अभद्र टिप्पणी करते रहते हैं इस कारण वे उपयुक्त महोदय से मैदान के समीप शाराब दुकान को भी अविलंब निरस्त करने का भी मांग करेंगे।

वही भाजपा के जिला मंत्री लालन शुक्ला ने कहा कि जागृति मैदान को राजनितिक अखड़ा ना बनाएँ जब यह क्लियर है की पिछले योजना का कोई अस्तित्व ही नहीं है तो इस पर फिर से नगर निगम कार्यालय बनाने का हठ क्यों? उनका खानाभाई की हमारे भाजपा विधायक सह पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन और महापौर संजय सरदार से आग्रह करता हूँ की इस विषय को गंभीरता से लेते हुए वास्तविक स्थिति साफ करें और जागृति मैदान को एक ही मैदान के भूखंड पर विभिन्न खेलों का प्रशिक्षण बच्चे निशुल्क प्राप्त कर सके इस दिशा मे पहल करते हुए एक आदर्श खेल ग्राउंड का निर्माण जल्द से जल्द हो सके इसकी सुनियोजित पहल करें।

# मोहरदा में पीएम आवास योजना में देरी पर भड़के सरयू राय, CAG जांच की मांग

**समाज जागरण 28.04.2026 चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ)**

जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय ने मोहरदा क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बन रहे मकानों में हो रही देरी और तैयार मकानों को लाभुकों को नहीं सौंपे जाने पर कड़ी नाराजगी जताई है। मंगलवार को निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्पष्ट कहा कि इस मामले को लेकर वे नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (CAG) को पत्र लिखेंगे और जुडको (झारखंड अर्बन इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कंपनी) के खिलाफ जांच की मांग करेंगे।

सरयू राय ने बताया कि सोमवार को मोहरदा इलाके के कई महिला-पुरुष उनके बिष्टुपुर स्थित कार्यालय पहुंचे थे और अपनी समस्याओं से अवगत कराया था। लाभुकों ने बताया कि मकान बनकर तैयार होने के बावजूद उन्हें अब तक कब्जा नहीं दिया गया है, जिससे वे आर्थिक और मानसिक दोनों तरह की परेशानियों से जूझ रहे हैं। इसी शिकायत के आधार पर विधायक मंगलवार को स्थल निरीक्षण के लिए पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।





निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि सरकार को यह समझना चाहिए कि जिन लोगों ने इन मकानों के लिए पैसा जमा किया है, वे आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग से आते हैं। कई लोगों ने अपनी सीमित आय में से बचत कर राशि जमा की है, जबकि कुछ ने बैंक से कर्ज लेकर भुगतान किया है। ऐसे में उन्हें हर महीने ईएमआई भी चुकानी पड़ रही है और साथ ही किराये के मकान में रहने के कारण अतिरिक्त बोझ उठाना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि यह स्थिति गरीबों के साथ अन्याय के समान है।

सरयू राय ने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द ही लाभुकों को मकान की चाबी नहीं सौंपी गई तो लोग इंतजार नहीं करेंगे और धीरे-धीरे खुद ही अपने मकानों में प्रवेश करना शुरू कर देंगे। उन्होंने कहा कि जब पूरा भुगतान हो चुका है, तब मकान सौंपने में देरी का कोई औचित्य नहीं है। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि गरीबों का मजाक न बनाया जाए और तत्काल कार्रवाई कर मकान आवंटित किए जाएं।

जुडको की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि यह संस्था सरकार की योजनाओं को समय पर पूरा करने में विफल रही है और आम जनता को अनावश्यक रूप से परेशान कर रही है। उन्होंने कहा कि वर्तमान स्थिति देखकर यह समझ में नहीं आता कि जुडको को इस लापरवाही के लिए क्या सजा दी जानी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि अभी तक केवल दो ब्लॉक ही पूरी तरह तैयार हो पाए हैं, जबकि शेष ब्लॉकों का निर्माण अधूरा है और इसमें कई वर्षों का समय लग सकता है।

बिजली कनेक्शन को लेकर भी विधायक ने सवाल उठाए। उन्होंने बताया कि कई लाभुकों ने बिजली कनेक्शन के लिए राशि जमा कर दी है, लेकिन अब तक मीटर नहीं लगाए गए हैं। इस संबंध में बिजली विभाग के अधिकारियों से बात करने पर उन्हें बताया गया कि जैसे ही जुस्को या जेएनएसी की ओर से प्रक्रिया पूरी होगी, तुरंत कनेक्शन दे दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि विभागों के बीच समन्वय की कमी के कारण आम लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है।

सरयू राय ने बताया कि इस मुद्दे पर उन्होंने संबंधित सचिव से भी बातचीत की है। सचिव ने मामले में दो दिन का समय मांगा है। विधायक ने कहा कि यदि देरी का कारण किसी मंत्री या मुख्यमंत्री द्वारा उद्घाटन की प्रतीक्षा है, तो इसे ऑनलाइन माध्यम से भी किया जा सकता है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि अब और विलंब स्वीकार्य नहीं है और जल्द से जल्द लाभुकों को उनका अधिकार मिलना चाहिए।

उन्होंने यह भी बताया कि जब वे जमशेदपुर पूर्वी के विधायक थे, तब वे लगातार निर्माण कार्य की निगरानी करते थे ताकि गुणवत्ता में कोई कमी न रहे। उन्होंने कहा कि वर्तमान स्थिति चिंताजनक है, क्योंकि कई ब्लॉक अभी भी निमार्णाधीन हैं—कहीं नींव खोदी जा रही है तो कहीं आधा निर्माण हुआ है। कुल मिलाकर सात ब्लॉक विवादों में फंसे हैं, जबकि 22-23 ब्लॉकों में से केवल दो ही पूर्ण रूप से तैयार हो पाए हैं।

अंत में सरयू राय ने स्पष्ट किया कि वे इस पूरे मामले को गंभीरता से उठाएंगे और आवश्यक हुआ तो उच्च स्तर पर जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि गरीबों के हक में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और जल्द समाधान नहीं हुआ तो वे आगे और कड़ा कदम उठाने को बाध्य होंगे।

# बमामाईंस लकड़ी टाल में रेलवे का बड़ा अतिक्रमण हटाओ अभियान, दो गोदाम और एक मकान ध्वस्त

**समाज जागरण 28.04.2026 चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ) पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर**

जमशेदपुर शहर के बमामाईंस स्थित लकड़ी टाल क्षेत्र में मंगलवार को रेलवे प्रशासन ने बड़े पैमाने पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। रेलवे की जमीन को खाली कराने के उद्देश्य से शुरू किए गए इस अभियान में रेलवे इंजीनियरिंग विभाग, रेल सुरक्षा बल (आरपीएफ), जिला प्रशासन और स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीम शामिल रही। सुबह से ही पूरे इलाके में भारी पुलिस बल की तैनाती कर दी गई थी, ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटा जा सके।

प्रशासन के अनुसार, इस कार्रवाई से पहले क्षेत्र में रहने वाले लोगों और व्यवसाय संचालकों को नोटिस जारी कर जमीन खाली करने के निर्देश दिए गए थे। बावजूद इसके कई लोगों ने समय रहते अतिक्रमण नहीं हटाया, जिसके बाद प्रशासन को सख्त कदम उठाना पड़ा। मंगलवार को इसी क्रम में अभियान की शुरूआत की गई।

हालांकि अभियान निर्धारित समय पर शुरू नहीं हो सका। जानकारी के मुताबिक, सुरक्षा बल के जवानों के देर से पहुंचने के कारण कार्रवाई करीब डेढ़ घंटे विलंब से प्रारंभ हुई। इस दौरान रेलवे और जिला प्रशासन के अधिकारियों ने मौके का निरीक्षण किया और आगे की रणनीति तैयार की। पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित होने के बाद जेसीबी मशीनों की मदद से अतिक्रमण हटाने का कार्य शुरू किया गया।

जैसे ही कार्रवाई शुरू हुई, स्थानीय लोगों ने इसका विरोध जताया। वर्षों से रेलवे की जमीन पर रह रहे परिवारों और व्यवसायियों ने कहा कि वे लंबे समय से यहां बसे हुए हैं और अचानक इस तरह की कार्रवाई से उन्हें भारी नुकसान उठाना पड़ेगा। कई











लोगों ने अधिकारियों से अतिरिक्त समय देने की मांग की, ताकि वे अपने सामान को सुरक्षित स्थान पर ले जा सकें।

मौके पर मौजूद दंडाधिकारी और पुलिस अधिकारियों ने स्थिति को संभालने के लिए लोगों को समझाने का प्रयास किया। काफी बातचीत के बाद कुछ लोगों ने प्रशासन को सहयोग देने का आश्वासन दिया और स्वयं जमीन खाली करने की बात कही। उन्होंने प्रशासन से कुछ समय की मांग भी की, ताकि वे अपने सामान और जरूरी सामग्री को सुरक्षित हटा सकें।

इसके बावजूद रेलवे प्रशासन ने अपना सख्त रुख बनाए रखा और तय योजना के अनुसार कार्रवाई जारी रखी। अधिकारियों ने स्पष्ट रूप से कहा कि रेलवे की जमीन पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा स्वीकार नहीं किया जाएगा। कार्रवाई के दौरान दो बड़े गोदाम और एक मकान को ध्वस्त कर दिया गया। जेसीबी मशीनों की आवाज और मलबा गिरने के बीच पूरे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल देखने को मिला। कई लोग अपने सामान को बचाने के लिए भागदौड़ करते नजर आए।

अभियान के दौरान बमामाईंस थाना के दर्जनों पुलिसकर्मी तैनात रहे। सुरक्षा के लिहाज से पूरे क्षेत्र की घेराबंदी की गई थी, जिससे किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोका जा सके। प्रशासन ने पूरे अभियान को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने का दावा किया है।

रेलवे अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई रेलवे की जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए की जा रही है और आने वाले दिनों में भी इस तरह के अभियान जारी रहेंगे। उनका कहना है कि टाटानगर स्टेशन और आसपास के क्षेत्रों में रेलवे के विकास और विस्तार की कई योजनाएं प्रस्तावित हैं। इन योजनाओं को समय पर पूरा करने के लिए रेलवे की जमीन को खाली कराना आवश्यक है।

अधिकारियों ने यह भी स्पष्ट किया कि जिन लोगों ने रेलवे की जमीन पर अवैध कब्जा कर रखा है, उन्हें पहले ही नोटिस देकर चेतावनी दी जा चुकी थी। इसके बावजूद अतिक्रमण नहीं हटाने पर यह कार्रवाई की गई।

दूसरी ओर, स्थानीय लोगों का कहना है कि वे कई वर्षों से इस क्षेत्र में रह रहे हैं और प्रशासन को उनके पुनर्वास की व्यवस्था पर भी विचार करना चाहिए। उनका मानना है कि अचानक की गई कार्रवाई से उनके सामने आजीविका और आवास का संकट खड़ा हो गया है। हालांकि रेलवे प्रशासन की ओर से पुनर्वास को लेकर फिलहाल कोई स्पष्ट घोषणा नहीं की गई है।

फिलहाल बमामाईंस के लकड़ी टाल क्षेत्र में चला यह अतिक्रमण हटाओ अभियान पूरे शहर में चर्चा का विषय बना हुआ है। प्रशासन ने संकेत दिए हैं कि आने वाले दिनों में जमशेदपुर के अन्य अतिक्रमित रेलवे क्षेत्रों में भी इसी तरह की कार्रवाई की जाएगी।

# मानवता की सेवा: अमलाई में नि:शुल्क प्याऊ शुरू, राहगीरों को मिलेगी राहत

**समाज जागरण अमलाई**

भीषण गर्मी और बढ़ते पारे के बीच जनसेवा की परंपरा को जीवंत रखते हुए भारतीय जनता पार्टी के युवा नेता पवन कुमार चीनी एवं पवन चीनी मित्र मंडली द्वारा एक सराहनीय पहल की गई है। नगर परिषद क्षेत्र के अंतर्गत दर्जनों स्थानों में आमजन हेतु निशुल्क प्याऊ (शीतल पेयजल सेवा) प्रारंभ किया गया है।




**श्रद्धालुओं और राहगीरों के लिए वरदान:**

यह प्याऊ न केवल मार्ग से गुजरने वाले राहगीरों के लिए राहतकारी सिद्ध होगा, तपती धूप और लू के थपेड़ों के बीच अब नागरिकों को इस मार्ग पर स्वच्छ और ठंडा पेयजल आसानी से उपलब्ध हो सकेगा।

**सेवा ही संगठन का मूल मंत्र:**

पार्षद पवन कुमार चीनी ने कहा कि भीषण गर्मी में प्यासे को पानी पिलाना सबसे बड़ा पुण्य है। ऐसी पहल समाज के प्रति हमारी संवेदनशीलता को दशार्ती है। भाजपा हमेशा सेवा, समर्पण और जन कल्याण की भावना के साथ कार्य करती है। अंत्योदय के मार्ग पर चलते हुए जरूरतमंदों की सहायता करना हमारी प्राथमिकता है और ऐसे जनसेवा कार्य भविष्यमें भी निरंतर जारी रहेंगे।

# सिंगरौली में फिर तेज हुई कोयला तस्करी की चर्चा, पुराने नाम की सक्रियता से बढ़ी हलचल

**समाज जागरण सिंगरौली**

ऊजार्धानी सिंगरौली में एक बार फिर कोयला तस्करी से जुड़े एक पुराने नाम को लेकर चचाएं तेज हो गई हैं। सूत्रों के अनुसार, पूर्वांचल क्षेत्र में पहले चर्चित रहे कोयला तस्कर नायडू पुत्र उतरा की इलाके में दोबारा सक्रियता की खबरें सामने आ रही हैं। हालांकि, इस संबंध में अभी तक किसी भी स्तर पर आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है।

जानकारी के मुताबिक, सिंगरौली के जयंत क्षेत्र स्थित बैगा बस्ती इलाके में हाल के दिनों में संदिग्ध गतिविधियों को लेकर स्थानीय स्तर पर हलचल बढ़ी है। ग्रामीणों और स्थानीय सूत्रों का दावा है कि क्षेत्र में कुछ बाहरी लोगों की आवाजाही बढ़ी है, जिससे कोयला तस्करी के फिर सक्रिय होने की आशंका जताई जा रही है।

सिंगरौली जिला देश के प्रमुख कोयला उत्पादक क्षेत्रों में शामिल है, जहां हर साल लाखों टन कोयले का उत्पादन होता है। ऐसे में अवैध खनन और तस्करी की घटनाएं समय-समय पर सामने आती रही हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि कोयला तस्करी न केवल सरकारी राजस्व को नुकसान पहुंचाती है, बल्कि इससे स्थानीय कानून-व्यवस्था पर भी असर पड़ता है। इधर, यह भी चर्चा है कि संबंधित व्यक्ति की तलाश में उत्तर प्रदेश पुलिस पहले से सक्रिय है। ऐसे में उसके सिंगरौली में संभावित रूप से मौजूद होने की खबरों ने प्रशासनिक हलकों में भी चिंता बढ़ा दी है। हालांकि, पुलिस विभाग की ओर से इस विषय पर अभी तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि यह जानकारी सही साबित होती है, तो क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए सख्त कार्रवाई जरूरी है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस गश्त बढ़ाई जाए और संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जाए।

वहीं, सिंगरौली पुलिस और प्रशासन की आगामी कार्रवाई पर सभी की नजरें टिकी हुई हैं। यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि क्या इन चचाओं के आधार पर कोई ठोस जांच शुरू की जाती है या फिर स्थिति स्पष्ट होने तक इंतजार किया जाता है। फिलहाल, पूरे मामले को लेकर स्थिति पूरी तरह स्पष्ट नहीं है, लेकिन क्षेत्र में बढ़ती चचाओं ने प्रशासन की सतर्कता को जरूर बढ़ा दिया है।

# स्नेह शराब दुकान पर प्रिंट रेट से अधिक रेट पर बेचीं जा रही शराब , आबकारी नियमों की खुलेआम अनदेखी

**समाज जागरण जिला संवाददाता उदय सिंह**

रनेह /दमोह दमोह रनेह शराब दुकान पर उपभोक्ताओं से बोतलों पर अंकित खुदरा मूल्य (एमआरपी) से अधिक दाम वसूले जाने का मामला सामने आया है। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया है कि दुकान संचालक द्वारा खुलेआम आबकारी नियमों का उल्लंघन करते हुए ग्राहकों से मनमाने दाम लिए जा रहे हैं, जिससे आम जनता में भारी नाराजगी है।



ग्रामीणों का कहना है कि शराब की बोतलों और क्वार्टर पर प्रिंट रेट स्पष्ट रूप से अंकित होने के बावजूद दुकानदार द्वारा अतिरिक्त राशि मांगी जाती है। विरोध करने पर ग्राहकों से अभद्र व्यवहार किए जाने की भी शिकायतें सामने आई हैं। कई उपभोक्ताओं ने बताया कि मजबूरी में उन्हें अधिक कीमत देकर शराब खरीदनी पड़ रही है। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि इस तरह की वसूली लंबे समय से जारी है, लेकिन जिम्मेदार विभाग द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। लोगों का कहना है कि यदि आबकारी विभाग समय-समय पर निरीक्षण करे तो इस प्रकार की अनियमितताओं पर रोक लग सकती है। क्षेत्रवासियों ने जिला प्रशासन एवं आबकारी विभाग से मांग की है कि रनेह शराब दुकान की जांच कराई जाए, प्रिंट रेट से अधिक वसूली बंद कराई जाए तथा दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए।

इस मामले ने उपभोक्ता अधिकारों और प्रशासनिक निगरानी पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं।

अब देखना होगा की संबंधित विभाग क्या कदम उठाता है।

# क्या लोगों की मौत के बाद ही भरे जाएंगे एल आई सी बिल्डिंग गुमटी के जानलेवा गड्ढे : संजीव डाबर

**समाज जागरण सुनील बाजपेई**

कानपुर। यहां समाजवादी पार्टी की विधायक नसीम सोलंकी के सीसामऊ विधानसभा क्षेत्र में जान लेवा गड्ढे लोगों को असमय ही मौत का शिकार बनाने की कोशिश में हैं। इस तरह के जानलेवा गड्ढे वाले क्षेत्र में पहला नाम दर्शन पुरवा गुमटी नंबर 5 के मुख्य मार्ग पर स्थित एल आई सी बिल्डिंग है ,जिसके सामने चार-पांच बड़े-बड़े गड्ढे किसी भी राहगीर को असमय ही मौत का शिकार बना सकते हैं। इन जानलेवा गड्ढों की पाटने की कोशिश में लगातार जुटे जन समस्याओं के खिलाफ वर्षों से सफल संघर्ष में अग्रणी समाजवादी पार्टी के पुराने वरिष्ठ नेता संजीव डाबर ने इस बारे में एल आई सी बिल्डिंग के सामने इन सभी चार-पांच बड़े गड्ढों को अति शीघ्र ठीक कराए जाने की जोरदार मांग भी समाजवादी पार्टी की विधायक नसीम सोलंकी से की है ,ताकि वहां से गुजरने वाले राहगीरों को असमय ही मौत का शिकार होने से बचाया जा सके। किसी की भी असमय जान ले सकने वाले इन चार-पांच बड़े गड्ढों को हाल फिलहाल हर किसी के सुख दुख में सदैव खड़े होने वाले परोपकारी स्वभाव के तेजतर्रार व्यवहार कुशल और जुझारू सपा नेता संजीव डाबर ने खुद पाट भी दिया है लेकिन जब तक इन्हें विभागीय अधिकारियों की ओर से कायदे से नहीं पाटा जाएगा तो यह लोगों के लिए जानलेवा अवश्य ही साबित हो सकते हैं।



फिलहाल इस जानलेवा समस्या से अवगत कराते हुए समाजवादी पार्टी के नेता संजीव डाबर ने गुमटी मार्ग एल आई सी बिल्डिंग के सामने वाले इन जानलेवा गड्ढों को जल्द ठीक कराने की जोरदार अपील क्षेत्रीय विधायक श्रीमती नसीम सोलंकी से भी की है। समाजवादी पार्टी के नेता संजीव डाबर की विधायक नसीम सोलंकी से इस अपील का प्रभाव जनहित में असर दिखाएगा। या फिर हवा में उड़ाया जाएगा। यह आने वाला समय ही बतायेगा।

# विंध्य विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के नाम की घोषणा

**शहडोल संभाग की उपेक्षा**

**समाज जागरण**

रीवा। प्राप्त जानकारी के अनुसार विंध्य विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष के पद पर पूर्व विधायक पंचू लाल प्रजापति उपाध्यक्ष पद पर पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष रीवा डॉ अजय सिंह एवं संजय तीर्थनी के नाम की घोषणा की गई है। प्राधिकरण में शहडोल संभाग की उपेक्षा की गई है और शहडोल संभाग के अंतर्गत आने वाले उमरिया अनूपपुर एवं शहडोल जिले से किसी भी नेता को तवज्जो नहीं दी गई। पूर्व में विंध्य विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पद पर शहडोल संभाग से अनिल गुप्ता एवं रामदास पुरी को जगह दी गई थी। वर्तमान में जो घोषणा हुई है उसमें अध्यक्ष पंचुलाल प्रजापति एवं उपाध्यक्ष डॉ अजय सिंह दोनों ही रीवा जिले के निवासी हैं और दूसरे उपाध्यक्ष डॉ संजय तीर्थनी सतना जिले के निवासी हैं।



# संजय तीर्थनानी के उपाध्यक्ष बनने पर हर्ष

**समाज जागरण**

सतना। विंध्य विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पद पर संजय तीर्थनानी के मनोनयन पर सतना के युवा नेताओं में हर्ष की लहर देखी जा रही है। उनके उपाध्यक्ष बनने पर विक्रमादित्य सिंह अंशुल एवं हिमांशु अग्रवाल अंशु, अमित कुमार दुबे गोल्डी ने बधाई प्रेषित करते हुए कहा कि डॉक्टर संजय तीर्थनानी हमेशा ही राजनीतिक सामाजिक एवं अन्य क्षेत्र में सक्रिय रहे हैं और क्षेत्र के विकास के मुद्दे पर सदैव तत्पर पर रहे हैं। उनके उपाध्यक्ष बनने पर सतना जिले सहित आसपास के क्षेत्र में हर्ष की लहर देखी जा रही है।



# कच्चे तेल की कीमतों में उछाल से रुपया कमजोर, बॉन्ड यील्ड में तेजी; डॉलर के मुकाबले दबाव बढ़ा

डीलरों ने बताया कि मंगलवार को कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी के कारण रुपया कमजोर हुआ और सरकारी बॉन्ड यील्ड में तेजी आई। रुपया 0.38 प्रतिशत गिरकर 94.55 प्रति डॉलर पर बंद हुआ, जबकि एक दिन पहले यह 94.19 प्रति डॉलर पर था। कारोबारियों ने बताया कि सरकारी बैंकों ने संभवतः भारतीय रिजर्व बैंक की ओर से डॉलर खरीदे, जिससे रुपये को और गिरने से बचाया जा सका।



चालू कैलेंडर वर्ष में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये में अब तक 4.94 प्रतिशत की कमजोरी आई है। लेकिन चालू वित्त वर्ष में इसमें अब तक 0.28 प्रतिशत की मजबूती देखी गई है। फिनरेक्स ट्रेजरी एडवाइजर्स एलएलपी में ट्रेजरी प्रमुख और कार्यकारी निदेशक अनिल कुमार भंसाली ने कहा, ह्यकच्चे तेल की कीमतें 111 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर बनी हुई हैं। ऐसे में तेल आयात के लिए डॉलर की मांग ज्यादा रहने की उम्मीद है। तेल की बढ़ती कीमतों के कारण रुपया संवेदनशील नजर आ रहा है। एफपीआई और दूसरे स्रोतों से लगातार होती निकासी से भी इस मुद्रा पर दबाव बना हुआ है। कच्चे तेल की कीमतों में 2.62 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह 111.07 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। डॉलर इंडेक्स 0.25 प्रतिशत बढ़कर 98.73 पर पहुंच गया। डॉलर इंडेक्स छह प्रमुख मुद्राओं के समूह के मुकाबले डॉलर की मजबूती मापता है।

मंगलवार को एशियाई व्यापार में तेल की कीमतों में वृद्धि देखी गई, क्योंकि अमेरिका और ईरान के बीच गतिरोध कम होने के संकेत नहीं दिख रहे थे। राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने तेहरान के होर्मुज स्ट्रेट को फिर से खोलने के ईरान के प्रस्ताव को खारिज कर दिया, जिससे अल्पावधि में महत्त्वपूर्ण शिपिंग मार्ग काफी हद तक बंद है। इस बीच, बेंचमार्क 10-वर्षीय सरकारी बॉन्ड पर प्रतिफल 4 आधार अंक बढ़कर 6.98 प्रतिशत पर आ गया, जो एक दिन पहले 6.94 प्रतिशत के स्तर पर था।

# दमोह में दर्दनाक हादसा: तेज आंधी-बारिश के बीच गिरी कच्ची दीवार,महिला की मौत

**समाज जागरण जिला संवाददाता उदय सिंह लोधी**

दमोह जिले के रनेह थाना क्षेत्र अंतर्गत महुआ खेड़ा गांव में सोमवार शाम मौसम के अचानक बदले मिजाज ने एक परिवार की खुशियां छीन लीं। तेज आंधी और बारिश के दौरान एक कच्ची दीवार गिरने से 48 वर्षीय रागनी पटेरिया की मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सोमवार शाम अचानक तेज आंधी और बारिश शुरू हो गई थी। इसी दौरान रागनी पटेरिया अपने घर के पास रखे कंडों (उपलों) को सुरक्षित करने के लिए बाहर गई थीं। तभी पास में स्थित पड़ोसी की कच्ची दीवार तेज हवा और बारिश के कारण भरभराकर गिर गई और वे उसकी चपेट में आ गईं।



हादसे के तुरंत बाद आसपास के लोगों ने चीख-पुकार सुनी और मौके पर पहुंचे। परिजनों और ग्रामीणों ने मलबा हटाकर रागनी को बाहर निकाला। उनकी हालत गंभीर देखते हुए तत्काल उन्हें हटा सिविल अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस घटना से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। परिजन गहरे सदमे में हैं और गांव में मातम पसरा हुआ है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता देने की मांग की है। वहीं, रनेह थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि हादसे के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। ग्रामीणों के लिए चेतावनी इस घटना के बाद क्षेत्र में कच्चे मकानों और दीवारों की स्थिति को लेकर चिंता बढ़ गई है। विशेषज्ञों का मानना है कि तेज आंधी-बारिश के मौसम में जर्जर कच्ची संरचनाओं से दूरी बनाए रखना बेहद जरूरी है, ताकि इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके।

# सुमन बनी प्रदेश उपाध्यक्ष

**समाज जागरण**

शहडोल ।मध्य प्रदेश कांग्रेस जन समस्या निवारण प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष विवेक सिंह तोमर ने कांग्रेस संगठन के संगठन प्रभारी महासचिव डॉक्टर संजय कामले की सहमति से उपाध्यक्षों एवं महासचिवों के नाम की घोषणा की है। शहडोल जिले से श्रीमती सुमन राय को मध्य प्रदेश कांग्रेस जन समस्या निवारण प्रकोष्ठ का प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। श्रीमती राय के प्रदेश उपाध्यक्ष बनने पर कांग्रेस के नेताओं एवं कार्यकताओं में हर्ष की लहर देखी जा रही है



# पश्चिम एशिया तनाव के बीच सोना चांदी की कीमतों में गिरावट, चेक करें आज के रेट

सोने चांदी के वायदा भाव में नरमी देखने को मिल रही है। दोनों के भाव गिरावट के साथ खुले। खबर लिखे जाने के समय घरेलू बाजार में आज सोने के वायदा भाव 1,51,650 रुपये, जबकि चांदी के भाव 2,40,800 रुपये के करीब कारोबार कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना चांदी नरमी के साथ कारोबार कर रहे हैं।



**सोने के भाव नरम**

सोने के वायदा भाव की शुरूआत आज गिरावट के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (MC) पर सोने का बेंचमार्क जून कॉन्ट्रैक्ट आज 21 रुपये की गिरावट के साथ 1,51,700 रुपये के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 1,51,721 रुपये था। खबर लिखे जाने के समय यह कॉन्ट्रैक्ट 40 रुपये की गिरावट के साथ 1,51,681 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 1,51,802 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 1,51,555 रुपये के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। सोने के वायदा भाव ने इस साल 1,80,779 रुपये के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया था। यह पढ़ें: बढ़त के बाद सोने में पहली साप्ताहिक नरमी मुमकिन, अमेरिका-ईरान तनाव और तेल कीमतों का असर

**चांदी की फिसली**

चांदी के वायदा भाव की शुरूआत नरम रही। टउ पर चांदी का बेंचमार्क मई कॉन्ट्रैक्ट आज 1,334 रुपये की गिरावट के साथ 2,40,490 रुपये पर खुला। पिछला बंद भाव 2,41,824 रुपये था। खबर लिखे जाने के समय यह कॉन्ट्रैक्ट 1,019 रुपये की गिरावट के

साथ 2,40,805 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 2,41,250 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 2,40,490 रुपये के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। चांदी के वायदा भाव ने इस साल 4,20,048 रुपये किलो के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेज शुरूआत के बाद सुस्त सोना चांदी

अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने चांदी के वायदा भाव तेजी के साथ खुले। लेकिन बाद में भाव गिर गए। Comex पर सोना आज 4,697.50 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला क्लोजिंग प्राइस 4,693.70 डॉलर प्रति औंस था। खबर लिखे जाने के समय यह 4.30 डॉलर की गिरावट के साथ 4,689.40 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। सोने के भाव ने इस साल 5,586.20 डॉलर के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया। Comex पर चांदी के वायदा भाव 75.46 डॉलर के भाव पर खुले। पिछला क्लोजिंग प्राइस 75.02 डॉलर था। खबर लिखे जाने के समय यह 0.31 डॉलर की गिरावट के साथ 74.71 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। इसके भाव ने इस साल 121.79 डॉलर का उच्चतम स्तर छू लिया।

# शिक्षक भागचंद जैन का सम्मान एवं विदाई समारोह सम्पन्न

**समाज जागरण जिला संवाददाता उदय सिंह लोधी**

पटेरा /दमोह शासकीय प्राथमिक शाला पाला अजुर्नी (पटेरा) में पदस्थ वरिष्ठ शिक्षक श्री भागचंद जैन के सेवानिवृत्त होने पर 28 अप्रैल 2026, मंगलवार को शासकीय हाई स्कूल बिलगुवा में गरिमामय एवं भव्य सम्मान एवं विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह भावनाओं से सराबोर रहा, जहां उपस्थित जनसमूह ने उन्हें आत्मीय विदाई दी। कार्यक्रम का शुभारंभ बालिकाओं द्वारा सरस्वती वंदना के साथ हुआ, जिससे वातावरण भक्तिमय हो उठा। इसके पश्चात छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर सभी अतिथियों का अभिनंदन किया।

इसके बाद अतिथियों एवं शिक्षकों द्वारा फूल-मालाओं से स्वागत किया गया तथा शिक्षकों ने शॉल ओढ़ाकर, गले लगाकर एवं गुलाल लगाकर श्री भागचंद जैन का सम्मान किया, जिससे समारोह का माहौल भावुक और उल्लासपूर्ण बन गया। समारोह को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने श्री जैन के लगभग चार दशक लंबे सेवाकाल को याद करते हुए कहा कि उन्होंने कक्षा प्रथम से पाँचवीं तक के विद्यार्थियों को शिक्षा देकर उनकी मजबूत नींव तैयार की। उन्होंने विद्यार्थियों में संस्कार, अनुशासन एवं नैतिक मूल्यों का विकास किया। इस अवसर पर पारस कुमार जैन (संभागीय संगठन महामंत्री), प्रमेंद्र कुमार जैन (संभागीय अध्यक्ष), महेंद्र कुमार जैन (प्रांतीय उपाध्यक्ष), कमलेश कुमार सेन (जिला अध्यक्ष), नितेश कुमार पाठक, विकासखंड अध्यक्ष प्रदीप कुमार अग्रवाल, संजय पाठक, मनीष भारद्वाज, निलेश कुमार जैन, महेश कुमार गुप्ता, श्री शील चंद्र जैन (जीजा जी), सिंघई उदय चंद जैन (बड़े भाई), श्रीमती मालती जैन (बहन जी), सिंघई के.सी. जैन, श्रीमती अनीता जैन, अंकिता जैन एवं अक्षय जैन, नीतू शुक्ला, संजू शुक्ला (पत्रकार) बाबूलाल चौरसिया (पत्रकार) हिमांशु राजपूत (पत्रकार) मुलाम राजपूत, दुर्ग सिंह राजपूत अभय पांडे सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।




इसके साथ ही राजेन्द्र कुमार जैन, श्री सुखेन्द्र प्रसाद कुर्मी, श्री दिलीप जोशी, श्री ज्ञानी प्रसाद अहिरवाल, श्री वीरेन्द्र कुमार ताम्रकार, श्री दिनेश सिंह राजपूत एवं सुखेंद्र पटेल (सभी माध्यमिक शिक्षक) भी कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित रहे।

पाला के सरपंच डॉ. टी.आर. पटेल भी समारोह में शामिल रहे।

पाला ग्राम से सैकड़ों लोग क्रमबद्ध रूप से समारोह में सम्मिलित हुए, जिससे आयोजन भव्यता और आत्मीयता का अद्भुत संगम बन गया। वक्ताओं ने कहा कि एक शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नहीं होता, बल्कि वह जीवनभर समाज को दिशा देता रहता है। श्री भागचंद जैन की सेवाएं शिक्षा जगत में सदैव प्रेरणास्रोत बनी रहेंगी। अंत में श्री भागचंद जैन ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन शुभकामनाओं एवं आशीर्वचनों के साथ हुआ।

# गूगल ने भारत में एआई परियोजना पर शुरू किया काम, विशाखापत्तनम बनेगा एआई-पत्तनम

विशाखापत्तनम से लगभग 30 किलोमीटर दूर एक गांव है हतार लुवाडा। पूर्वी घाट के पहाड़ों से घिरा यह गांव शहरों की कोलाहल से दूर काफी शांत है। मंगलवार को इस कृषि प्रधान इलाके में गूगल क्लाउड इंडिया एआई हब के निर्माण कार्य की शुरूआत हुई। इस परियोजना पर कुल 15 अरब डॉलर निवेश होगा। इसे भारत के इतिहास में सबसे बड़े विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (एफडीआई) में एक माना जा रहा है। ये पहाड़ियां अगले पांच वर्षों में विशाखापत्तनम को एआई-पत्तनम में बदलने की राह तैयार कर सकती हैं। हरे-भरे पहाड़, धान के खेत और आम के बगीचे इस क्षेत्र में आने वाले किसी भी व्यक्ति को आनंदित कर सकते हैं। मंगलवार को मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने यहां 1 गीगावॉट एआई डेटा सेंटर की आधारशिला रखी जिसे गूगल अदाणीकॉनेक्स और एयरटेल की नेक्स्ट्रा (एयरटेल की डेटा सेंटर सेवा प्रदान करने वाली कंपनी) के साथ मिलकर स्थापित कर रही है।




इससे भी महत्त्वपूर्ण बात यह है कि विशाखापत्तनम के समुद्री तट जल्द ही भारत के तकनीकी परिदृश्य को नया रूप दे सकते हैं क्योंकि तीन नए सबसी केबल (समुद्र के भीतर तार) नेटवर्क लैंडिंग भारत, ऑस्ट्रेलिया, पश्चिम एशिया और अमेरिका के बीच एक अहम डिजिटल पुल का निर्माण करेंगे। गूगल 15 अरब डॉलर का यह निवेश 2026 से 2030 तक अगले पांच वर्षों में करेगी। माना जा रहा है कि यह पहल विकसित भारत 2047 का लक्ष्य हासिल करने में भी अहम भूमिका निभा सकती है। एआई हब में कई डेटा सेंटर कैंपस शामिल होंगे और यह उच्च-क्षमता वाली कंप्यूटिंग को ताकत देगा और व्यवसायों को एआई-आधारित समाधान बनाने एवं उनका विस्तार करने में मदद करेगा। नायडू ने मंगलवार को कार्यक्रम के अवसर पर कहा, ह्यजब गूगल, अदाणी और एयरटेल तीनों एक साथ काम करेंगी तो क्रियान्वयन स्वतः ही तीव्र गति से हो जाएगा। हमें उम्मीद है कि इस परियोजना का उद्घाटन सितंबर 2028 तक हो

जाएगा। अदाणीकॉनेक्स और एयरटेल एनएक्स्ट्रा डेटा सेंटर भवनों और संपर्क ढांचे (कनेक्टिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर) के निर्माण की अगुवाई करेंगी। इसकी मदद से गूगल उन्नत एआई क्षमताओं को तैनात करने और पूरे भारत में डिजिटल सेवाओं का विस्तार करने में सक्षम हो पाएगी। इस समारोह से पहले मुख्यमंत्री ने गूगल एक्सपीरियंस जोन का निरीक्षण किया। केंद्रीय सूचना-प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा,ह्यमैं गूगल टीम को उन तीन

समुद्री केबलों के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं जो विशाखापत्तनम में बिछाई जाएंगी। एक केबल ऑस्ट्रेलिया तक जाएगी और फिर प्रशांत महासागर के रास्ते अमेरिका के पश्चिमी तट तक पहुंचेगा। दूसरा केबल पश्चिम एशिया से होते हुए यूरोप और फिर अमेरिका तक जाएगा। तीसरा केबल केप ऑफ गुड होप, अफ्रीकी क्षेत्र के चारों ओर से गुजरते हुए सीधे अमेरिका तक जाएगा।

राज्य सरकार ने इस परियोजना के लिए तरलुवाडा, रामबिल्ली और अदावीराम क्षेत्रों में 601 एकड़ जमीन दी की है। अदाणी समूह के निदेशक जीत अदाणी ने कहा,आज भारत में लगभग 1.3 गीगावॉट डेटा सेंटर क्षमता है।

# हर घर नल जल योजना की समीक्षा, मई तक हर घर में शुद्ध पेयजल सुनिश्चित करने के निर्देश

**ब्यूरो चीफ विजय कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण**



सोनभद्र। जनपद में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को सुदृढ़ और शिकाय तमुक्त बनाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने कलेक्ट्रेट सभागार में हर घर नल जल योजना की समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि किसी भी स्तर पर पेयजल से संबंधित शिकायत प्राप्त नहीं होनी चाहिए और जहां कहीं भी समस्या हो, उसे तत्काल प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि आगामी भीषण गर्मी और मई माह को देखते हुए सभी ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों में निर्बाध, नियमित और गुणवत्तापूर्ण पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने जोर देकर कहा कि पेयजल आपूर्ति केवल कागजों तक सीमित न रहे, बल्कि वास्तव में हर घर तक पानी पहुंचे, यह सुनिश्चित किया जाए। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता जल निगम (ग्रामीण) को निर्देशित करते हुए कहा कि यदि पेयजल आपूर्ति में किसी प्रकार की लापरवाही की शिकायत मिलती है तो संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों की जिम्मेदारी तय करते हुए उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत चिन्हित 364 राजस्व गांवों में हर घर नल जल योजना के माध्यम से नियमित जल आपूर्ति सुनिश्चित की जानी है। उन्होंने निर्देश दिया कि इन गांवों में यदि कहीं भी पेयजल आपूर्ति से संबंधित समस्या है, तो उसका समाधान अधिकतम 10 दिनों के भीतर किया जाए। यदि निर्धारित समय में समस्या का निराकरण नहीं होता है, तो संबंधित दोषी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया कि जिन गांवों में हर घर नल जल योजना के तहत जल आपूर्ति सुनिश्चित की गई है, वहां टैंकर के माध्यम से पानी की आपूर्ति नहीं की जाएगी। यदि अनावश्यक रूप से टैंकर का उपयोग किया गया, तो संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

इसके साथ ही उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया कि जनपद एवं ब्लॉक स्तर पर बनाए गए कंट्रोल रूम पूरी तरह सक्रिय रहें और पेयजल से जुड़ी शिकायतों का तत्काल समाधान किया जाए। अधिकारियों को क्षेत्रवार सतत निगरानी बनाए रखने, पाइपलाइन, मोटर, पंप आदि तकनीकी समस्याओं का शीघ्र निस्तारण करने और नियमित समीक्षा कर प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। बैठक में अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे) रोहित यादव, जिला पंचायत राज अधिकारी नमिता शरण, अधिशासी अभियंता जल निगम (ग्रामीण) सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# लू (हीट स्ट्रोक) से बचाव हेतु जनहित में जिला प्रशासन ने की एडवाइजरी जारी

**ब्यूरो चीफ विजय कुमार/ अग्रहरी समाज जागरण**



सोनभद्र। अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 वागीश कुमार शुक्ला ने अवगत कराया है कि जनपद में विगत दिनों में तापमान 40 डीग्री से 42 डीग्री के आस पास दर्ज किया जा रहा है, जो कि अत्यधिक गर्मी को प्रदर्शित करता है और आने वाले दिनों में तापमान बढ़कर 45 डीग्री पहुँचने का अनुमान है। शरीर में पानी/नमक की कमी होने पर लू लगने का खतरा ज्यादा रहता है। इसके क्रम में लू (हीट स्ट्रोक) गर्म हवाओं से बचने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश निम्नवत हैं- लू (हीट स्ट्रोक) के लक्षण। गर्म, लाल, शुष्क त्वचा का होना, पसीना न आना। तेज पल्स होना। उथले श्वास गति में तेजी। व्यवहार में परिवर्तन, भ्रम की स्थिती।सिरदर्द, मितली, थकान, और कमजोरी होना, चक्कर आना। मूत्र न होना अथवा इसमें कमी। लू (हीट स्ट्रोक) से बचने के उपाय। क्या करें स्थानिय मौसम के पूवार्नुमान को सुनें और आगामी तापमान में होने वाले परिवर्तन के प्रति सतर्क रहें। आपात स्थिती से निपटने के लिए प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण लें। अधिक से अधिक पानी पियें। यदि प्यास न लगी हो तब भी। हल्के रगं के पसीना शोषित करने वाले हल्के वस्त्र पहने। धूप के चश्मे, छाता, गमछा, टोपी व चप्पल का प्रयोग करें। अगर आप खुले में कार्य करते हैं तो सिर, चेहरा, हाथ पैरों को गीले कपड़े से ढके रहें तथा छाता का प्रयोग करें। दोपहर में घर से निकलते समय शरीर के अंगों को अधिक से अधिक ढककर रखें। सूती व खादी वस्त्र पहनें। यात्रा करते समय पीने का पानी साथ ले जाएं। घर में बने हुये पेय पदार्थ जैसे लस्सी, चावल का पानी (माड़), नींबू पानी, छाछ आदि का उपयोग करें, जिससे कि शरीर में पानी की कमी की भरपाई हो सके। अपने घर को ठण्डा रखें, पर्दे, दरवाजे आदि का उपयोग करें तथा शाम/रात के समय घर तथा कमरों को ठण्डा करने हेतु इसे खोल दें। पंखे, गीले कपड़ों का उपयोग करें तथा बारम्बार स्नान करें। कार्य स्थल पर ठण्डे पीने का पानी रखें/उपलब्ध करायें। कर्मियों को सीधी सूर्य की रोशनी से बचने हेतु सावधान करें। गर्भस्थ महिला कर्मियों तथा रोगग्रस्त कर्मियों पर अतिरिक्त ध्यान देना चाहिए। दोपहर 12 से 4 बजे घर के अंदर रहें। पशुओं को छाया में रखें व ताजा पानी दें। क्या न करें। गहरे रंग के भारी तथा तंग कपड़े न पहनें। खाली पेट घर से बाहर न निकलें। एल्कोहल, चाय व कॉफी से परहेज करें। बासी खाने से परहेज करें। जानवर एवं बच्चों को कभी भी बन्द/खड़ी गाड़ियों में अकेला न छोड़ें। दोपहर में अतिरिक्त शारीरिक श्रम न करें। वाहनों को धूप में खड़ा न करें। धूप में नगें पॉव न रहें।

## थाना अनपरा की साइबर टीम की त्वरित कार्यवाही –पीड़ित को वापस कराए ₹25,000/- रुपये

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अनिल कुमार के दिशा-निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी पिपरी हर्ष पाण्डेय के पर्यवेक्षण में साइबर अपराधों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना अनपरा



पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है।आवेदक हरिराम वर्मा पुत्र स्व० श्रीराम वर्मा, निवासी रेनूसागर कॉलोनी, थाना अनपरा, जनपद सोनभद्र के साथ दिनांक 29.12.2024 को अज्ञात व्यक्ति द्वारा स्वयं को रिश्तेदार बताकर हॉस्पिटल में भर्ती होने का बहाना बनाकर कुल ₹70,000/- की साइबर ठगी की गई थी। उक्त संबंध में पीड़ित द्वारा साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल कर एवं NCRP पोर्टल पर शिकायत पंजीकृत कराई गई थी। प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए थाना अनपरा की साइबर टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए आवश्यक साक्ष्य संकलित किए गए तथा संबंधित बैंक से समन्वय स्थापित कर ठगी की गई धनराशि को होल्ड कराया गया। तत्पश्चात विधिक प्रक्रिया पूर्ण करते हुए आवेदक की होल्ड की गई धनराशि में से ₹25,000/- सफलतापूर्वक उसके मूल बैंक खाते में वापस कराए गए।

# चोपन पुलिस की अवैध मादक पदार्थ के खिलाफ कार्रवाई, 950 ग्राम गांजा के साथ एक गिरफ्तार

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**



सोनभद्र। पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देश और अपर

पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार व क्षेत्राधिकारी नगर रणधीर कुमार मिश्रा के पर्यवेक्षण में चोपन थाना पुलिस को यह सफलता मिली। दिनांक 27 अप्रैल 2026 को रात करीब 8:30 बजे चोपन पुलिस टीम ने अवई फासिल्स पार्क तिराहा के पास सघन चेकिंग की। इस दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी में उसके कब्जे से एक सफेद झोले में 950 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ। पूछताछ में अभियुक्त ने अपना नाम शाहिद आलम (उम्र करीब 32 वर्ष) पुत्र मुन्ना टेलर बताया, जो चोपन बैरियर हाइड्रिल कॉलोनी, थाना चोपन, जनपद सोनभद्र का निवासी है। बरामदगी और गिरफ्तारी के आधार पर थाना चोपन में मु.अ.सं.-150/2026 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया। अभियुक्त को गिरफ्तार कर आवश यक विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय भेजा गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में चौकी प्रभारी गुरमा, उपनिरीक्षक अतुल कुमार पटेल और कांस्टेबल बृजेश कुमार कन्नौजिया शामिल थे। जनपद पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध अभियान निरंतर जारी है और ऐसे अपराधों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्यवाही की जाती रहेगी।

## बिजली की करेंट से महिला अचेत

**आदिवासी सुनील त्रिपाठी/ समाज जागरण**

केकराही/ सोनभद्र। करमा थाना क्षेत्र अंतर्गत कराई गांव में लगभग 6:00 बजे विद्युत करंट की चपेट में आने से एक महिला अचित हो गई आनंद खनन में परिवार जनों ने उसे एक निजी चिकित्सालय में उपचार है ले गए यह उपचार जारी है प्राप्त जानकारी के अनुसार करमा थाना क्षेत्र अंतरगत खैराही निवासी रुखसाना बेगम उम्र लगभग 25 वर्ष पत्नी रियाज अहमद



जिनके मकान से सटा हुआ है 11000 बोल्ट का तार सटा हुआ गया है। रुखसाना बेगम किसी कार्य बस जा रही थी कि अपने दीवाल से सट गई जिसके दीवाल से सटा हुआ 11000 बोल्ट का तार अपने चपेट में ले लिया जिससे वह बेहोश होकर गिर पड़ी आनन फाननमें परिवार जनों ने खैराही स्थित किसी निजी चिकित्सालय में उपचार हेतु ले गए जहां चिकित्सा जारी है खबर लिखे जाने तक अभी महिला की चिकित्सा जारी है।

## बाल विवाह की सूचना निकली गलत, मौके पर बालिका बालिग पाई गई

**समाज जागरण**

सोनभद्र। आज दिनांक 28.04.2026 को सूचना प्राप्त हुई कि थाना चोपन अंतर्गत तेलगुड़वा मोड़ पर बाल विवाह कराया जा रहा है। सूचना मिलते ही चाइल्ड हेल्पलाइन टीम से सुधा गिरी धर्मवीर सिंह एवं राम निहोर तथा थाना चोपन पुलिस की संयुक्त टीम तत्काल मौके पर पहुंची। बालिका के परिजनों



से उम्र संबंधी दस्तावेज मांगे गए। जांच में पाया गया कि बालिका बालिग है, जिसका विवाह कराया जा रहा था। टीम द्वारा बालिका के परिजनों को वैवाहिक कार्यक्रम संपन्न करने को कहा गया। टीम ने उपस्थित ग्रामीणों एवं आमजन से अपील की कि बाल विवाह एक सामाजिक कुरीति एवं दंडनीय अपराध है। यदि आपके आसपास कहीं भी बाल विवाह की सूचना मिले तो तुरंत 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन या नजदीकी थाने को सूचित करें। सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जाएगा।

## कर-करेत्तर समीक्षा बैठक में डीएम सख्त, राजस्व वसूली में तेजी के निर्देश

**ब्यूरो चीफ विजय कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण**



सोनभद्र। जनपद में राजस्व वसूली और कर-करेत्तर मदों की प्रगति की समीक्षा के लिए जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने कलेक्ट्रेट सभागार में मासिक समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि शासन द्वारा निर्धारित मासिक लक्ष्य के अनुरूप वसूली कार्य में तेजी लाई जाए और किसी भी स्तर पर लापरवाही या शिथिलता न बरती जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि तहसील स्तर पर बकायेदारों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की जाए और राजस्व वसूली को गति दी जाए। उन्होंने आरसी(रिकवरी सर्टिफिकेट) का नियमित मिलान सुनिश्चित करने, सरकारी भूमि की सुरक्षा बनाए रखने तथा जन शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि जो अधिकारी निर्धारित लक्ष्य को पूरा नहीं करेंगे, उनकी जिम्मेदारी तय करते हुए उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। बैठक में जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारियों और तहसीलदारों को अपने दायित्वों का कड़ाई से निर्वहन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राजस्व मुकदमों का समयबद्ध निस्तारण किया जाए और जमीन से जुड़े विवादों का समाधान मौके पर जाकर किया जाए, ताकि आमजन को त्वरित न्याय मिल सके और किसी भी प्रकार का अन्याय न हो। इसके अलावा जिलाधिकारी ने परिवहन विभाग को ओवरलोडिंग के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ओवरलोड वाहन पकड़े जाने पर संबंधित खदान संचालक या परमिट जारी करने वालों के विरुद्ध भी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। वहीं खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग को बाजार में बिकने वाले खाद्य पदार्थों की नियमित जांच करने, मिलावटखोरी पर प्रभावी रोक लगाने और छापेमारी अभियान तेज करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सभी विभागों को शासन के दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करने, पारदर्शिता बनाए रखने और कार्यों में जवाबदेही तय करने पर विशेष जोर दिया। बैठक में उप जिलाधिकारी दुद्धी निखिल यादव, उप जिलाधिकारी घोरावल आशीष त्रिपाठी, जिला अल्प संख्यक कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा, जिला पूर्ति अधिकारी ध्रुव गुप्ता, सदर तहसीलदार अमित कुमार सहित अन्य संबंधित अधि कारी उपस्थित रहे।

## रेणुका नदी के तट पर वृक्षारोपण के नाम पर लाखों का 'खेला', मानकों की उड़ी धज्जियां

**आदिवासी सुनील त्रिपाठी/ समाज जागरण**

ओबरा/ सोनभद्र। उत्तर प्रदेश सरकार जहाँ एक ओर करोड़ों पौधे रोपकर प्रदेश को हरा-भरा बनाने का दावा कर रही है, वहीं सोनभद्र के ओबरा क्षेत्र में वन विभाग के अधिकारी और कर्मचारी सरकार की मंशा पर पानी फेर रहे हैं। रेणुका नदी के तट पर पारसोई-4 वृक्षारोपण स्थल पर भ्रष्टाचार की ऐसी 'इबारत' लिखी गई है, जिसे देखकर कोई भी हैरान रह जाए। तकनीक नहीं, ये तो पौधों की 'बलि' है मौके पर मौजूद हकीकत विभागीय आंकड़ों से कोसों दूर है। बोर्ड पर चिल्ला-चिल्ला कर 6112 'बोना नाली' बनाने का दावा किया गया है, लेकिन धरातल पर अधिकांश गड्ढे खाली पड़े हैं। सबसे शर्मनाक स्थिति यह है कि जहाँ पेड़ लगाए भी गए हैं, वहां वैज्ञानिक मानकों को ताक पर रख दिया गया है। विभागीय नियमानुसार जिन पौधों के बीच 5 मीटर (लगभग 16 फीट) की दूरी होनी चाहिए थी, वहां 1 मीटर के दायरे में ही 25 से 30 पौधों को ठूंस दिया गया है। भ्रष्टाचार का 'सघन' मॉडल विशेषज्ञों का मानना है कि एक ही स्थान पर इतने पौधे लगाना उनकी 'हत्या' करने जैसा है। बिना खाद, बिना सिंचाई और बिना पर्याप्त जगह के ये पौधे कुछ ही दिनों में दम तोड़ देंगे। स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि पूरे 15.28 हेक्टेयर क्षेत्र में गड्ढे खोदने और नाली बनाने की मजदूरी बचाने के लिए विभाग ने एक ही जगह पौधों की 'खानापूर्ति' कर लक्ष्य पूरा दिखा दिया है। गायब है 'सुरक्षा खाई', दांव पर पर्यावरण नदी के किनारे मिट्टी के कटाव को रोकने के लिए बोर्ड पर 1600 मीटर सुरक्षा खाई (CPT) बनाने का विवरण अंकित है, लेकिन मौके पर इसकी स्थिति नगण्य है। सुरक्षा के अभाव में आवारा पशु इन पौधों को अपना निवाला बना रहे हैं। करोड़ों के बजट वाले इस प्रोजेक्ट में न तो सिंचाई की व्यवस्था दिख रही है और न ही पौधों के संवर्धन के लिए कोई खाद या कीटनाशक का प्रयोग किया गया है।

# विकास खंड चोपन में शत-प्रतिशत नामांकन के लिए डोर-टू-डोर अभियान, 51 बच्चे चिन्हित

**आदिवासी सुनील त्रिपाठी/ समाज जागरण**



सोनभद्र। चोपन विकास खंड में 6 से 14 वर्ष आयु वर्ग के सभी बच्चों का शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने के लिए एक विशेष अभियान चलाया गया। मंगलवार, 28 अप्रैल 2026 को भलुआ टोला में आयोजित इस डोर-टू-डोर अभियान के तहत 51 ऐसे बच्चों को चिन्हित किया गया, जो अभी तक विद्यालय से बाहर थे। इनमें से 20 बच्चों का मौके पर ही नामांकन कर लिया गया। इस अभियान का नेतृत्व खंड शिक्षा अधिकारी लोकेश मिश्रा ने किया। उनके साथ विकास खंड चोपन के एआरपी वंशदीप, प्रशांत और ज्ञान प्रकाश सहित प्राथमिक विद्यालय भलुआ टोला एवं बिल्ली प्रथम के शिक्षक व शिक्षा मित्र सक्रिय रूप से शामिल रहे। टीम ने घर-घर जाकर अभिभावकों से संपर्क किया और उन्हें बच्चों को विद्यालय भेजने के लिए प्रेरित किया। डोर-टू-डोर संपर्क के दौरान चिन्हित किए गए शेष बच्चों का नामांकन आगामी कार्य दिवसों में पूरा किया जाएगा। शिक्षा विभाग ने इस पहल को सकारात्मक बताया है और जल्द ही शत-प्रतिशत नामांकन का लक्ष्य हासिल करने का भरोसा जताया है। अभियान के दौरान अभिभावकों को सरकार द्वारा प्रदान की जा रही विभिन्न सुविधाओं की जानकारी दी गई। इनमें निःशुल्क यूनिफॉर्म, स्वेटर, जूते-मोजे, स्कूल बैग के लिए 1200 रुपये की डीबीटी, मुफ्त पाठ्य पुस्तकें, स्वास्थ्य जांच शिविर, गरम मध्याह्न भोजन, प्रत्येक बुधवार को दूध और सोमवार को फल जैसी योजनाएं शामिल हैं। खंड शिक्षा अधिकारी लोकेश मिश्रा ने कहा कि शिक्षा प्रत्येक बच्चे का मौलिक अधिकार है और इसमें अभिभावकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

उन्होंने सभी अभिभावकों से अपने बच्चों का नजदीकी विद्यालय में नामांकन कराने की अपील की। इस अभियान से क्षेत्र में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ी है। उम्मीद है कि जल्द ही सभी पात्र बच्चों का नामांकन सुनिश्चित किया जाएगा, जिससे कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे।

## 2 घंटे में बालिका हत्याकांड का खुलासा, मुठभेड़ में आरोपी गिरफ्तार

**समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी**



सोनभद्र। जनपद के म्योरपुर थाना क्षेत्र में 12 वर्षीय बालिका की हत्या के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए महज दो घंटे में घटना का खुलासा कर दिया। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में गठित टीमों ने तकनीकी और मैनुअल साक्ष्यों के आधार पर जांच करते हुए आरोपी को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, 27 अप्रैल 2026 को म्योरपुर क्षेत्र में एक बालिका का शव संदिग्ध परिस्थितियों में बरामद हुआ था। मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। इसके बाद एसओजी, सर्विलांस और स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर जांच शुरू की गई।

जांच के दौरान आरोपी दीपक कुमार पुत्र नन्दलाल का नाम सामने आया, जो मृतका का दूर का मामा बताया जा रहा है और पास में ही रहता था। पुलिस टीम जब आरोपी की गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही थी, तभी उसने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने घटना को अंजाम देने की बात स्वीकार कर ली है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। इस त्वरित कार्रवाई से पुलिस ने गंभीर मामले का शीघ्र खुलासा कर बड़ी सफलता हासिल की है।

## निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश, जिलाधिकारी ने किया स्थलीय निरीक्षण

**ब्यूरो चीफ विजय कुमार अग्रहरी/ समाज जागरण**



सोनभद्र। जनपद में संचालित विभिन्न निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा के लिए जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने मंगलवार को स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने टूरिस्ट फैसिलिटेशन सेंटर, पर्यटन कार्यालय तथा राजकीय आश्रम

पद्धति विद्यालय लोढ़ी के निर्माण कार्यों का जायजा लिया और

संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। टूरिस्ट फैसिलि टेशन सेंटर के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने निर्माण एजेंसी के प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्देशित किया कि कार्य की गुणवत्ता की जांच थर्ड पार्टी के माध्यम से कराई जाए। साथ ही कार्यस्थल पर श्रमिकों से संबंधित सभी रजिस्टर अद्यतन रूप से उपलब्ध रखने और निर्माण कार्य को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए। इसके बाद जिलाधिकारी ने पर्यटन कार्यालय के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित एजेंसी के प्रतिनिधि को निर्देशित किया कि भवन के फिनिशिंग कार्य को शीघ्र पूर्ण कराया जाए, ताकि इसका उपयोग जल्द से जल्द शुरू किया जा सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्माण कार्यों में अनावश्यक देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय लोढ़ी के निर्माण कार्य की प्रगति धीमी पाए जाने पर जिला धिकारी ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने अधिशासी अभियंता यूपी सिडको को निर्देशित किया कि कार्य में तेजी लाने के लिए श्रमिकों की संख्या बढ़ाई जाए और निर्माण कार्य को तय समय सीमा में पूरा किया जाए। साथ ही उन्होंने चेतावनी दी कि किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि वे निर्माण कार्यों की नियमित निगरानी करें और गुणवत्ता से कोई समझौता न किया जाए। उन्होंने कहा कि जनहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध तरीके से पूरा करना प्रशासन की जिम्मेदारी है। इस मौके पर जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह

भदौरिया, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी संत पाल वर्मा, सहायक पर्यटन अधिकारी राजेश भारती, एडीएसटीओ जय सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम चढ़ा राजनीतिक भेंट, पारित ना होने पर भाजपाइयों जनाक्रोश, पुतला दहन

**आदिवासी सुनील त्रिपाठी/ समाज जागरण**



ओबरा/ सोनभद्र। भारतीय जनता पार्टी ओबरा मंडल की महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष ऊषा शर्मा की अध्यक्षता में आज नारी शक्ति बंधन अधिनियम संसद में पारित न होने से सभी भाजपाइयों में आक्रोश व्याप्त है। इस जन आक्रोश के निमित्त सभी भाजपा के कार्यकताओं का एकत्रीकरण ओबरा के राम मंदिर प्रांगण में हुआ। राम मंदिर प्रांगण से सभी भाजपा के कार्यकर्ता गण जुलूस निकालते हुए, "

मातृ शक्ति जिन्दाबाद", "भारत माता की जय", "वन्दे मातरम्" ,"भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद " का नारा लगाते हुए सुभाष तिराहे पर राहुल गांधी और अखिलेश यादव इत्यादि नेताओं का पुतला फूंक कर नारी शक्ति बंधन अधिनियम संसद में पारित नो होने पर अपना आक्रोश व्यक्त करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। इस अवसर पर कार्यक्रम की संयोजक मीनू चौबे ने कहा यह आक्रोश केवल ओबरा शहर में ही नहीं बल्कि पूरे देश में व्याप्त है। उत्तर प्रदेश के कई जिलों में "जन आक्रोश महिला सम्मेलन " आयोजित किया गया है। जिसमें महिलाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। और उन्होंने विपक्ष पर आरोप भी लगाया कि विपक्ष के कारण ही महिला आरक्षण से जुड़ा बिल पास नहीं हो सका। मण्डल अध्यक्ष ने कहा कि हम सरकार से मांग करते हैं कि जल्द से जल्द यह बिल पास किया जाए ताकि हमारी मातृ शक्ति को समाज में उनका अधिकार मिल सके। इस अवसर पर ओबरा भाजपा मण्डल के सतीश पाण्डेय, श्री निवास तोमर, उमेश सिंह पटेल, बृजेश पाण्डेय, रंजना सिंह, विशाल गुप्ता, सुख नन्दन चौरसिया,सुनीता पाण्डेय, हेमलता जायसवाल, सरिता सिंह, अनुज त्रिपाठी,सुनील सिंह, विवेक तोमर, नित्यानंद दूबे, सुशील कुशवाहा, निलेश मिश्रा, संदीप सिंह अरविन्द सोनी,दशरथ शुक्ला, उमेश शुक्ला, विकास सिंह, अविनाश कुशवाहा, आदित्य प्रताप सिंह, राज कुमार यादव, विभाष घटक,समीर माली, वीरेन्द्र यादव, रोहित पटेल, ओम प्रकाश सिंह, संतोष कुमार जायसवाल, मण्डल, ऊषा शर्मा, किरन सिंह, पुष्पा दूबे, सुषमा कुशवाहा, अभिषेक शर्मा, अभिषेक सिन्हा, सावित्री देवी, विनोद तिवारी एवं मीडिया प्रभारी शिशिर शर्मा सहित सभी भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

# मनीष सिंह हत्याकांड में गिरफ्तारी हेतु सर्च ऑपरेशन तेज

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। थाना फूलपुर अन्तर्गत ग्राम घमहापुर में अनियंत्रित कार की टक्कर के पश्चात चालक मनीष सिंह की पीट-पीटकर हत्या किए जाने के संबंध में पंजीकृत मुकदमे में अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु एसओजी एवं थाना फूलपुर स्तर से कई पुलिस टीमों को सक्रिय रूप से लगाया गया है। प्रकरण की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए विभिन्न संभावित स्थानों पर लगातार दबिश दी जा रही है तथा घटना में सलिप्त संदिग्ध व्यक्तियों की तलाश/पड़ताल की जा रही है।




इसी क्रम में एसओजी एवं थाना फूलपुर की संयुक्त पुलिस टीम को एक संदिग्ध व्यक्ति के संबंध में सूचना प्राप्त होने पर थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम खालिसपुर में दबिश हेतु भेजा गया। पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर संदिग्ध के संबंध में आवश्यक कार्रवाई की जा रही थी, उसी दौरान लगभग 50-60 स्थानीय व्यक्ति एकत्रित हो गए तथा पुलिस टीम का विरोध करते हुए उनके साथ अभद्र व्यवहार किया गया, जिससे सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न हुई। उक्त घटना के संबंध में पुलिस टीम की तहरीर के आधार पर थाना फूलपुर में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई की जा रही है। घटना में संलिप्त व्यक्तियों की पहचान कर उनके विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है।

# अधूरी सड़क का निर्माण पूरा, उखड़े हिस्सों की हुई मरम्मत

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। साईं (रजनहिया) गांव में आजमगढ़ रोड से बेलाझ्र पहड़िया मार्ग को जोड़ने वाली नव-निर्मित सड़क में अनियमितताओं को लेकर विभाग हरकत में आया और सुधार कार्य शुरू किया। जिससे ग्रामीणों में खुशी दिखने लगी है।



होमगार्ड कार्यालय के समीप सड़क किनारे जमा मिट्टी के ढेर को हटवाया गया, जिससे जलभराव व सड़क क्षति की आशंका कम हुई।वहीं मंगलवार को ठेकेदार द्वारा मौके पर पहुंचकर अधूरे पड़े कार्य को पूरा कराया गया। मंडलीय कमांडेंट होमगार्ड कार्यालय के समीप चौराहे पर लिंक रोड से सटे करीब तीन से चार मीटर तक अधूरी छोड़ी गई सड़क का निर्माण कराया गया। इस दौरान गिट्टी व तारकोल डालकर सड़क की रंगाई की गई तथा रोलर चलवाकर उसे दुरुस्त किया गया। इसके साथ ही पूरे मार्ग पर जहां-जहां सड़क उखड़ी या कमजोर थी, वहां पैचिंग कार्य भी कराया गया। गौरतलब है कि एक सप्ताह पूर्व ही बनी इस सड़क की गुणवत्ता को लेकर ग्रामीणों ने गंभीर सवाल उठाए थे, जिसके बाद यह कार्रवाई हुई। ग्रामीणों का कहना है कि जब ग्रामीण लामबंद हुए तो विभाग सक्रिय हुआ और सुधार कार्य शुरू कराया गया। हालांकि लोगों ने अभी भी सड़क की गुणवत्ता की निष्पक्ष जांच कराकर मानक के अनुरूप निर्माण सुनिश्चित करने की मांग दोहराई है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवती ने फंदा लगाकर दी जान, पुलिस जांच में जुटी

**समाज जागरण**

मीरजापुर /ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के नौगवां ग्राम पंचायत के अमहा गांव में मंगलवार सुबह कच्चे मकान के बंडेर में संदिग्ध परिस्थितियों में गले में रस्सी का फंदा लगाकर युवती ने जान दे दी। घटना की जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। अमहा गांव निवासी स्वर्गीय सुखराज कोल की 20 वर्षीया पुत्री सुमन अपने कच्चे मकान के बंडेर में प्लास्टिक की रस्सी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। युवती के इस कदम से परिजनों में चीख पुकार मच गई। सूचना पर पहुंचे एसआई विनोद कुमार सिंह ने घटना की बारीकी से जांच करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।एसआई विनोद कुमार सिंह ने बताया कि युवती ने कच्चे मकान के बंडेर में प्लास्टिक की रस्सी से गले में फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया।युवती के मात पिता की पहले ही मौत हो चुकी है। युवती के चाचा देवनारायण देखभाल करते थे।मृतका तीन बहनों में दूसरे नंबर पर थी। परिजनों ने बताया कि आगामी 13 मई को प्रयागराज जिले के बरमपुर दिघिया गांव में शादी तय हुई थी। युवती ने किन कारणों से फंदा लगाकर जान दी पता नही चल सका।थानाध्यक्ष ड्रमंडगंज भारत सुमन ने बताया कि मृतका के चाचा की तहरीर पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घटना की गहनता से जांच की जा रही है।

# भौगोलिक इको-सिस्टम और भूमि शासन को मजबूत करने के लिए वैश्विक विशेषज्ञ नई दिल्ली में एकत्रित हुए

भविष्य के लिए तैयार इको-सिस्टम हेतु भू-स्थानिक आधारों को आगे बढ़ानाह्व विषय पर आयोजित तकनीकी विशेषज्ञ मंच को संबोधित करते हुए भूमि संसाधन विभाग के सचिव श्री नरेंद्र भूषण ने इस बात पर बल दिया कि भू-स्थानिक सूचना एक महत्वपूर्ण सार्वजनिक संसाधन के रूप में उभरी है जो सूचित निर्णय लेने, सरल इन्फ्रास्ट्रक्चर, भूमि शासन, पर्यावरण प्रबंधन, शहरी नियोजन, आपदा प्रबंधन और सतत विकास में सहायक है। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि आधुनिक शासन व्यवस्था कृषि, इंजीनियरिंग, जलवायु अनुकूलन, परिवहन और भूमि प्रशासन जैसे क्षेत्रों में सक्रिय और कुशल निर्णय लेने के लिए सटीक, अंतरसंचालनीय और विश्वसनीय भू-स्थानिक डेटा प्रणालियों पर निर्भर करती है।




भविष्य के लिए तैयार इको-सिस्टम के लिए भू-स्थानिक आधारों को आगे बढ़ानाह्व विषय पर तकनीकी विशेषज्ञ मंच का आयोजन नई दिल्ली के अशोक अस्पताल में किया गया, जिसमें एशिया-प्रशांत क्षेत्र के नीति निमार्ताओं, तकनीकी विशेषज्ञों और अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों को एक साथ लाया गया ताकि शासन, विकास और सार्वजनिक सेवा वितरण में भू-स्थानिक प्रणालियों की बढ़ती भूमिका पर चर्चा की जा सके। इस कार्यक्रम में भारत के सर्वेयर जनरल श्री एस.के. सिन्हा, सिंगापुर भूमि प्राधिकरण के निदेशक और यूएन-जीजीआईएम एशिया-प्रशांत कार्यकारी बोर्ड के उपाध्यक्ष डॉ. विक्टर खू सहित कई विशिष्ट गणमान्य व्यक्ति और सदस्य देशों तथा अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

इस मंच ने संयुक्त राष्ट्र की वैश्विक भू-स्थानिक सूचना प्रबंधन विशेषज्ञ समिति (यूएन-जीजीआईएम) के अंतर्गत विकसित वैश्विक ढांचों के महत्व पर प्रकाश डाला, जिनमें एकीकृत भू-स्थानिक सूचना ढांचा (आईजीआईएफ), वैश्विक भू-भौतिकीय संदर्भ ढांचा (जीजीआर-एफ), वैश्विक सांख्यिकीय भू-स्थानिक ढांचा (जीएसजीएफ) और प्रभावी भूमि प्रशासन ढांचा (एफईएलए) सम्मिलित हैं। ये ढांचे देशों को राष्ट्रीय भू-स्थानिक इको-सिस्टम को मजबूत करने, संस्थागत समन्वय में सुधार करने, डेटा प्रणालियों को एकीकृत करने और वैश्विक अनुरूप ढलने के लिए व्यावहारिक मार्ग प्रदान करते हैं।

श्री नरेंद्र भूषण ने कहा कि भू-स्थानिक सूचना अब केवल निर्णय लेने के लिए एक तकनीकी सहायक उपकरण नहीं रह गई है, बल्कि शासन व्यवस्था में इसका महत्व लगातार बढ़ता जा रहा है। जलवायु, कृषि, इंजीनियरिंग, शहरी विकास, अवसंरचना नियोजन और आपदा राहत जैसे विभिन्न क्षेत्रों में सटीक और परस्पर संचालन योग्य भू-स्थानिक प्रणालियां सरकारों को सक्रिय और कुशल शासन की दिशा में आगे बढ़ने में सक्षम बना रही हैं। श्री नरेंद्र भूषण ने कहा कि वैश्विक मानकों, ढांचों और सहयोग को आकार देने में संयुक्त राष्ट्र की वैश्विक भू-स्थानिक सूचना प्रबंधन विशेषज्ञ समिति (यूएन-जीजीआईएम) की भूमिका को भारत अत्यंत महत्व देता है। उन्होंने आगे कहा कि भारत की राष्ट्रीय भू-स्थानिक नीति अंतरराष्ट्रीय अनुरूप एक खुले, अंतरसंचालनीय और नवाचार-संचालित भू-स्थानिक इको-सिस्टम के निर्माण में एक महत्वपूर्ण कदम है।

इस सत्र के दौरान भू-स्थानिक सुधारों और भूमि शासन आधुनिकीकरण में भारत की प्रगति पर भी प्रकाश डाला गया। डिजिटल इंडिया लैंड रिकॉर्ड्स मॉडर्नाइजेशन प्रोग्राम (डीआईएलआरएमपी), स्वामित्व और नक्शा जैसी प्रमुख पहलों का उदाहरण देते हुए बताया गया कि कैसे ड्रोन, हवाई सर्वेक्षण, डिजिटल मैपिंग और जीआईएस प्लेटफॉर्म का उपयोग ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में भूमि अभिलेखों, संपत्ति स्वामित्व प्रलेखन और नियोजन में सुधार के लिए किया जा रहा है।

एकीकृत लैंड स्टैक की अवधारणा पर भी चर्चा की गई, जो बेहतर शासन और सेवा वितरण के लिए भूमि से संबंधित कई डेटासेट को एक एकीकृत जीआईएस-सक्षम डिजिटल प्लेटफॉर्म में एक साथ लाने के लिए एक उभरता हुआ मॉडल है।

## अन्य विशिष्ट अतिथियों द्वारा दिए गए संबोधन

इससे पहले, भारत के सर्वेयर जनरल श्री एस.के. सिन्हा ने प्रतिभागियों का स्वागत किया और अवसंरचना नियोजन, भूमि प्रशासन, सेवा वितरण, पर्यावरण प्रबंधन और सतत विकास में भू-स्थानिक सूचना की बढ़ती भूमिका पर प्रकाश डाला।

डॉ. विक्टर खू ने भू-स्थानिक विकास के लिए संरचित और समन्वित दृष्टिकोणों के महत्व पर जोर दिया और आईजीआईएफ और एफ-ईएलए जैसे वैश्विक ढांचों की प्रासंगिकता को रेखांकित किया।

## क्षेत्रीय सहयोग के प्रति भारत की प्रतिबद्धता

एशिया-प्रशांत क्षेत्र के प्रतिनिधियों ने जलवायु अनुकूलन, आपदा से निपटने की क्षमता, तटीय क्षेत्रों की संवेदनशीलता, शहरी विस्तार, कृषि स्थिरता और भूमि प्रशासन प्रणालियों के आधुनिकीकरण जैसे क्षेत्रों में मजबूत सहयोग की आवश्यकता पर जोर दिया।

इस क्षेत्रीय सहयोग द्वारा अनुभवों, तकनीकी नवाचारों और संस्थागत सर्वोत्तम प्रथाओं के आदान-प्रदान के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान किया, साथ ही भविष्य के लिए तैयार भू-स्थानिक इको-सिस्टम को आगे बढ़ाने में क्षेत्रीय सहयोग को मजबूत किया।

सत्र समापन पर प्रतिभागियों ने विश्वास व्यक्त किया कि विचार-विमर्श से पूरे क्षेत्र में अधिक एकीकृत, अंतरसंचालनीय और नागरिक-केंद्रित भू-स्थानिक प्रणालियों के निर्माण में सार्थक योगदान मिलेगा।

# अपना दल एस के राष्ट्रीय अध्यक्ष का जन्म दिन मनाया गया

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्यमंत्री व अपना दल एस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल के जन्मदिन पर रोहनिया अपना दल एस कार्यालय में रोहनिया विधायक डॉ.सुनील पटेल ने केक काटकर कर मनाया।साथ उनके साथ उपस्थित सभी कार्यकताओं ने कार्यालय परिसर में पौध रोपण करते हुए लोगों से पर्यावरण संरक्षण की अपील की।अपने संबोधन में रोहनिया विधायक ने कहा उन्होंने अपनी राजनीतिक कौशल से संगठन को आगे बढ़ाया, इसी की देन है कि वह केंद्र सरकार में राज्यमंत्री हैं। भाजपा से गठबंधन करने के बाद वह सांसद चुनी गईं।कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष पटेल की समय के अनुरूप चलने की राजनीतिक सोच पार्टी को नित नई ऊंचाइयों की तरफ ले जा रही है।



केंद्रीय मंत्री की सादगी और जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता को देखते हुए, उनके जन्मदिन को 'सामाजिक न्याय संकल्पदिवस' के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राजेंद्र पटेल जिला अध्यक्ष , उमेश पटेल प्रदेश महासचिव , महेंद्र पटेल प्रदेश सचिव , सियाराम पटेल प्रदेश सचिव , इंद्रजीत पटेल प्रदेश सचिव , मानक सिंह , अमित पटेल , क्षेत्रीय अध्यक्ष नरेंद्र पटेल सहित सैकड़ो की संख्या में समर्थक एवं पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित है।

# भाजपा हरहुआ मण्डल अध्यक्ष के नेतृत्व में सैकड़ों महिलाएं पीएम सम्मेलन में हुई शमिल

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। हरहुआ भाजपा मंडल के अध्यक्ष आसुतोष मिश्रा 'अजय' के नेतृत्व में 15 बसों में सवार होकर पीएम नारी शक्ति बन्दन सम्मेलन में 500 सौ महिलाएं शामिल हुई।

अध्यक्ष अजय मिश्रा ने कहा कि महिला शक्ति बन्दन अंतर्गत महिलाओं को अधिकार और उनके सशक्तिकरण को लेकर व्यापक पैमाने पर हर वर्ग ,जाति,धर्म से जुड़ी महिलाएं शामिल हुई। 15 बसों में सवार महिलाओं को लू ,तपिस से बचाने के लिए लंच पैकेट , बोतल पानी, फ्रूटी जूस व ग्लूकोज के पाउच व टोपी दी गई थी।

प्रमुख रूप से भाजपा हरहुआ मंडल अध्यक्ष अशुतोष मिश्रा'अजय मिश्रा', प्रधान अनौरा दीपक चौहान, उपाध्यक्ष अरुणेंद्र सिंह ,पंकज तिवारी ,प्रिया सिंह ,उपाध्यक्ष अपरबल सिंह ,महामन्त्री अनिल पांडेय, अंशुमान सिंह, विजय सिंह व मनोज पटेल सहित कई भाजपा मंडल कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल रहे। महिला आरक्षण विधेयक को हर हाल में लड़कर लेने का संकल्प लिया। हर हर महादेव के साथ मोदी जी के द्वारा दिये गए काशी को सौगात की सराहना की।

# महिला ने संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीले कनेर के फल का किया सेवन हालत बिगड़ी पीएचसी में भर्ती

**समाज जागरण**

मीरजापुर /हलिया थाना क्षेत्र के परसिया कला गांव निवासी महिला ने सोमवार की रात्रि में संदिग्ध परिस्थितियों जहरीले कनेर के फल का सेवन कर लिया जिससे महिला की हालत बिगड़ने पर महिला के परिजनों द्वारा तत्काल उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया में भर्ती कराया है जंहा पर महिला का उपचार किया जा रहा है थाना क्षेत्र के परसिया कला गांव निवासी रोहित की 28 वर्षीय पत्नी सरोजा देवी ने किसी बात से क्षुब्ध होकर कनेर के फल का सेवन कर लिया जिससे महिला को उल्टी, चक्कर ओर सांस लेने में दिक्कत होने लगी महिला की हालत बिडगने पर परिजनों द्वारा आनन फानन में उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया में भर्ती कराया जंहा पर चिकित्सक आलोक यादव द्वारा महिला का उपचार किया जा रहा है महिला की हालत में सुधार हुआ है इस संबंध में चिकित्सक आलोक यादव ने बताया की महिला की कनेर का फल खाने से हालत बिगड़ने पर उसके परिजनों द्वारा उपचार के लिए लेकर आये थे उपचार किया जा रहा है महिला की हालत में सुधार हो रहा है खतरे से बाहर है

# जिलाधिकारी ने जनपद के बाढ़ क्षेत्र के अनुश्रवण हेतु फ्लड स्टीयरिंग ग्रुप की बैठक कर की समीक्षा

**समाज जागरण**

मीरजापुर /जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार की अध्यक्षता में जिलाधिकारी कार्यालय में जनपद के बाढ़ क्षेत्र के अनुश्रवण हेतु फ्लड स्टीयरिंग ग्रुप की बैठक आहूत की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक, मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार, अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 अजय कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी भू0/रा0 देवेन्द्र प्रताप सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक नगर नितेश सिंह, उप जिलाधिकारी सदर गुलाब चन्द्र, सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें। बैठक में जिलाधिकारी ने बाढ़ से सम्बन्धित अधिकारियो को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में बाढ़ के समय बाढ़ की स्थिति की समीक्षा करके आवश्यक प्रबन्ध एवं कार्यवाही, बाढ़ निरोधक कार्यों पर बाढ़ के समय आवश्यक सामग्री कार्यस्थल पर पहुँचाने हेतु साधन उपलब्ध कराना, बाढ़ निरोधक कार्यों के क्षतिग्रस्त स्थल पर मरम्मत के लिए मजदूर एवं अन्य आवश्यक व्यवस्था, बाढ़ निरोधक कार्यों की



सुरक्षार्थ आवश्यकता पड़ने पर पी०ए०सी०, पुलिस या होमगार्डस द्वारा पेट्रोलिंग का प्रबन्ध, शहरो एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बाढ़ निरोधक कार्यों के क्षतिग्रस्त स्थलों पर जहाँ रात्रि में भी कार्य करने की आवश्यकता हो, वहाँ बिजली का उचित प्रबन्ध, जलमग्न क्षेत्रों में वर्षा के पानी को निकालने के लिये पम्पों, डीजल और बिजली इत्यादि की समुचित व्यवस्था, राहत कार्यों से सम्बन्धित विभागों/संस्थानों के समन्वय कर व्यवस्थाएं कराना सुनिश्चित करे। उन्होंने कहा कि बाढ़ क्षेत्रो में पर्याप्त नाव की व्यवस्था करने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होंने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा वर्षा से पूर्व सभी के टीकाकरण शत प्रतिशत पशुओ को लगवाना सुनिश्चित करें। स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि जीवन रक्षक दवाएं, एम्बुलेंस सहित सभी व्यवस्थाए कराना सुनिश्चित करेंगे। लोक निर्माण विभाग खण्ड-2 को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन रास्तो पर जलभराव हो जाता है उन रास्तो पर आवागमन हेतु पुलिया, सड़क की मरम्मतीकरण कराना सुनिश्चित करें। टेण्डर अदि के बारे में जिलाधिकारी ने कहा कि समय रहते करा लिया जाए।

# महिला सशक्तिकरण विकसित भारत के निर्माण का केंद्र है: डॉ. मनसुख मांडविया

**समाज जागरण**

केंद्रीय श्रम एवं रोजगार और युवा कार्यक्रम तथा खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने आज 'स्विगस्त्रीः सेलिब्रेटिंग वुमेन ऑन द मूव' कार्यक्रम में भाग लिया। स्विगी द्वारा आयोजित एक इस महत्वपूर्ण पहल का उद्देश्य महिला डिलीवरी सहयोगियों के जुझारूपन और साहस को सम्मानित करना है। इस कार्यक्रम में स्विगी फूड मार्केटप्लेस और इंस्टामार्ट की वे महिला डिलीवरी सहयोगी एक साथ आईं, जिन्होंने सामाजिक-आर्थिक बाधाओं को पार करने के साथ-साथ सम्मानजनक आजीविका अर्जित करते हुए अपने परिवारों का भरण-पोषण किया है।

इस अवसर पर अपने संबोधन में डॉ. मांडविया ने कहा कि कार्यबल में महिलाओं की समान भागीदारी सामाजिक अनिवार्यता और आर्थिक आवश्यकता दोनों है। उन्होंने कहा कि महिलाओं का सशक्तिकरण एक विकसित भारत के निर्माण का केंद्रबिंदु है।

डॉ. मांडविया ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत में महिलाओं के लिए नए और अनुकूल अवसर खुल रहे हैं, जिससे महिला रोजगार के संकेतकों में अभूतपूर्व सुधार हो रहा है। महिला श्रम बल सहभागिता दर (एफएलएफपीआर) 2017-18 में 23.3 प्रतिशत से बढ़कर 2025 में 40 प्रतिशत हो गई है। इसी अवधि में महिला श्रमिक जनसंख्या अनुपात (एफडब्ल्यूपीआर) भी 22 प्रतिशत से बढ़कर लगभग 39 प्रतिशत हो गया है। इसके अलावा, महिला बेरोजगारी दर (एफयूआर) 5.6 प्रतिशत से घटकर 3.1 प्रतिशत हो गई है। यह दर्शाता है कि रोजगार की तलाश करने वाली महिलाएं अब अधिक सफलतापूर्वक रोजगार प्राप्त कर रही हैं।

डॉ. मांडविया ने पिछले दशक में भारत के सामाजिक सुरक्षा कवरेज में लगभग तीन गुना विस्तार पर भी बल दिया, जो वर्ष 2015 के 19 प्रतिशत से बढ़कर वर्ष 2025 में 64.3 प्रतिशत से अधिक हो गया है। यह श्रम कानून सुधार, डिजिटल समावेशन और लक्षित कल्याण वितरण जैसे क्षेत्रों में निरंतर नीतिगत कार्रवाई का परिणाम है। डॉ. मांडविया ने पिछले नवंबर में लागू हुईं चार श्रम संहिताओं की ओर ध्यान दिलाया और उनके द्वारा लाए गए परिवर्तनकारी सुधारों पर बल दिया। उन्होंने बताया कि सामाजिक सुरक्षा संहिता 2020 के अंतर्गत पहली बार गिग और प्लेटफॉर्म श्रमिकों को औपचारिक रूप से मान्यता दी गई है। उन्होंने कहा कि इन श्रमिकों, जिनमें से कई महिलाएं हैं, को अब कानूनी पहचान और सामाजिक सुरक्षा तक पहुंच प्राप्त है। उन्होंने कहा कि समान काम के लिए समान वेतन का सिद्धांत संहिताओं में निहित है। यह लिंग आधार पर वेतन भेदभाव को समाप्त करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है।

डॉ. मांडविया ने बताया कि श्रम संहिता में घर से काम करने के प्रावधान, मातृत्व अवकाश के अधिकार और कार्यस्थलों पर शिशुगृह सुविधाओं की स्थापना का भी प्रावधान है, ये ऐसे उपाय हैं जो सीधे तौर पर उन संरचनात्मक बाधाओं को दूर करते हैं जिन्होंने ऐतिहासिक रूप से महिलाओं को कार्यबल में अपनी भागीदारी बनाए रखने से रोका है। डॉ. मांडविया ने महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देने में गिग और प्लेटफॉर्म आधारित रोजगार की अनूठी क्षमता के बारे में चर्चा करते हुए कहा कि प्लेटफॉर्म आधारित रोजगार, कामगार के समय, रुचि और व्यक्तिगत परिस्थितियों के अनुरूप उदारता प्रदान करता है। महिला डिलीवरी साझेदारों की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि महिला डिलीवरी साझेदार न केवल अपने परिवारों का भरण-पोषण कर रही हैं, बल्कि सामाजिक प्रगति को भी आगे बढ़ा रही हैं, आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित कर रही हैं और राष्ट्र के आर्थिक और सामाजिक ताने-बाने को मजबूत कर रही हैं।

# धर्म व सदाचार मार्ग पर चलना जरूरी: प0 आलोक कृष्ण

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। बाल व्यास प0 आलोक कृष्ण महाराज ने कहा कि हमें सदैव धर्म और सदाचार के मार्ग पर चलना है। तभी हमारा जीवन सफल होगा। हमें हमेशा बड़ो का आदर कर उनका कही बातों को आत्मसात करने की जरूरत है।



उक्त प्रवचन सारनाथ स्थित शक्तिपीठ पीठाधीश्वर धाम नीम करौली बाबा आश्रम के 5 वे स्थापना दिवस पर 9 दिवसीय श्री मदभागवत पाठ के दूसरे दिन मंगलवार को कही। उन्होंने कहा कि परिवार व समाज के भलाई के लिए बुरी आदतों को त्यागना होगा। अपने माता पिता की सेवा के साथ उनकी बातों को मानना होगा। तभी मानव जीवन मे खुशहाली रहेगी। महाभारत में मूल जुआ ही व्यसन था। इसके पूर्व महंत आचार्य विद्या निवास ने श्री मदभागवत की आरती की। इस दौरान डा सुरेंद्र नाथ तिवारी, ओम,अंजनी,साधना,सहित अन्य भक्त शामिल रहे।

# हलिया में चकबंदी अधिकारी की अधिवक्ताओं ने दी भावभीनी विदाई

**समाज जागरण**

मीरजापुर /हलिया ब्लॉक में तैनात चकबंदी अधिकारी हलिया मिथिलेश मिश्रा 30 अप्रैल को सेवानिवृत होने के उपलक्ष्य में मंगलवार को ब्लॉक सभागार में चकबंदी अधिवक्ता समिति के द्वारा भावभीनी विदाई समारोह आयोजित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला बंदोबस्त अधिकारी (एसओसी) चकबंदी अशोक त्रिपाठी रहे अधिवक्ताओं ने अधिकारी के कार्यकाल और व्यवहार की सराहना की। बड़ी संख्या में अधिवक्ता, चकबंदी कर्मी और स्थानीय लोग मौजूद रहे।अधिवक्ताओं ने क्या कहा चकबंदी अधिवक्ता समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि अधिकारी ने चकबंदी मामलों का निस्तारण पारदर्शिता और समयबद्ध तरीके से किया। किसान और अधिवक्ता दोनों को उनका सहयोग मिलता रहा। उनके कार्यकाल में लंबित मामलों में कमी आई अधिवक्ताओं ने अधिकारी को स्मृति चिन्ह और अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। अधिकारी ने भी अधिवक्ताओं और कर्मचारियों के सहयोग के लिए आभार जताया और कहा कि हलिया में मिला अनुभव हमेशा याद रहेगा।मुख्य अतिथि ने कहा की विभाग में सेवानिवृत होना एक प्रक्रिया है विदाई समारोह की अध्यक्षता वरिष्ठ अधिवक्ता प्रभु नाथ दुबे व संचालन वरिष्ठ अधिवक्ता जीतेन्द्र बहादुर सिंह ने किया इस दौरान सहायक चकबंदी अधिकारी हलिया हरिशचंद्र पटेल, हथेड़ा श्रवण कुमार प्रजापति, शिव नारायण चौरसिया, अधिवक्ता चंद्र दत्त त्रिपाठी, सुधाकर दुबे, कमलेश मिश्रा, संतोष तिवारी, निहाल खान, लेखपाल अमिताभ यादव, राहुल यादव, ध्रुवराज यादव आदि मौजूद रहे

# विवाहिता के संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत परिजनों में मचा कोहराम

**समाज जागरण**

मीरजापुर /हलिया थाना क्षेत्र के अहुगी कला गांव निवासी विवाहिता की मंगलवार की सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई विवाहिता के परिजनों द्वारा उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये जंहा पर चिकित्सक ने विवाहिता को मृत घोषित कर दिया है विवाहिता की मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया है थाना क्षेत्र के अहुगी कला गांव निवासी शिवेश कुमार सिंह की 28 वर्षीय पत्नी पूनम की संदिग्ध परिस्थितियों में मंगलवार की सुबह मौत हो गई विवाहिता को परिजनों द्वारा उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर आये जंहा पर चिकित्सक द्वारा विवाहिता को मृत घोषित कर दिया विवाहिता की मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया है इस संबंध में चिकित्सक आलोक यादव ने बताया की विवाहिता को उसके परिजनों द्वारा मृत अवस्था में लेकर आये थे मृत घोषित कर दिया गया है परिजनों द्वारा घर लेकर चले गए है

# जिलाधिकारी ने ई0वी0एम0 वी0वी0 पैट गोदाम का किया निरीक्षण

**समाज जागरण**

मीरजापुर /मीरजापुर जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार ने भिस्कुरी स्थित ई0वी0एम/वी0वी0 पैट गोदाम का मासिक (बाह्य) निरीक्षण किया। निरीक्षण



के दौरान जिलाधिकारी ने व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। जिलाधिकारी ने सफाई एवं सुरक्षा के दृष्टिगत तैनात कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने तैनात सुरक्षा कर्मियों को निर्देशित करते हुये कहा कि ई0वी0एम0/वी0वी0 पैट को सुरक्षित वातावरण में रखा जाये। निरीक्षण के बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी अषोक त्रिपाठी, भारतीय जनता पार्टी से गिरीश दूबे, अपना दल एस से हेमंत बिन्द व संतोष विश्वकर्मा, नगर अध्यक्ष समाजवादी पार्टी रवि सोनकर, राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी से छोटे खान, जिला उपाध्यक्ष बासपा से सद्दाम राइन, आम पार्टी से मनबोध दूबे उपस्थित रहे।

# विशाखापत्तनम "एआई पत्तनम" बनने जा रहा है, जो भारत की एआई और डेटा क्रांति को गति देगा

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी, रेल और सूचना एवं प्रसारण मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि मजबूत नीतिगत समर्थन और दूरदर्शी नेतृत्व के बल पर भारत इलेक्ट्रॉनिक विनिर्माण क्षेत्र में विश्व के लिए प्रमुख




विश्वसनीय मूल्य श्रृंखला और आपूर्ति श्रृंखला भागीदार के रूप में उभरने के लिए तैयार है।

श्री वैष्णव विशाखापत्तनम में गूगल क्लाउड इंडिया एआई हब के शिलान्यास समारोह के बाद सभा को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री एन. चंद्रबाबू नायडू, कई केंद्रीय मंत्री, राज्य मंत्री और उद्योग जगत के दिग्गज उपस्थित थे। लगभग 15 अरब अमेरिकी डॉलर के अनुमानित निवेश वाली यह परियोजना अदाणी कॉनेक्स और एयरटेल एनएक्स्ट्रा के साथ साझेदारी में विकसित की जा रही है जिसमें विशाखापत्तनम में 1 गीगावॉट का हाइपरस्केल एआई डेटा सेंटर शामिल होगा। आंध्र प्रदेश सरकार ने इस परियोजना के लिए तुरलुवाड़ा, रमबिल्ली और अदाविवरम क्षेत्रों में लगभग 600 एकड़ भूमि आवंटित की है।

# आयुर्वेद के मुताबिक एक साथ भूलकर भी नहीं खानी चाहिए ये चीजें

**आयुर्वेद एक्सपर्ट किरण गुप्ता जी के मुताबिक, गलत फूड कॉम्बिनेशन को खाने से शरीर में टॉक्सिंस उत्पन्न हो सकते हैं जो पाचन क्रिया को बिगाड़ते हैं और कई तरह की बीमारियों का भी कारण बन सकते हैं. ऐसे में आपको पता होना चाहिए कि किन चीजों को एक साथ भूलकर भी नहीं खाना चाहिए. ताकि सेहत पर कोई गलत असर न पड़े.**

आयुर्वेद एक्सपर्ट किरण गुप्ता जी के मुताबिक, गलत फूड कॉम्बिनेशन को खाने से शरीर में टॉक्सिंस उत्पन्न हो सकते हैं जो पाचन क्रिया को बिगाड़ते हैं और कई तरह की बीमारियों का भी कारण बन सकते हैं. ऐसे में आपको पता होना चाहिए कि किन चीजों को एक साथ भूलकर भी





नहीं खाना चाहिए. ताकि सेहत पर कोई गलत असर न पड़े.

विरुद्ध आहार में दूध और नमक सबसे पहला नाम है. इन्हें एक साथ नहीं खाना चाहिए. क्योंकि दूध ठंडा और मीठे स्वभाव का होता है, जबकि नमक गर्म और तीखा होता है. इनका संयोजन ब्लड प्यूरिफिकेशन और त्वचा पर बुरा प्रभाव डाल सकता है. इससे एलर्जी, त्वचा रोग (फोड़े-फुंसी), पाचन गड़बड़ी जैसी समस्याएं हो सकती हैं.

विरुद्ध आहार में दूध और नमक सबसे पहला नाम है. इन्हें एक साथ नहीं खाना चाहिए. क्योंकि दूध ठंडा और मीठे स्वभाव का होता है, जबकि नमक गर्म और

तीखा होता है. इनका संयोजन ब्लड प्यूरिफिकेशन और त्वचा पर बुरा प्रभाव डाल सकता है. इससे एलर्जी, त्वचा रोग (फोड़े-फुंसी), पाचन गड़बड़ी जैसी समस्याएं हो सकती हैं.

दूध और मछली का सेवन भी आयुर्वेद में सख्त मना किया गया है. दोनों का स्वाभाव अलग-अलग होता है . जैसे मछली गर्म तासीर वाली होती है और दूध ठंडी तासीर वाला. ऐसे में इनका साथ





में सेवन करने पर यह शरीर में जहर तक पैदा कर सकता है. इससे त्वचा रोग, एलर्जी, एक्ज़िमा तक की शिकायत हो सकती है.

दूध और मछली का सेवन भी आयुर्वेद में सख्त मना किया गया है. दोनों का स्वाभाव अलग-अलग होता है . जैसे मछली गर्म तासीर वाली होती है और दूध ठंडी तासीर वाला. ऐसे में इनका साथ में सेवन करने पर यह शरीर में जहर तक पैदा कर सकता है. इससे त्वचा रोग, एलर्जी, एक्ज़िमा तक की शिकायत हो सकती है.

वैसे तो कई लोग फ्रूट स्मूदी और शेख बना कर पीते हैं लेकिन आयुर्वेद में फल और दूध का सेवन एक साथ नहीं करना





चाहिए. खासतौर पर खट्टे फलों का सेवन तो बिल्कुल नहीं करना चाहिए. खट्टे फल दूध को फाड़ सकते हैं और पाचन में समस्या पैदा करते हैं, जिससे गैस, अपच, एसिडिटी जैसी समस्याएं पैदा हो सकती हैं. हालांकि, अगर सही





तरीके से लिया जाए तो मीठे फल जैसे आम या केले का मिल्कशेक बना सकते हैं.

वैसे तो कई लोग फ्रूट स्मूदी और शेख बना कर पीते हैं लेकिन आयुर्वेद में फल और दूध का सेवन एक साथ नहीं करना चाहिए. खासतौर पर खट्टे फलों का सेवन तो बिल्कुल नहीं करना चाहिए. खट्टे फल दूध को फाड़ सकते हैं और पाचन में समस्या पैदा करते हैं, जिससे गैस, अपच, एसिडिटी जैसी समस्याएं पैदा हो सकती हैं. हालांकि, अगर सही तरीके से लिया जाए तो मीठे फल जैसे आम या केले का मिल्कशेक

बना सकते हैं.

अक्सर कुछ लोग पेट की कम करने के लिए गर्म पानी में शहद मिलाकर पीते हैं, जो एक विरुद्ध आहार है. जी हां, आयुर्वेद में गर्म पानी/चाय/दूध के साथ शहद सेवन मना किया

गया है. आयुर्वेद के अनुसार, शहद को कभी भी गर्म नहीं करना चाहिए. गर्म करने पर यह जहर समान बन जाता है, जो पाचन तंत्र पर असर डालता है.

अक्सर कुछ लोग पेट की कम करने के लिए गर्म पानी में शहद मिलाकर पीते हैं, जो एक विरुद्ध आहार है. जी हां, आयुर्वेद में गर्म पानी/चाय/दूध के साथ शहद सेवन मना किया गया है. आयुर्वेद के अनुसार, शहद को कभी भी गर्म नहीं करना चाहिए. गर्म करने पर यह जहर समान बन जाता है, जो पाचन तंत्र पर असर डालता है.

शहद को घी के साथ भी नहीं खाना चाहिए. अगर घी और शहद को बराबर मात्रा में मिलाकर खाया जाए, तो यह शरीर के लिए जहरीला हो सकता है. जिससे टॉक्सिन बनना और शरीर में असंतुलन बन सकता है. ऐसे में इन विरुद्ध

आहार का सेवन करने से बचें.

शहद को घी के साथ भी नहीं खाना चाहिए. अगर घी और शहद को बराबर मात्रा में मिलाकर खाया जाए, तो यह शरीर के लिए जहरीला हो सकता है. जिससे टॉक्सिन बनना और शरीर में असंतुलन बन सकता है. ऐसे में इन विरुद्ध आहार का सेवन करने से बचें.









# फर्जी कागजात के सहारे अवैध कोयला परिवहन का भंडाफोड़, 9 वाहन जब्त, 6 गिरफ्तार

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**




फर्जी कागजात के आधार पर अवैध एवं संगठित तरीके से कोयला परिवहन के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए नौ कोयला लदे वाहनों को जब्त किया है तथा छह चालकों को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की है।

पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार को गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ वाहन मालिक फर्जी एसटी कागजात तैयार कर अवैध रूप से कोयले की ढुलाई कर रहे हैं। सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, किशनगंज-2 के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया।

विशेष टीम ने इससे पूर्व 25 अप्रैल 2026 को गलगलिया चेक पोस्ट पर अभियान चलाकर चार वाहनों को जब्त करते हुए चार चालकों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। इसी क्रम में 27 अप्रैल 2026 को विभिन्न थाना क्षेत्रों में सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान कुल नौ कोयला लदे वाहनों को जब्त किया गया, जिनमें ठाकुरगंज थाना क्षेत्र से छह, गलगलिया से दो तथा किशनगंज से एक वाहन शामिल हैं। जांच में सभी वाहनों के कागजात फर्जी पाए गए। कार्रवाई के दौरान गिरफ्तार आरोपियों में गुलशनवर (40), वसीम (42), मारूफ (40), आकाश कुमार पाठक (28), मो. रिजवान (22) एवं मो. अकलम (39) शामिल हैं। सभी आरोपियों के विरुद्ध संबंधित थाना क्षेत्रों में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। शेष तीन वाहन मालिकों/चालकों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है।

# जिले में गुणवत्ता की बड़ी परीक्षा: 29 व 30 अप्रैल को दो हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का राष्ट्रीय निरीक्षण

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

28 अप्रैल। ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं में गुणवत्ता, भरोसा और सुदृढ़ व्यवस्था को नई पहचान दिलाने की दिशा में किशनगंज जिला एक महत्वपूर्ण मुकाम पर पहुंच गया है। राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर चुके हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर (आयुष्मान आरोग्य मंदिर) अब राष्ट्रीय मानकों की कसौटी पर परखे जाएंगे। इसी क्रम में 29 अप्रैल को धंतोला तथा 30 अप्रैल को वल्दिया हाट हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का राष्ट्रीय स्तर की मूल्यांकन टीम द्वारा निरीक्षण किया जाएगा।

यह निरीक्षण जिले की स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, पारदर्शिता और प्रतिबद्धता की वास्तविक परीक्षा माना जा रहा है।

वल्दिया हाट हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पहले ही राज्य स्तर पर राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक के अंतर्गत 79 अंक प्राप्त कर अपनी मजबूत पहचान बना चुका है। अब राष्ट्रीय स्तर पर चयनित होना इस उपलब्धि को और सशक्त बनाता है। वहीं धंतोला केंद्र का इस प्रक्रिया में शामिल होना दशार्ता है कि जिले के अन्य केंद्र भी तेजी से गुणवत्ता मानकों को अपनाते हुए आगे बढ़ रहे हैं।

सिविल सर्जन डॉ. राज कुमार चौधरी ने इसे जिले के लिए गर्व का क्षण बताते हुए कहा कि दोनों केंद्रों का राष्ट्रीय निरीक्षण के लिए चयन टीम की मेहनत और गुणवत्ता के प्रति प्रतिबद्धता का परिणाम है। उन्होंने भरोसा जताया कि दोनों केंद्र इस मूल्यांकन में बेहतर प्रदर्शन करेंगे।

जिला पदाधिकारी विशाल राज ने कहा कि यह निरीक्षण जिले के स्वास्थ्य तंत्र की मजबूती का प्रमाण है। पंचायत प्रतिनिधियों, स्वास्थ्यकर्मियों और आम नागरिकों के सहयोग से यह उपलब्धि संभव हो सकी है। उन्होंने कहा कि लक्ष्य है हर गांव में लोगों को उनके नजदीक ही गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना।



जिला गुणवत्ता आश्वासन समन्वयक सुमन सिन्हा ने बताया कि राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक के तहत स्वच्छता, दवा उपलब्धता, मरीजों के साथ व्यवहार, रिकॉर्ड प्रबंधन और सेवाओं की निरंतरता जैसे सभी पहलुओं का गहन मूल्यांकन किया जाता है। उन्होंने बताया कि टीम ने लगातार प्रशिक्षण, मार्गदर्शन और निगरानी के माध्यम से दोनों केंद्रों को पूरी तरह तैयार किया है।

राष्ट्रीय स्तर पर प्रमाणीकरण मिलने के बाद इन आयुष्मान आरोग्य मंदिरों को अतिरिक्त संसाधन और सहयोग प्राप्त होगा, जिससे ग्रामीणों को अपने ही क्षेत्र में जांच, उपचार, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाएं, गैर संचारी रोगों की स्क्रीनिंग और स्वास्थ्य परामर्श जैसी सुविधाएं आसानी से उपलब्ध होंगी। इससे दूर-दराज के अस्पतालों पर निर्भरता कम होगी और समय पर उपचार सुनिश्चित होगा।

वल्दिया हाट केंद्र पहले ही जिले के लिए एक आदर्श बन चुका है, वहीं धंतोला केंद्र भी उसी दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। 29 और 30 अप्रैल को होने वाला यह राष्ट्रीय निरीक्षण जिले के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है, जहां गुणवत्ता, सेवा और विश्वास की नई दिशा तय होगी।

# बिहार में औद्योगिक क्रांति की शुरूआत

**पटना के बिहटा में 171 करोड़ के MSME टेक्नोलॉजी सेंटर का उद्घाटन**

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ बिहार के औद्योगिक परिदृश्य को बदलने और युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में मंगलवार को एक बड़ा कदम उठाया गया। पटना जिले के बिहटा (सिकंदरपुर) में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (MSME) प्रौद्योगिकी केंद्र का भव्य उद्घाटन किया गया। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर इस अत्याधुनिक



केंद्र का शुभारंभ किया।इस अवसर पर बिहटा के मुख्य केंद्र के साथ-साथ मुजफ्फरपुर, रोहतास, दरभंगा और मुंगेर में भी नए विस्तार केंद्रों की शुरूआत की गई। उद्घाटन के बाद दोनों नेताओं ने परिसर में लगे स्टॉलों का निरीक्षण किया। केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने मगही भाषा में संबोधित करते हुए बताया कि केंद्र और राज्य के साझा प्रयास से लगभग 200 करोड़ की लागत से इन केंद्रों को तैयार किया गया है। अकेले बिहटा केंद्र 171 करोड़ की लागत से 15 एकड़ में फैला है, जो राज्य का सबसे बड़ा सेंटर है। यह केंद्र राष्ट्रीय अनुसूचित जाति एवं जनजाति हब योजना के तहत स्थापित है। इसका उद्देश्य विशेष रूप से SC/ST वर्ग के युवाओं को तकनीकी प्रशिक्षण और संसाधन देकर उद्यमी बनाना है। सरकारी नियमों के तहत केंद्रीय उपक्रमों को अपनी खरीद का 4% हिस्सा इन्हीं वर्गों के उद्यमियों से लेना अनिवार्य है, जिसके लिए यह केंद्र उन्हें तैयार करेगा। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि इस पहल से स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन होगा, जिससे युवाओं का दूसरे राज्यों में पलायन रुकेगा। विशेषज्ञों के अनुसार, ये केंद्र बिहार की अर्थव्यवस्था की रीढ़ माने जाने वाले लघु उद्योगों को मजबूती प्रदान करेंगे और नए स्टार्टअप्स के लिए मार्ग प्रशस्त करेंगे।

# पटना के बिहटा में पुलिस चेकिंग के दौरान कोहराम

## अनियंत्रित कार ने ग्रामीणों को रौंदा, वाहन से भारी मात्रा में हथियार बरामद

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के बिहटा थाना क्षेत्र अंतर्गत राघोपुर गांव में सोमवार देर रात भीषण हादसा हो गया। पुलिस जांच से बचने के लिए भाग रही एक संदिग्ध कार ने सड़क किनारे खड़े ग्रामीणों को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इस घटना के बाद वाहन से हथियार मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई है। जानकारी के अनुसार, वीआईपी मूवमेंट के मद्देनजर पुलिस सघन वाहन जांच अभियान चला रही थी। इसी बीच एक सफेद रंग की संदिग्ध कार ने पुलिस को देख रफ्तार बढ़ा दी। भागने के प्रयास में चालक ने नियंत्रण खो दिया और सड़क किनारे खड़े लोगों को रौंद दिया।



घायलों को तत्काल निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जिनमें से कुछ की हालत चिंताजनक बनी हुई है। हादसे के बाद गुस्साए ग्रामीणों ने कार पर पथराव कर उसे क्षतिग्रस्त कर दिया, जबकि आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने जब क्षतिग्रस्त वाहन की तलाशी ली, तो दंग रह गई। कार के अंदर से दो पिस्टल, 15 कारतूस और तीन मैगजीन बरामद किए गए हैं। इससे अंदेशा जताया जा रहा है कि कार सवार किसी बड़ी आपराधिक घटना को अंजाम देने की फिराक में थे। थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि बरामद हथियारों के आधार पर मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। वाहन के रजिस्ट्रेशन नंबर के जरिए आरोपियों की पहचान की जा रही है और उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी तेज कर दी गई है। घटना के बाद से गांव में पुलिस बल तैनात है और स्थिति नियंत्रण में है। स्थानीय लोगों ने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है।

# जनगणना अधिकारी बन लगा रहे हैं चूना

## बिहार में साइबर ठगी का नया पैंतरा

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ बिहार में साइबर अपराधियों ने ठगी का एक नया और बेहद खतरनाक तरीका अपनाया है। अब जालसाज खुद को जनगणना अधिकारी बताकर लोगों को फोन कॉल और व्हाट्सएप के जरिए निशाना बना रहे हैं। जनगणना के नाम पर हो रही इस धोखाधड़ी को लेकर बिहार पुलिस की साइबर इकाई ने राज्यव्यापी अलर्ट जारी किया है। ठग लोगों को फोन कर डराते हैं कि उनकी 'स्व-गणना' प्रक्रिया पूरी नहीं हुई है, जिसके कारण सरकारी योजनाओं का लाभ बंद हो सकता है। इसके बाद वे एक संदिग्ध लिंक भेजते हैं। जैसे ही कोई इस लिंक पर क्लिक करता है, उसका मोबाइल फोन हैक हो जाता है और ठगों को बैंक खातों समेत निजी जानकारी की एक्सेस मिल जाती है। पटना और मुजफ्फरपुर से ऐसे कई मामले सामने आए हैं, जहां पीड़ितों के खातों से हजारों रुपये उड़ा लिए गए। पुलिस के अनुसार, साइबर अपराधी विशेष रूप से उन ग्रामीण क्षेत्रों को निशाना बना रहे हैं जहां डिजिटल जागरूकता कम है। सरकारी लाभ रुकने के डर का फायदा उठाकर लोगों को मनोवैज्ञानिक दबाव में लिया जाता है। जनगणना विभाग ने स्पष्ट किया है कि विभाग कभी भी फोन या संदेश



के माध्यम से व्यक्तिगत जानकारी या ओटीपी नहीं मांगता है। बिहार पुलिस की साइबर सेल ने संदिग्ध नंबरों की जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों ने नागरिकों को सलाह दी है कि किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें। जनगणना के नाम पर अपनी बैंकिंग डिटेल या ओटीपी साझा न करें। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना स्थानीय पुलिस या साइबर क्राइम पोर्टल पर दें। विशेषज्ञों का कहना है कि जागरूकता ही इस ठगी से बचने का एकमात्र हथियार है। जनगणना की प्रक्रिया केवल अधिकृत सरकारी पोर्टल के माध्यम से ही पूरी की जाती है।

# पटना के फतुहा में भीषण सड़क हादसा

## नर्स मां को ड्यूटी से घर ला रहे किशोर की मौत, मां गंभीर

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के फतुहा थाना क्षेत्र अंतर्गत सुकुलपुर स्थित छपाक वाटर पार्क के पास मंगलवार सुबह एक हृदयविदारक सड़क दुर्घटना हुई। एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे 18 वर्षीय किशोर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसकी मां गंभीर रूप से घायल हो गईं।मृतक की पहचान नालंदा जिले के नागरनौसा (उसवानपुर) निवासी प्रेम कुमार के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, प्रेम की मां विजया लक्ष्मी पटना के PMCH में नर्स के पद पर कार्यरत हैं। सुबह करीब सात बजे प्रेम अपनी मां की नाइट ड्यूटी खत्म होने के बाद उन्हें बाइक से घर लेकर लौट रहा था। इसी दौरान सुकुलपुर के पास एक अनियंत्रित वाहन ने उन्हें रौंद दिया। हादसे के बाद घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल विजया लक्ष्मी को गंभीर हालत में इलाज के लिए पटना भेजा। मृतक प्रेम अपने परिवार का बड़ा बेटा था; उसके पिता पंकज वर्मा पेशे से वाहन चालक हैं। जवान बेटे की मौत की खबर मिलते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और गांव में मातम पसरा हुआ है।स्थानीय लोगों ने बताया कि इस मार्ग पर तेज रफ्तार वाहनों के कारण अक्सर हादसे होते हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और अज्ञात वाहन की पहचान के लिए आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपी चालक की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है और जल्द ही उसे पकड़ लिया जाएगा।

# पटना में खगौल-नौबतपुर मार्ग पर स्कॉर्पियो और इनोवा की भीषण भिड़ंत

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के खगौल-नौबतपुर मुख्य मार्ग पर मंगलवार की सुबह दो लग्जरी कारों के बीच हुई सीधी टक्कर से हड़कंप मच गया। मंगलपुर क्षेत्र के नकटी भवानी शिव मंदिर के पास हुई इस दुर्घटना में स्कॉर्पियो और इनोवा के परखच्चे उड़ गए। हादसे में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिन्हें इलाज के लिए एम्स (AIIMS) पटना में भर्ती कराया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, दोनों वाहन काफी तेज गति में थे। मंदिर के समीप पहुंचते ही चालकों ने नियंत्रण खो दिया और दोनों गाड़ियां आपस में टकरा गईं। टक्कर की आवाज इतनी जोरदार थी कि आसपास के ग्रामीण घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े। वाहनों का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त होने के कारण घायल अंदर ही फंस गए थे। घटना की जानकारी मिलते ही राजमार्ग गश्ती दल (HPV-3) की टीम मौके पर पहुंची। जवानों ने स्थानीय लोगों के सहयोग से कड़ी मशक्कत के बाद घायलों को वाहनों से बाहर निकाला और तुरंत



अस्पताल भेजा। समय पर चिकित्सा सहायता मिलने के कारण घायलों की स्थिति अब खतरे से बाहर बताई जा रही है। दुर्घटना के बाद सड़क के बीचों-बीच क्षतिग्रस्त वाहनों के कारण लंबा जाम लग गया। पुलिस ने क्रेन की मदद से गाड़ियों को किनारे कराया, जिसके बाद यातायात सुचारु हो सका। नवीन कुमार ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है और घायलों की पहचान सुनिश्चित की जा रही है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि इस मार्ग पर गति सीमा पर नियंत्रण के लिए स्पीड ब्रेकर और संकेतक लगाए जाएं ताकि भविष्य में ऐसे हादसों को रोका जा सके।

# पटना में नशेड़ी दूल्हे की करतूत पड़ी भारी

**दुल्हन ने जयमाला से पहले शादी से किया इनकार, बैरंग लौटी बारात**

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के फुलवारी शरीफ प्रखंड के बभनपुरा गांव में मंगलवार की रात शादी की खुशियां उस समय हंगामे और मायूसी में बदल गईं, जब दुल्हन ने दूल्हे की नशे की लत को देखकर ऐतिहासिक फैसला लिया। स्मैक के नशे में धुत दूल्हे को देखकर दुल्हन ने शादी करने से साफ इनकार कर दिया, जिसके बाद बारात को बिना दुल्हन के ही वापस लौटना पड़ा। जानकारी के अनुसार, बारात पटना के मनेर इलाके से बभनपुरा पहुंची थी। गाजे-बाजे के साथ बारातियों का भव्य स्वागत किया गया और चारों ओर जश्न का माहौल था। जैसे ही जयमाला की रस्म के लिए दूल्हा मंच पर पहुंचा, उसके लड़खड़ाते कदम और अजीब व्यवहार ने सबका ध्यान खींचा। पास आने पर दुल्हन और उसके परिजनों को यह समझते देर नहीं लगी कि दूल्हा स्मैक के नशे में पूरी तरह धुत है। दूल्हे की हालत देख दुल्हन ने तुरंत स्टैंड लिया और स्पष्ट कह दिया कि वह किसी नशेड़ी व्यक्ति के साथ अपना जीवन बर्बाद नहीं करेगी। दुल्हन के इस साहसिक निर्णय का उसके माता-पिता और पूरे परिवार ने खुलकर समर्थन किया। उन्होंने कहा कि वे अपनी बेटी का भविष्य एक ऐसे व्यक्ति के हाथ में नहीं सौंप सकते जिसे नशे की गंभीर लत हो। शादी रुकने की खबर मिलते ही दोनों पक्षों के बीच काफी कहासुनी और हंगामा हुआ। मामले को शांत कराने के लिए गांव के प्रबुद्ध लोगों और स्थानीय पंचायत ने हस्तक्षेप किया, लेकिन दुल्हन अपने फैसले पर अडिग रही। अंततः, दूल्हा पक्ष को अपनी गलती स्वीकार करनी पड़ी और बारात को वापस ले जाना पड़ा। यह घटना अब पूरे इलाके में चर्चा का विषय बनी हुई है। सामाजिक कार्यकताओं ने दुल्हन की बहादुरी की सराहना करते हुए इसे नशामुक्ति और महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक बड़ा संदेश बताया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह फैसला उन परिवारों के लिए एक मिसाल है जो सामाजिक दबाव में गलत शादियां कर लेते हैं।

# पटना में मुआवजे की मांग को लेकर सड़क पर शव रख प्रदर्शन, दो घंटे तक यातायात ठप

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ फुलवारी शरीफ के स्थानीय टहल टोला के किशोर विशाल चौहान की मौत के बाद उपजा जनाक्रोश बुधवार को सड़क पर फूट पड़ा। एम्स पटना से पोस्टमार्टम के बाद जैसे ही विशाल का शव घर पहुँचा, परिजनों और स्थानीय लोगों ने मुआवजे की मांग को लेकर मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने शव को सड़क पर रखकर करीब दो घंटे तक जोरदार हंगामा किया, जिससे फुलवारी शरीफ, टमटम पड़ाव और जगदेव पथ को जोड़ने वाली सड़क पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं।मृतक के परिजनों का कहना है कि विशाल अपने गरीब परिवार का इकलौता चिराग था। आक्रोशित लोगों ने पीड़ित परिवार के लिए 20 लाख रुपये



मुआवजे की मांग की। जाम के कारण इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बना रहा और राहगीरों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। सड़क जाम की सूचना मिलते ही एसडीपीओ, फुलवारी शरीफ थाना अध्यक्ष, एयरपोर्ट थाना अध्यक्ष और बीडीओ दल-बल के साथ मौके पर पहुँचे। अधिकारियों ने प्रदर्शन कर रहे लोगों को काफी देर तक समझाया और सरकारी नियमानुसार हर संभव आर्थिक सहायता दिलाने का ठोस आश्वासन दिया। प्रशासनिक आश्वासन के बाद लोग शांत हुए और करीब दो घंटे बाद यातायात बहाल हो सका। शव के घर पहुँचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मां और बहन के करुण क्रंदन से पूरा मोहल्ला गमगीन हो गया। विशाल की अंतिम विदाई के दौरान सैकड़ों की भीड़ उमड़ी और हर आंख नम दिखी। प्रशासन स्थिति पर नजर बनाए हुए है, हालांकि पूरे क्षेत्र में अभी भी शोक और तनाव व्याप्त है।

# पटना में बीमार गृहस्वामी को लगा था सलाइन, चोरों ने हवेली में घुसकर की चोरी

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ से सटे फुलवारी शरीफ थाना क्षेत्र के लाल मियां की दरगाह संगी मस्जिद इलाके में सोमवार की आधी रात चोरों ने एक दुस्साहसिक वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने पूर्व मुखिया स्व. कबीर मुखिया के पुराने हवेलीनुमा घर को निशाना बनाया। हैरान करने वाली बात यह है कि जिस वक्त चोरी हो रही थी, गृहस्वामी सैयद अहमद शरीफ उर्फ बाबू भाई बीमार हालत में सलाइन पर थे और परिवार के अन्य सदस्य सो रहे थे। चोरों ने चारदीवारी फांदकर छत के रास्ते घर में प्रवेश किया। सीसीटीवी फुटेज में एक संदिग्ध आधी रात को दीवार पार कर अंदर घुसता साफ



दिखाई दे रहा है। पीड़ित बाबू भाई, जो फुलवारी शरीफ बाजार में 'मीनार क्लॉथ' के संचालक हैं, ने बताया कि चोर छत पर रखी करीब 50 किलो लोहे की छड़ें और परिसर में लगे पेड़ से 60-70 किलो मालदह आम चोरी कर ले गए। पीड़ित का कहना है कि वे पटना हाईकोर्ट के पूर्व चर्चित जज स्व. सैयद नैयर हुसैन के चचेरे भाई हैं, इसके बावजूद पुलिस का रवैया बेहद उदासीन है। लिखित शिकायत के बाद भी न तो कोई टीम जांच के लिए पहुँची और न ही डॉग स्क्वॉड या एफएसएल को बुलाया गया। इस निष्क्रियता से स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है। लोगों का आरोप है कि पुलिस की ढिलाई से अपराधियों के हौसले बुलंद हो रहे हैं। मामले को लेकर फुलवारी शरीफ थाना अध्यक्ष मोहम्मद गुलाम शाहबाज आलम ने बताया कि चोरी का आवेदन प्राप्त हुआ है। सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर चोरों की पहचान की जा रही है और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# ट्राई ने दूरसंचार उपभोक्ता संरक्षण मसौदा विनियम पर टिप्पणियां भेजने की बढ़ाई समयसीमा

नई दिल्ली: भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण ने दूरसंचार उपभोक्ता संरक्षण (तेरहवां संशोधन) विनियम, 2026 के मसौदे पर हितधारकों से टिप्पणियां आमंत्रित करने की समयसीमा बढ़ा दी है।

ट्राई ने 7 अप्रैल 2026 को अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर इस मसौदा संशोधन को जारी किया था। पहले लिखित टिप्पणियां भेजने की निर्धारित अंतिम तिथि अब बढ़ाकर 5 मई 2026 कर दी गई है।

प्राधिकरण के अनुसार विभिन्न हितधारकों और उनके संगठनों द्वारा समयसीमा बढ़ाने के अनुरोध प्राप्त हुए थे, जिन्हें ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है।

इसके अलावा, कुछ हितधारकों के अनुरोध पर ट्राई ने प्रति-टिप्पणियां (काउंटर कमेंट्स) प्रस्तुत करने की अनुमति भी दी है। प्रति-टिप्पणियां भेजने की अंतिम तिथि 12 मई 2026 निर्धारित की गई है।

ट्राई ने कहा है कि टिप्पणियां और प्रति-टिप्पणियां अधिमानतः इलेक्ट्रॉनिक माध्यम सेdiv@trai.gov.in ईमेल आईडी पर भेजी जाएं।

इस संबंध में किसी भी प्रकार की जानकारी या स्पष्टीकरण के लिए सलाहकार (वित्त एवं आर्थिक विकास) से दूरभाष नंबर 011-20907773 पर संपर्क किया जा सकता है।

प्राधिकरण ने स्पष्ट किया है कि इस प्रक्रिया के लिए आगे कोई अतिरिक्त समय विस्तार नहीं दिया जाएगा।

# निगरानी की बड़ी कार्रवाई: 2.50 लाख रिश्वत लेते विश्वविद्यालय के सहायक कुल सचिव गिरफ्तार

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ भ्रष्टाचार के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में निगरानी अन्वेषण ब्यूरो ने मंगलवार को बड़ी सफलता हासिल की है। टीम ने मीठापुर स्थित मौलाना मजहरूल हक अरबी एवं फारसी विश्वविद्यालय के सहायक कुल सचिव मोहम्मद सनाउल्लाह खान को उनके कार्यालय से ही 2 लाख 50 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। इस औचक कार्रवाई से पूरे विश्वविद्यालय परिसर में हड़कंप मच गया। मामले का खुलासा समस्तीपुर जिले के रोसड़ा निवासी परिवादी रामानंद महतो की शिकायत के बाद हुआ। परिवादी ने निगरानी विभाग को बताया था कि विश्वविद्यालय के KRC-402 और 403 के छात्रों का परीक्षाफल तो प्रकाशित हो गया था, लेकिन उनके प्रैक्टिकल के अंक नहीं जोड़े गए थे। इसी लंबित परिणाम को जारी करने और अंकों को अपडेट करने के एवज में सहायक कुल सचिव द्वारा भारी रकम की मांग की जा रही थी।शिकायत के सत्यापन के बाद निगरानी विभाग ने कांड संख्या 046/26 दर्ज कर पुलिस उपाधीक्षक श्याम बाबू प्रसाद



के नेतृत्व में एक विशेष धावादल का गठन किया। योजनाबद्ध तरीके से जाल बिछाकर टीम ने आरोपी को उस वक्त दबोच लिया जब वह रिश्वत की पहली किस्त स्वीकार कर रहा था। निगरानी अधिकारियों के अनुसार, आरोपी से पूछताछ जारी है और यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि इस खेल में सिंडिकेट के अन्य सदस्य कौन हैं। आवश्यक कानूनी कागजी कार्रवाई पूरी करने के बाद सहायक कुल सचिव को विशेष न्यायालय (निगरानी), पटना में पेश किया जाएगा। इस कार्रवाई ने एक बार फिर शिक्षा जगत में व्याप्त भ्रष्टाचार को उजागर कर दिया है।

# पटना में फर्जी फ्लैट रजिस्ट्री मेंपूर्व डीसीएलआर मैत्री सिंह समेत तीन के खिलाफ वारंट जारी

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ व्यवहार न्यायालय ने बहुचर्चित फर्जी फ्लैट रजिस्ट्री मामले में कड़ा रुख अपनाते हुए पूर्व डीसीएलआर मैत्री सिंह, उनके पिता लाल नारायण सिंह और ममेरे भाई कान्तेश रंजन उर्फ पिंकू के खिलाफ जमानती वारंट जारी किया है। कांड संख्या 3211/2025 में यह कार्रवाई पूर्व में जारी समन की अवहेलना करने के कारण की गई है। पीड़ित पक्ष के अधिवक्ता सत्यप्रकाश नारायण के अनुसार, यह मामला गोपालपुर थाना क्षेत्र के एकतापुरम स्थित 'छत्रपति शिवाजी ग्रीन्स अपार्टमेंट' के फ्लैट संख्या 603 की अवैध रजिस्ट्री से जुड़ा है। आरोप है कि फ्लैट के वास्तविक स्वामी नागेश्वर सिंह स्वराज की अनुपस्थिति और उनके 95 वर्षीय वृद्ध पिता की अस्वस्थता का लाभ उठाते हुए साजिश रची गई। निर्माणकर्ता कंपनी 'रुक्मणी बिल्डटेक लिमिटेड' के निदेशकों के साथ मिलीभगत कर कान्तेश रंजन को फर्जी मालिक बनाया गया और फिर गैरकानूनी तरीके से रजिस्ट्री लाल नारायण सिंह के नाम कर दी गई। जांच में यह बात सामने आई है कि 11 नवंबर 2023 को पटना सदर डीसीएलआर का पदभार संभालने के कुछ ही दिन बाद मैत्री सिंह ने अपनी निजी कंपनी 'लंघौरा रियल एस्टेट प्राइवेट लिमिटेड' का पंजीकरण कराया। इसके अगले ही दिन संबंधित फ्लैट की संदिग्ध रजिस्ट्री की गई। न्यायालय ने इस मामले की अगली सुनवाई 20 जून को निर्धारित की है। इस प्रकरण ने प्रशासनिक अधिकारियों की कार्यशैली और बिल्डरों के साथ साठगांठ पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। पुलिस अब वारंट के आधार पर आगे की कानूनी प्रक्रिया में जुट गई है।